सूर्योदय प्रातः 5:14 | सूर्यास्त संध्या 6:37 | पखवाड़ा आषाढ़ शु . सप्तमी, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 28° न्यूनतम 23°

फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, मंगलवार, 21 जुलाई 2026, वर्ष : 17, अंक : 157, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions

रांची पहली बार करेगी 135वें डूरंड कप-2026 की मेजबानी, स्टेडियम में कड़े सुरक्षा इंतजाम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड की राजधानी रांची पहली बार एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट के 135वें एडिशन डूरंड कप-2026 की मेजबानी करने जा रही है। राज्य सरकार के पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग ने इसे झारखंड के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है।26 जुलाई से शुरू रहे मैच का शुभारम्भ मुख्यमंत्री हेमन्त करेंगे। इसके लिए खेल निदेशालय ने व्यापक तैयारियां कर ली हैं। उक्त जानकारी खेल निदेशक छवि रंजन ने बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी। इस अवसर पर इंडियन आर्मी के प्रतिनिधि मनोज कुमार झा भी मौजूद रहे।

- 26 जुलाई को मैच के साथ होगा प्रतियोगिता का आगाज
- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन करेंगे आयोजन का उद्घाटन
- फ्री टिकट की व्यवस्था की है राज्य सरकार ने
- स्टेडियम में बने काउंटर से नि:शुल्क टिकट लेकर लोग देख पायेंगे मैच

दर्शकों के लिए होगी फ्री टिकट की व्यवस्था

छवि रंजन ने कहा कि मैच देखने के लिए नि:शुल्क टिकट की व्यवस्था की गयी है। राज्य सरकार की तरफ मैच देखने के लिए नि:शुल्क टिकट की व्यवस्था की गयी है। मैच देखने के लिए एक भी पैसे देने की जरूरत नहीं है।

मैच के लिए 22 जुलाई से 16 अगस्त 2026 तक नि:शुल्क टिकट वितरित किये जायेंगे। टिकट सुबह 11 बजे से शाम 04 बजे तक मिलेंगे और एक व्यक्ति को अधिकतम चार टिकट दिये जायेंगे। स्टेडियम परिसर में गेट नम्बर 11 से 13 के बीच 10 काउंटर तथा गेट नम्बर 23 के पास दो अतिरिक्त काउंटर बनाये गये हैं। प्रशासन ने दर्शकों से अपील की है कि वे मैच शुरू होने से कम से कम एक घंटे पहले स्टेडियम पहुंचें। सुरक्षा जांच को देखते हुए देर से आनेवाले दर्शकों को असुविधा हो सकती है। नियमों का उल्लंघन करनेवालों को प्रवेश से वंचित किया जा सकता है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में छवि रंजन ने कहा कि वर्ष 1888 में शुरू हुआ डूरंड कप एशिया का सबसे पुराना और दुनिया का तीसरा सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट है। रांची में आयोजित इसके 135वें संस्करण में 24 टीमें पांच मेजबान शहरों में खिताब के लिए मुकाबला करेंगी। प्रतियोगिता में इंडियन सुपर लीग (क्रछ), आई-लीग के क्लबों के साथ भारतीय सशस्त्र बलों और विदेशी सैन्य टीमों की भागीदारी होगी।

स्टेडियम में सख्त सुरक्षा व्यवस्था

टूर्नामेंट के दौरान सुरक्षा को लेकर कड़े दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। दर्शकों को हथियार, पटाखे, बड़े बैग, बाहरी खाद्य सामग्री, ● शेष पृष्ठ 11 पर

मॉनसून सत्र के पहले दिन सदन में हुआ जम कर हंगामा, कार्यवाही रही प्रभावित

हंगामे की भेंट चढ़े प्रश्नकाल व शून्यकाल

एजेंसी

नयी दिल्ली : संसद के मानसून सत्र का पहला दिन सोमवार को विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गया। राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी, नीट एवं अन्य परीक्षाओं में पेपर लीक, जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के मुद्दे समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष के लगातार विरोध के कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बार-बार बाधित हुई। अंततः दोनों सदनों की कार्यवाही मंगलवार सुबह तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

इसी बीच लोकसभा में सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 33 से बढ़ाकर 37 करने सम्बन्धी 'सुप्रीम कोर्ट (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक, 2026' पेश किया गया। वहीं, राज्यसभा में 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रगान के समान सम्मान देने से सम्बन्धित विधेयक राज्यसभा में पेश नहीं हो सका।

संसद परिसर के बाहर भी विभिन्न संगठनों के प्रदर्शन के चलते सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही और संसद भवन की ओर आने-जानेवाले मार्गों पर आवाजाही प्रभावित हुई।

लोकसभा की कार्यवाही प्रारम्भ होते ही अध्यक्ष ने कतर के पूर्व अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी सहित छह पूर्व सदस्यों के निधन पर शोक व्यक्त किया। श्रद्धांजलि के बाद सदन की कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे तक और फिर तीन बार थोड़े अंतराल के लिए स्थगित होने के बाद तीन बजे पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गयी। इसी दौरान केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ● शेष पृष्ठ 11 पर

- नीट पेपर लीक मुद्दे पर विपक्ष का जोरदार विरोध
- दोनों सदनों की कार्यवाही हुई बाधित

पहले दिन नीट और राम मंदिर चढ़ावा मुद्दा रहा गर्म

संसद के मॉनसून सत्र के पहले दिन सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष ने नीट-यूजी पेपर लीक, अयोध्या के श्रीराम मंदिर चढ़ावा चोरी सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर जोरदार हंगामा किया। शोर-शराबे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही लगातार स्थगित होती रही। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नीट-यूजी पेपर लीक का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जंतर-मंतर पर अपनी मांगों को लेकर एकत्र हुए छात्रों की ● शेष पृष्ठ 11 पर

प्रधानमंत्री ने सांसदों से की सार्थक चर्चा की अपील

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को मॉनसून सत्र से पूर्व सभी सांसदों से सदन की कार्यवाही में बढ़-कर कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा है कि तर्क और तथ्य मजबूत होने पर शांत चित्त से भी अपनी आवाज को बुलंद की जा सकती है। उन्होंने कहा कि संसद की जिम्मेदारी है कि चर्चा समृद्ध हो, हर आवाज को स्थान मिले और हर विचार को सम्मान मिले। संसद का मॉनसून सत्र आज से शुरू हो रहा है। प्रत्येक सत्र से ● शेष पृष्ठ 11 पर

मुख्यमंत्री ने वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की

वन क्षेत्रों का टेक्निकल व डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करें : हेमन्त सोरेन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को झारखंड मंत्रालय में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। बैठक में राज्य के वन संसाधनों के संरक्षण, विकास और वैज्ञानिक प्रबंधन को नयी दिशा प्रदान किये जाने को लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य गठन के बाद से अब तक के सभी वन क्षेत्रों का टेक्निकल एवं डिजिटल रिकॉर्ड एक माह के भीतर तैयार किया जाये। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था विकसित हो, जिससे एक क्लिक पर पूरे राज्य के वन क्षेत्रों का अवलोकन कर उनके वास्तविक स्वरूप, संरचना और वर्तमान स्थिति की जानकारी उपलब्ध हो सके, इसके लिए वन क्षेत्रों के डिजिटल मैप की लेयरिंग सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिये गये। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य निर्माण के बाद वन क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। कहीं वनों का विस्तार हुआ है, तो कहीं इको-टूरिज्म परियोजनाएं और गेस्ट हाउस विकसित हुए हैं। दूसरी ओर, वनों की कटाई, खनन क्षेत्रों के विस्तार तथा वन्यजीव अभयारण्यों एवं राष्ट्रीय उद्यानों की सीमाओं में भी बदलाव देखने को मिले हैं। ऐसे में वन क्षेत्रों का अद्यतन एवं वैज्ञानिक डिजिटल दस्तावेज तैयार करना समय की आवश्यकता है।

सीएम ने कहा

- पौधरोपण कार्य उपयोगिता आधारित एवं स्थानीय इको सिस्टम के अनुरूप हो
- वन पट्टा के लम्बित मामलों का शीघ्र निष्पादन प्राथमिकता
- काजू, बैम्बू सहित विभिन्न व्यावसायिक खेती पर करें फोकस
- प्राकृतिक सम्पदा, घने जंगल, वन्यप्राणी एवं समृद्ध जैव विविधता झारखंड की पहचान
- झारखंड में इको टूरिज्म की असीम सम्भावनाएं, बेहतर प्लान के साथ आगे बढ़ने की जरूरत

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि वनों की सुरक्षा और उनका सतत विकास राज्य की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके लिए बड़े पैमाने पर पौधरोपण अभियान चलाने तथा सूखे एवं अनुपयोगी पेड़ों की वैज्ञानिक तरीके से कटाई की योजना तैयार करने के निर्देश दिये, ताकि अधिक से अधिक नये पौधे लगाये जा सकें और हरित आवरण में निरन्तर वृद्धि हो।

बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वन क्षेत्रों में हेलीकॉप्टर के माध्यम से बीज गिरा कर वन क्षेत्रों के विकास के लिए एक बेहतर कार्य योजना तैयार करने, जंगली हाथियों के हमलों से मृत व्यक्तियों के आश्रितों तथा क्षतिग्रस्त फसल एवं घरों के मुआवजा भुगतान में तत्परता बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि झारखंड में इको टूरिज्म की असीम सम्भावनाएं हैं। अतएव इस निमित्त एक बेहतर प्लान के साथ आगे बढ़ें। वन विभाग तथा पर्यटन विभाग समन्वय स्थापित कर इको टूरिज्म के विकास को गति प्रदान करें।

पौधरोपण कार्य उपयोगिता आधारित और स्थानीय इको सिस्टम के अनुरूप हो

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने वन विभाग के ● शेष पृष्ठ 11 पर

महाराष्ट्र के वर्धा जिले में समृद्धि हाइवे पर हादसे में छह लोगों की मौत

एजेंसी

मुम्बई : महाराष्ट्र के वर्धा जिले के सालोद में समृद्धि हाइवे पर सोमवार तड़के हुए विचित्र सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में एक ही परिवार के चार लोग और दूसरे वाहन के ड्राइवर और क्लीनर शामिल हैं। सूचना पाकर पुलगांव पुलिस और हाइवे पुलिस की टीम मौके पर पहुंचीं। वर्धा जिले के पुलिस अधीक्षक सौरभ अग्रवाल ने पत्रकारों को बताया कि समृद्धि हाइवे पर नागपुर जानेवाले रास्ते पर एक इथेनॉल ट्रक पलटने से

ट्रैफिक जाम हो गया था। इसलिए, गाड़ियों को धीरे-धीरे दूसरी लेन में निकाला जा रहा था। इसी बीच, पीछे से आ रहे मिर्च से भरे एक आयशर ट्रक ने एक कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार ट्रक के नीचे दब गई। इसी दौरान ट्रक में आग लग गयी। इस आग की लपटों में झुलस कर ट्रक ड्राइवर और क्लीनर की मौत हो गयी। ट्रक के नीचे दबी कार में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतकों की पहचान कार सवार अंकुश राउत, राजेश टिपले, जान्हवी टिपले और सुषमा टिपले, आयशर ट्रक ड्राइवर संजय कुमार और क्लीनर समरजीत पाल के रूप में हुई है।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में भूस्खलन और फ्लैश बाढ़ से 07 लोगों की मौत

एजेंसी

पुंछ : जम्मू-कश्मीर के बारिश से प्रभावित पुंछ जिले के लोरान गांव के ऊंचे इलाकों में सोमवार को ताजा भूस्खलन की चपेट में आने से एक घर में मौजूद सात लोगों की मौत हो गयी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भूस्खलन की चपेट में आया घर मिट्टी का बना था। बचाव अभियान चल रहा है। उन्होंने बताया कि मरनेवालों में चार महिलाएं भी हैं। यहां शनिवार शाम से ही पुंछ में जोरदार बारिश हो रही है। लोरान में मारे गये सात लोगों समेत अब तक

कुल 15 लोगों की मौत हो चुकी है और छह लोग लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है।

फरार हार्डकोर उग्रवादी नरेश गंझू गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चतरा : पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के वांछित उग्रवादी नरेश गंझू उर्फ रविकांत को गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी लावालौंग थाना क्षेत्र के मंधनिया गांव के समीप जंगल से की गयी। आरोपित हत्या, रंगदारी, पुलिस पर हमला, अवैध हथियार रखने सहित कई गम्भीर मामलों में लम्बे समय से फरार चल रहा था।

सोमवार को प्रेस वार्ता में सिमरिया एसडीपीओ नागरगोजे शुभम भाऊसाहब ने बताया कि गुप्त

सूचना मिली थी कि रविकांत अपने पैतृक गांव लावालौंग के मंधनिया आया हुआ है। सूचना के आधार पर विशेष नक्सल विरोधी अभियान चलाकर पुलिस टीम ने घेराबंदी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। रविकांत के विरुद्ध चतरा और लातेहार जिले के विभिन्न थानों में कुल छह आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें बालूमाथ थाना में दो, लावालौंग थाना में दो, कुंदा थाना में एक तथा सिमरिया थाना में एक मामला शामिल है। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, रंगदारी, पुलिस बल पर हमला, अपहरण, आर्म्स एक्ट, सीएलए एक्ट और यूएपीए की धाराओं के तहत केस दर्ज हैं। एसडीपीओ शुभम भाऊसाहब ने कहा कि जिले में उग्रवादी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नक्सल विरोधी अभियान लगातार जारी रहेगा।

संसद मार्च के दौरान विजय चौक तक पहुंचे प्रदर्शनकारी, पुलिस से झड़प

एजेंसी

नयी दिल्ली : नीट पेपर लीक और बढ़ती बेरोजगारी के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के आह्वान पर निकला संसद मार्च सोमवार को लाठीचार्ज के बावजूद प्रदर्शनकारी विजय चौक और रेल भवन तक पहुंच गये, जिससे तनाव की स्थिति निर्मित हो गयी। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प की स्थिति बनने के बाद संसद भवन की सुरक्षा और कड़ी कर दी गयी। एहतियातन संसद के कुछ प्रवेश द्वार बंद कर दिये गये और पूरे इलाके को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया। इसी बीच खबर है कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से शिक्षा मंत्री प्रधान प्रधान ने मुलाकात की है। हजारों की संख्या में

- एहतियातन संसद के प्रवेश द्वार किये गये बंद, सुरक्षा बढ़ायी
- धारा 163 लागू, उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी
- शाह से मिले शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान

प्रदर्शनकारियों के संसद परिसर के निकट पहुंचने से सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर आ गयीं। साउथ गेट सहित संसद की दो प्रमुख एंट्रियां अस्थायी रूप से बंद कर दी गयीं। वहीं, रेल भवन और ट्रांसपोर्ट भवन के आसपास पुलिस ने टियर गैस के गोले छोड़े और लगातार सार्वजनिक घोषणाओं के माध्यम से प्रदर्शनकारियों को पीछे हटने की चेतावनी दी। विजय चौक, रायसीना रोड और संसद मार्ग पर सीआरपीएफ, अर्धसैनिक बलों और संसद सुरक्षा बल की भारी तैनाती की गयी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पूरे संसद परिसर को सुरक्षा की दृष्टि से अभेद्य घेरा प्रदान किया गया।

छात्रों पर लाठीचार्ज लोकतंत्र के खिलाफ : राहुल

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट-यूजी समेत विभिन्न परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक और प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर सरकार पर छात्रों की आवाज दबाने और दोषियों को बचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के सबसे युवा-विरोधी प्रधानमंत्री हैं। अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज करना और आंसू गैस का इस्तेमाल लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। राहुल गांधी ने सोमवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी युवाओं की है, लेकिन सरकार उनके अधिकारों की रक्षा करने के बजाय उनकी आवाज दबाने का काम कर रही है। दिल्ली की सड़कों पर उतरे छात्र अपराधी नहीं, बल्कि अपने अधिकारों की मांग कर रहे हैं। उनकी मांग है कि उन्हें

पुलिस ने संसद की ओर बढ़ रहे सीजेपी प्रदर्शनकारियों को बीच में ही रोका

- **सीजेपी प्रमुख अभिजीत दीपके ने खत्म की भूख हड़ताल**

संसद के मॉनसून सत्र के पहले दिन दिल्ली के जंतर-मंतर पर संसद मार्च के लिए जुटे कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच सोमवार को टकराव हो गया। प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। इस दौरान धक्का-मुक्की हुई तथा कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। बाद में सीजेपी प्रमुख अभिजीत दीपके ने पानी पीकर अपना अनशन समाप्त कर दिया। प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर से संसद भवन की ओर मार्च निकालना चाहते थे। पुलिस का कहना था कि मार्च की अनुमति नहीं ली गयी थी, इसलिए उन्हें आगे बढ़ने की इजाजत नहीं दी गयी।

दिल्ली पुलिस की प्रदर्शनकारियों से शांति बनाये रखने की अपील

दिल्ली पुलिस ने कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शनकारियों से शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन करने और किसी भी तरह की हिंसक या गैर-कानूनी गतिविधि से दूर रहने की अपील की है। साथ ही, आम लोगों से सोशल मीडिया पर फैलनेवाली अफवाहों और अपुष्ट सूचनाओं पर विश्वास न करने तथा उन्हें साझा न करने की सलाह दी है। दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (जनसम्पर्क) राजीव रंजन ने सोमवार को एक बयान में कहा कि दिल्ली पुलिस सभी प्रदर्शनकारियों से संयम बरतने तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करने का अनुरोध करती है।

एक झलक

पीपल का पेड़ घर पर गिरा, घर-ऑटो क्षतिग्रस्त

जहानाबाज में रविवार रात की घटना, पूर्व मुखिया ने दिया सहयोग का भरोसा

बेड़ो : प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के जहानाबाज गांव में रविवार की रात लगभग आठ बजे एक विशाल पीपल का पेड़ सुनीता देवी पति शंकर गोप के घर के ऊपर गिर गया। वहीं पेड़ के गिरने से घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही घरेलू सामान और घर के शेड में खड़ा ऑटो और बगल में निर्माणधीन हनुमान मंदिर को नुकसान पहुंचा है। जमनी व जहानाबाज गांव के बीच आवागमन भी बंद हो गया है।गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। इधर घटना की सूचना मिलते ही पूर्व मुखिया व युवा नेता सुनील कच्छप पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने आपदा प्रबंधन के तहत पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने दूरभाष के माध्यम से अंचल अधिकारी से बात कर गरीब मजदूर पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने की बात कही।

ग्रामीण बैंक ककरिया ने किया वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन

लापुंग : झारखंड ग्रामीण बैंक, ककरिया शाखा द्वारा उच्च विद्यालय, दोलैचा में री-केवाईसी एवं वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों के बीच बैंकिंग सेवाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। वित्तीय समावेशन के अंतर्गत नया बचत खाता खोलने, किसान क्रेडिट कार्ड हेतु नए आवेदन स्वीकार करने तथा विभिन्न बैंकिंग योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही पूर्व से खाताधारकों का री-केवाईसी कार्य भी किया गया। कार्यक्रम में झारखंड ग्रामीण बैंक, ककरिया शाखा के बैंककर्मी प्रियनारायण झा, क्षेत्रीय कार्यालय, रांची से पधारीं वित्तीय समावेशन प्रबंधक अंचिता चाकी, एफएलसी काउंसलर नूपुर तथा अन्य बैंक कर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुँच बढ़ाना, वित्तीय साक्षरता को प्रोत्साहित करना तथा अधिक से अधिक लोगों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ना था।

दिनदहाड़े ग्लैमर मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला आया सामने

बुढ़मू : ठाकुरगांव बाजारटांड स्थित पोस्ट ऑफिस गली से सोमवार को दिनदहाड़े एक ग्लैमर मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, चोरी हुई बाइक ग्लैमर जेएच 01 सीआर 4592 प्रमोद साहू की है। प्रमोद साहू बाजार आए थे और पोस्ट ऑफिस गली के पास अपनी बाइक खड़ी की थी। जब वे वापस लौटे तो वहां से उनकी बाइक गायब मिली। काफी खोजबीन के बावजूद बाइक का कोई सुराग नहीं मिलने पर उन्होंने ठाकुरगांव थाना पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित आवेदन दिया और वाहन की बरामदगी तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

विधायक ने पीसीसी पथ का किया उद्घाटन

खूंटी : मुरहू प्रखंड की बिंदा पंचायत अंतर्गत रोड़ो कुबाटोला में विधायक मद से निर्मित पीसीसी पथ का उद्घाटन सोमवार को खूंटी विधायक रामसूर्या मुंडा ने फीता काटकर किया। सड़क निर्माण पूरा होने से ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिली है और विशेषकर बरसात के दिनों में होने वाली परेशानी से राहत मिली है। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दौरान सड़क की स्थिति इतनी खराब हो जाती थी कि बाइक और साइकिल से भी चलना मुश्किल हो जाता था। लंबे समय से पीसीसी सड़क की मांग की जा रही थी।

नाबार्ड के 45वें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में झारखंड के जीआई उत्पादों को बढ़ावा देने के विषय पर हुआ कार्यक्रम

उत्पादों के व्यापक प्रचार-प्रसार व बाजार उपलब्ध कराने पर बल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : नाबार्ड के 45वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में झारखंड के जीआई उत्पादों को बढ़ावा देने के विषय पर आयोजित कार्यक्रम में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। चैम्बर अध्यक्ष ने नाबार्ड को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण, स्वयं सहायता समूहों, किसान उत्पादक संगठनों तथा ग्रामीण उद्यमिता को प्रोत्साहित करने में नाबार्ड की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। झारखंड

की वास्तविक पहचान केवल खनिज संपदा नहीं, बल्कि यहाँ की समृद्ध संस्कृति, पारंपरिक शिल्प एवं जनजातीय विरासत है। उन्होंने कहा कि भागलपुरी साड़ी एवं फैब्रिक्स, कुचाई सिल्क, केसरिया कलाकंद, डोकरा शिल्प, जनजातीय आभूषण एवं बाँस शिल्प सहित झारखंड के 11 उत्पादों को जीआई टैग मिलना पूरे राज्य के लिए गौरव का विषय है। चैम्बर अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड चैंबर राज्य के जीआई उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुँचाने के लिए हरसंभव सहयोग करेगा। इसके लिए उत्पादों के आकर्षक पैकेजिंग तथा प्रभावी मार्केटिंग पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म एवं ई-कॉमर्स के माध्यम से स्थानीय कारीगरों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़कर उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने नाबार्ड, झारक्राफ्ट एवं उद्योग विभाग को आश्वस्त किया कि झारखंड चैंबर बाजार उपलब्ध कराने, ग्रामीण उद्यमियों के मार्गदर्शन तथा अपने सदस्य प्रतिष्ठानों के माध्यम से जीआई उत्पादों को कॉरपोरेट गिफ्टिंग एवं रिटेल बाजार में बढ़ावा देने के लिए पूर्ण सहयोग देगा। उन्होंने यह भी कहा कि वियतनाम में बाँस से निर्मित फैब्रिक एवं अन्य उत्पादों का बड़े पैमाने पर उपयोग हो रहा है, जिससे स्थानीय कारीगरों और उद्योगों को व्यापक आर्थिक लाभ मिल रहा है। झारखंड भी इस दिशा में उल्लेखनीय संभावनाएँ रखता है। कार्यक्रम में झारक्राफ्ट की प्रबंध निदेशक गरिमा सिंह, आरबीआई की क्षेत्रीय निदेशक रक्षा मिश्रा, नाबार्ड झारखंड की मुख्य महाप्रबंधक दीपमाला घोष, एसएलबीसी के महाप्रबंधक गुरु प्रसाद गोंड सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूहों के सदस्य, कारीगर एवं उद्यमी उपस्थित थे।

पतरातू स्टेशन के निकट मालगाड़ी से कट कर युवक ने की आत्महत्या

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

पतरातू : पतरातू रेलवे स्टेशन के निकट सोमवार की सुबह मालगाड़ी से कटकर एक स्थानीय युवक ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान रेलवे कॉलोनी निवासी शिवा भुईया (30 वर्ष) पिता स्वर्गीय चरकु भुईया के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार पतरातू स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक के निकट ट्रैक पर युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने पर सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी पर आसपास के लोग जुट गए। मृतक की शिनाख्त होने पर परिजनों को इसकी जानकारी दी गई। वहीं मामले की सूचना मिलते ही आरपीएफ इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। रेल परिचालन सुचारू रखने हेतु शव को ट्रैक से हटाकर किनारे रख दिया गया और मामले की जानकारी जीआरपी को दे दी गई। घटना सोमवार की सुबह 06:00 से 06:30 बजे की बताई जाती है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। मृतक के भाई से पूछे जाने पर उसने किसी प्रकार के घरेलू विवाद से इन्कार किया है। उसने बताया कि शिवा सुबह-सुबह बिना बताए घर से निकल गया था। सुबह तकरीबन 08:30बजे फोन पर जानकारी मिली की उसने मालगाड़ी के नीचे आकर आत्महत्या कर ली है। बहराल, खबर लिखे जाने तक शव का उठाव नहीं किया जा सका है। जांच पड़ताल के बाद ही आत्महत्या की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

रामगढ़ में वैक्सीन प्रिवेंटेबल डिजीज सर्विलांस पर दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

बोकारो और रामगढ़ के स्वास्थ्य कर्मी ले रहे हैं प्रशिक्षण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : सिविल सर्जन कार्यालय, रामगढ़ के सभागार में आज वैक्सीन प्रिवेंटेबल डिजीज सर्विलांस (टीकाकरण से रोकी जा सकने वाली बीमारियां) पर दो दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यशाला का भव्य शुभारंभ हुआ। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के तहत आयोजित यह प्रशिक्षण 20 जुलाई और 21 जुलाई 2026 तक संचालित किया जाएगा, जिसमें मुख्य रूप से रामगढ़ और बोकारो जिले के स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मी भाग ले रहे हैं। कार्यशाला का उद्घाटन प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. स्वराज की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर उन्होंने

सर्विलांस प्रणाली को मजबूत करने और समय पर बीमारियों की पहचान कर उन्हें रोकने पर विशेष जोर दिया। विशेषज्ञों द्वारा दिए जा रहे इस दो दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण में विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसआरटीएल डॉ. अमरेंद्र सिंह और एसएमओ डॉ. सुधानंद द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को वीपीडी सर्विलांस के नवीनतम दिशानिदेशों, डेटा प्रबंधन और फील्ड मॉनिटरिंग के गुर सिखाए जा रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने और तकनीकी सहयोग प्रदान करने के लिए राज्य स्तरीय टीम विशेष रूप से उपस्थित रही। इसमें मुख्य रूप से डॉ. प्रवीण कर्ण, राज्य महामारी विशेषज्ञ, सौरभ सिंह राज्य डेटा प्रबंधक, डॉ. अंजली राज्य जीव वैज्ञानिक रामगढ़ और बोकारो जिले के सभी प्रोग्राम पदाधिकारियों, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारियों सहित दोनों जिले की जिला सर्विलेंस इकाई तथा जिला प्रतिरक्षण इकाई के साथ-साथ सभी जिला एवं ब्लॉक इपिडेमोलॉजिस्ट ने भी भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य दोनों जिलों में स्वास्थ्य तंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाना है ताकि खसरा, रूबेला, टिटनेस और काली खांसी जैसी गंभीर बीमारियों की निगरानी और रोकथाम पूरी मुस्तैदी से की जा सके।

बढ़े हुए बिजली बिल पर फूटा लोगों का गुस्सा, बिजली कार्यालय का किया घेराव

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

भुरकुंडा : क्षेत्र के महुआ टोला के दर्जनों ग्रामीणों ने अत्यधिक बिजली बिल मिलने से नाराज होकर सोमवार को बिजली विभाग के कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप था कि कई उपभोक्ताओं को वास्तविक खपत से कई गुना अधिक बिजली बिल भेज दिया गया है, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले जहां उनका मासिक बिजली बिल सामान्य आता था, वहीं इस बार कई उपभोक्ताओं को हजारों रुपये का बिल थमा दिया गया। कई लोगों का कहना है कि स्मार्ट मीटर रीडिंग लगाने के बाद ही विभाग द्वारा गड़बड़ी या विभागीय लापरवाही के कारण गलत बिल जारी किए गए हैं। इसे

लेकर लोगों में भारी नाराजगी है। आक्रोशित ग्रामीणों महिलाएं पुरुष ने बिजली कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों से गलत बिलों को तत्काल सुधारने और उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कुछ देर तक कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल रहा। बाद में विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को उनकी शिकायतों की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन शांत हुआ। मौके पर विकाश पटेल, ताजमुल अंसारी, निजामुल हक, दीपक महतो, दिनेश महतो, इकरामुल अंसारी, जागेश्वर बेदिया, राजेश महतो, नौशाद आलम, जुगेश महतो, अरुण बेदिया, मोहम्मद नईम, कार्तिक महतो, जलील अंसारी, डब्लू बेदिया, इरफान अंसारी सहित कई महिला पुरुष मौजूद थे।

विधायक ममता देवी के प्रयास से रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विद्यालयों में बनेंगे मल्टी स्पोर्ट कोर्ट

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

दुलमी (रामगढ़): रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को आधुनिक खेल सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए स्थानीय विधायक ममता देवी के प्रयास से विभिन्न विद्यालयों में मल्टी स्पोर्ट कोर्ट निर्माण की निविदा जारी कर दी गई है। जिन विद्यालयों में मल्टी स्पोर्ट कोर्ट का निर्माण किया जाएगा, उनमें कस्तूरबा आवासीय विद्यालय, रामगढ़, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, डिमरा (गोला), कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, गोला, एस.एस. उच्च विद्यालय, गोला, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, चटाक (दुलमी), झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, दुलमी तथा राजबल्लभ उच्च विद्यालय, सांडी (चितरपुर) शामिल हैं। मल्टी स्पोर्ट कोर्ट के निर्माण से विद्यालयों में बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, मिनी टेनिस सहित अन्य खेलों के अभ्यास की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिसर में ही नियमित खेल प्रशिक्षण एवं अभ्यास का अवसर मिलेगा, जिससे उनकी प्रतिभा को निखारने और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का बेहतर मंच प्राप्त होगा। इस अवसर पर विधायक ममता देवी ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व दे रही है। विद्यालयों में आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध होने से ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को अपनी खेल प्रतिभा विकसित करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य है कि रामगढ़ विधानसभा के बच्चे शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और राज्य तथा देश का नाम रोशन करें।

अभिव्यक्ति संगीतमय संध्या का हुआ आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : रांची के BG सभागार में आयोजित भव्य संगीतमय कार्यक्रम अभिव्यक्ति ने संगीत प्रेमियों को एक अविस्मरणीय शाम का अनुभव कराया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि Honorable Justice Dr. S.N. Pathak ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। जस्टिस पाठक ने कहा कि पसंदीदा गाने खुशी का एहसास कराते हैं और उदासी या बोरियत कम करता है, तनाव कम करने और मन को एकाग्र चित करने मदद करना है इसलिए सभी को संगीत सुनना चाहिए, इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन सराहनीय है। इस शानदार कार्यक्रम का अध्यक्षता बिनोद कुमार, रवि कौशल प्रसाद और संदीप सोनू ने किया। कार्यक्रम का मंच संचालन ममता लवली ने किया। एक शाम गजल के नाम यादें पुरानी, एहसास नए थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में पुराने और नए दौर के गजल गीतों का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरे कार्यक्रम के दौरान ने दिल्ली से आए नितेश कुमार सिंह और अमेरिका से आए अद्यंत कौशल ने अपनी मधुर एवं दमदार आवाज से ऐसा समां बांधा कि दर्शक देर रात तक संगीत की दुनिया में खोए रहे। यह संगीत संध्या रांची के बॉलीवुड संगीत प्रेमियों के लिए एक यादगार और सुरमयी शाम बन गई, जहां संगीत, भावनाओं और यादों का अनूठा संगम देखने को मिला। वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट के रूप में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी प्रवीण टोप्पो, सीनियर आईपीएस संजय रंजन सिंह, डॉ. डीके मिश्रा, डॉ. रितेश, रामदेव पांडे, राजकुमार पाठक, अखिलेश सिंह, दीपक ओझा, सौम्या ओझा, ममता सर्राफ, मनदीप कुमार सहित शहर के गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

राजा राम मोहन राय से जुड़े ऐतिहासिक दस्तावेजों हेतु जिला प्रशासन ने की अपील

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : महान समाज सुधारक और भारतीय पुनर्जागरण के अग्रदूत स्वर्गीय राजा राम मोहन राय द्वारा वर्ष 1805-1806 में रामगढ़ में दीवान-सरिस्तेदार के तौर पर कार्य किया गया था। इस दौरान उनके द्वारा हस्ताक्षरित एवं उनके कार्यकाल से जुड़े रिकॉर्ड व दस्तावेज अत्यधिक ऐतिहासिक, अर्काइवल और सांस्कृतिक महत्व रखते हैं। उच्च न्यायालय, झारखंड अपने म्यूजियम में शैक्षणिक , शोध तथा धरोहर के उद्देश्य से ऐसे बहुमूल्य एवं ऐतिहासिक रिकॉर्ड्स को सहेजकर प्रदर्शित करने हेतु उत्सुक है। इसपर रामगढ़ जिला प्रशासन ने जिले के सभी आम नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके पास राजा राम मोहन राय के हस्ताक्षर वाले दस्तावेज, उनके दीवान कार्यकाल से जुड़े रिकॉर्ड्स अथवा किसी भी प्रकार के अन्य ऐतिहासिक महत्व के दस्तावेज उपलब्ध हों या उनके संबंध में कोई जानकारी हो, तो वे यथाशीघ्र इसकी सूचना जिला खेल कार्यालय, समाहरणालय भवन द्वितीय तल में उपलब्ध कराएं। ऐतिहासिक महत्व के इन दस्तावेजों की जानकारी अथवा प्रति उपलब्ध कराने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए नागरिक जिला खेल कार्यालय, रामगढ़ के मोबाइल नंबर 8709816456 पर संपर्क कर सकते हैं।

सिकनी गांव में कृषि कार्य को लेकर 25 केवीए ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

गांव के हर सुख-दुख में हमेशा साथ रहूंगा : राजीव जायसवाल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

दुलमी (रामगढ़) : विधानसभा अंतर्गत दुलमी प्रखंड के सिकनी गांव के जाराटांड़ में कृषि कार्य को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि सह रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जायसवाल ने 25 केवीए क्षमता वाले नए कृषि ट्रांसफॉर्मर का विधिवत शुभ उद्घाटन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित थे। ज्ञात हो कि जाराटांड़ क्षेत्र में सैकड़ों किसान खेती-किसानी पर निर्भर हैं। वर्षों से यहां बिजली की सुविधा नहीं होने के कारण किसानों को सिंचाई के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। पर्याप्त बिजली उपलब्ध नहीं होने से खेतों की समय पर सिंचाई नहीं हो पाती थी'जिससे फसलों का उत्पादन प्रभावित हो रहा था। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों एवं किसानों ने राजीव जायसवाल से मिलकर समाधान की मांग की थी। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए राजीव जायसवाल ने संबंधित विभाग से लगातार समन्वय स्थापित किया और कृषि कार्य के लिए विद्युत सुविधा उपलब्ध कराने की पहल की। उनके प्रयासों से जाराटांड़ में बिजली पहुंचाई गई तथा किसानों की सुविधा के लिए 25 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर स्थापित कराया गया। ट्रांसफॉर्मर चालू होने के बाद अब किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध होगी, जिससे खेती आसान होगी और कृषि उत्पादन में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए राजीव जायसवाल ने कहा कि गांव और किसानों का विकास ही उनकी राजनीति का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा, अपने गांव के लोगों की सेवा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं इसी मिट्टी का बेटा हूं और गांव के हर सुख-दुख में हमेशा आपके साथ खड़ा रहूंगा। किसानों की समृद्धि ही गांव की समृद्धि है। हमारी कोशिश है कि किसानों को सिंचाई, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए कभी परेशान न होना पड़े। जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना ही हमारी प्राथमिकता है।ह्व उन्होंने आगे कहा कि सांसद मनीष जायसवाल के मार्गदर्शन में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के हर गांव तक विकास कार्यों को पहुंचाने का अभियान निरंतर जारी है।

जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर हैं साहेदा स्कूल के बच्चे

लापुंग : प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय साहेदा में बुनियादी सुविधाओं के अभाव और जर्जर भवन के कारण बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। स्कूल भवन की छत से प्लास्टर गिरना और दीवारों में दरारें आम बात हो गई है। साहेदा के ग्रामीण सह वार्ड सदस्य राजेन्द्र सिंह ने बताया की स्कूल भवन वर्षों पुरानी है। और एक बार भी मरम्मत नहीं हुआ है। कमरों की छत टपकती है और छत की प्लास्टर भी छड़ रही हैं शिक्षकों ने कई बार विभाग को लिखित सूचना दी, लेकिन अब तक मरम्मत नहीं हुई।

मंदना टोली में अज्ञात चोरों ने 3.50 लाख रुपये नकद और लगभग 05 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ किये

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बुढ़मू : बुढ़मू प्रखंड के ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के मंदना टोली में रविवार की रात बड़ी चोरी की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। अज्ञात चोरों ने एक सूने घर को निशाना बनाते हुए करीब 3.50 लाख रुपये नकद और लगभग 5 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की इस घटना से पीड़ित परिवार के साथ-साथ आसपास के ग्रामीणों में भी दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार चोरों ने मंदना टोली निवासी बैद्यनाथ (बैजू) यादव के घर को अपना निशाना बनाया। घटना के दिन पूर्व संध्या में बैजू अपना ससुराल पत्नी व बच्चे को लेने गया था। घर में उसके पितामही, माँ व छोटा भाई अलग अलग कमरे में सो रहे थे। अपराधी घर के पिछले दरवाजा का कुंदी तोड़कर अंदर घर मे प्रवेश किये साथ ही सभी कमरों को बाहर से लॉक कर दिया। घटना के समय बैजू का कमरा का दरवाजा खुला था, अपराधियों ने इत्मीनान से कमरे में रखे अलमीरा व बड़ा बक्सा पर अपना हाथ साफ कर लिए। अहले सुबह जब बैजू के पिता व भाई विश्वनाथ जागे तो बाहर से अपने कमरे का दरवाजा

बंद पाया। विश्वनाथ ने बगल में रहने वाले अपने चाचा महेंद्र गोप को फोन करके बुलाया, चाचा द्वारा बाहर से कमरा का लॉक खोला गया तब वे सभी बाहर निकले तब जाकर चोरी होने की घटना की जानकारी मिली। तत्काल इसकी सूचना ठाकुरगांव थाना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी शुभम कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) टीम, तकनीकी साक्ष्य जुटाने वाली टीम तथा स्निफर डॉग की सहायता से घटनास्थल की बारीकी से जांच की गई। पुलिस चोरी से जुड़े हर पहलू की जांच कर रही है और आसपास के संदिग्धों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। थाना प्रभारी शुभम कुमार ने बताया कि पुलिस जल्द ही इस मामले का खुलासा कर लेगी।

मोदी सरकार आजाद भारत में भी अंग्रेजों जैसा व्यवहार कर रही है : विजय सिंह

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

पिस्का नगड़ी : ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट (एआईपीएफ) एवं झारखंड नवनिर्माण दल, रांची के संयुक्त तत्वावधान में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत दिल्ली में छात्रों द्वारा आयोजित संसद मार्च के समर्थन में सोमवार को रांची के नगड़ी चौक में एकजुटता सभा आयोजित की गई। सभा के माध्यम से छात्रों की मांगों का समर्थन करते हुए केंद्र सरकार से उन्हें तत्काल सुनने तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की गई। सभा के दौरान प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकताओं ने 'हर मोर्चे पर विफल नरेंद्र मोदी सरकार मुदार्बाद', 'नकारा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत बर्खास्त करो', 'नीट पेपर लीक के दोषियों पर

कार्रवाई करो', 'छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद करो', 'पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक का अनशन सम्मानपूर्वक समाप्त कराओ', 'सोनम वांगचुक एवं छात्रों की मांगों पर अविलंब कार्रवाई करो' तथा 'इंकलाब जिंदाबाद' जैसे नारे लगाए। दल के वरिष्ठ नेता सुकरा मुंडा की अध्यक्षता तथा प्रखंड प्रभारी मोहम्मद इस्लाम के संचालन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि, ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के झारखंड प्रभारी एवं झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार लोकतांत्रिक आंदोलनों के प्रति ऐसा रवैया अपना रही है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक लंबे समय से अनशन और धरने पर बैठे हैं, वहीं छात्र भी अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं, लेकिन केंद्र सरकार ने अब तक उनसे बातचीत की कोई पहल नहीं की है। उन्होंने सवाल उठाया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे लोगों की मांगों की लगातार अनदेखी क्यों की जा रही है। विजय सिंह ने कहा कि नीट सहित कई प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं ने देश की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उनका आरोप था कि इन घटनाओं के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वे पद छोड़ें। उन्होंने मांग की कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल पद से हटाया जाए तथा पेपर लीक के दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने छात्रों की मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो झारखंड सहित पूरे देश में आंदोलन और तेज किया जाएगा। सभा को संबोधित करने वाले अन्य वक्ताओं ने भी केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि छात्रों, युवाओं और लोकतांत्रिक आंदोलनों की आवाज को दबाने का प्रयास लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। उन्होंने सरकार से संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान निकालने की अपील की। कार्यक्रम में झारखंड नवनिर्माण दल के वरिष्ठ नेता सुकरा मुंडा, एआईपीएफ के राष्ट्रीय समिति सदस्य एवं झारखंड आंदोलनकारी अब्दुल खालिक, प्रेमचंद तिग्गा, बादल सिंह, सुल्तान अंसारी, संजय पहान, देवमुनी राम, एजाज अंसारी, मोहम्मद इस्लाम, तेम्बा भगत, सोमा भगत, जॉन तिर्की, सविता देवी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित थे।

वर्षा से बेड़ो के बोदा गांव में गिरा घर, पीड़ित परिवार बेघर

- ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : प्रखंड के बोदा गांव में रविवार को हुई जोरदार वर्षा के कारण सरियन बारला, पति स्व. करम सिंह बारला का घर गिर गया। घर गिरने से परिवार का सारा सामान दब गया और अब उन्हें रहने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित परिवार ने बताया कि बारिश के दौरान अचानक घर भरभराकर गिर गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सरियन बारला गरीब परिवार से हैं और उनके पास रहने का कोई अन्य ठिकाना नहीं है।

एक झलक

कैंब्रियन स्कूल में नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता आयोजित

रांची : कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में सोमवार को इंटर हाउस नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति, मानसिक स्वास्थ्य और कारगिल विजय जैसे समसामयिक विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां देकर सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशक सह प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों को संवेदनशील सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक करना है। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने नाटक के माध्यम से नशापान के दुष्परिणामों को रेखांकित करते हुए युवाओं से इससे दूर रहने की अपील की। मानसिक स्वास्थ्य विषय पर प्रस्तुत नाटक में वर्तमान भागदौड़ भरी जीवनशैली के बीच मानसिक संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता को प्रभावी ढंग से दशार्या गया। वहीं कारगिल विजय पर आधारित प्रस्तुति में भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान को मंच पर जीवंत रूप से प्रस्तुत कर दर्शकों की सराहना प्राप्त की। प्रतियोगिता में सतलज हाउस ने प्रथम, गंगा हाउस ने द्वितीय तथा गोदावरी और यमुना हाउस ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में सभी हाउस इंचार्ज, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

प्रसूता की मौत पर आवाज उठाने वालों को डराने के लिए पुलिस का दुरुपयोग कर रही सरकार : प्रतुल

रांची : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने आरोप लगाया कि जामताड़ा में प्रसूता रीना देवी की कथित लापरवाही से हुई मौत के खिलाफ आवाज उठाने वाले भाजपा नेताओं और कार्यकताओं को डराने-धमकाने के लिए झारखंड सरकार पुलिस का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक विरोध का जवाब देने के बजाय सरकार ने जामताड़ा भाजपा के जिला अध्यक्ष सुमित शरण और अन्य नेताओं के घर पुलिस भेजकर उनके परिजनों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया। सोमवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रतुल शाह देव ने कहा कि जिस सरकार को प्रसूता की मौत के मामले में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए थी, वह न्याय की मांग करने वालों पर कार्रवाई करने में जुटी है।

रांची में सात से नौ अगस्त तक लगेगा इस्पात महिला विकास सहयोग समिति का वार्षिक मेला

रांची : इस्पात महिला विकास सहयोग समिति की ओर से तीन दिवसीय वार्षिक मेला सात से नौ अगस्त तक मेकॉन कम्युनिटी हॉल, श्यामली कॉलोनी, डोरंडा में आयोजित किया जाएगा। मेले में महिला उद्यमियों और कारीगरों द्वारा तैयार हस्तशिल्प एवं अन्य उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री की जाएगी। इसकी जानकारी मेकॉन की सीमतिंनी साहु ने सोमवार को जारी विज्ञप्ति में दी। विज्ञप्ति के अनुसार, मेले का उद्घाटन सात अगस्त को समिति की सोनी वर्मा, रश्मि वर्मा, निक्की राज, कंचन झा तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में होगा। वहीं, मेले के दूसरे दिन राज्यसभा सांसद महुआ मांझी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस दौरान वह विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर महिला उद्यमियों का उत्साहवर्धन करेंगी। आयोजकों के अनुसार, इस वर्ष मेले में लगभग 50 से 60 स्टॉल लगाए जाएंगे। इनमें हस्तशिल्प, परिधान, आभूषण, जूट बैग, डोकरा कला, पेंटिंग्स, राखियां और अन्य हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री होगी। मेले में राज्य के विभिन्न हिस्सों से महिला उद्यमी और कारीगर अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। समिति ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच उपलब्ध कराना, उनके उत्पादों को व्यापक बाजार से जोड़ना तथा उन्हें आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार की दिशा में प्रोत्साहित करना है।

एक्साइज ड्यूटी घटने का लाभ ठेकेदार नहीं रख सकता, जेयूवीएनएल को मिलेगा : हाई कोर्ट

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड उच्च न्यायालय ने एम/एस जय बी. एंटरप्राइजेज से जुड़े एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा है कि यदि किसी अनुबंध के दौरान एक्साइज ड्यूटी की दर में कमी आती है, तो उसका लाभ ठेकेदार अपने पास नहीं रख सकता। ऐसी स्थिति में कर में हुई कमी का लाभ नियोक्ता संस्था को मिलेगा। न्यायमूर्ति आनंद सेन की अदालत ने एम/एस जय बी. एंटरप्राइजेज की रिट याचिका खारिज करते हुए यह निर्णय दिया। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जेयूवीएनएल) द्वारा ठेकेदार के बिल से 18,49,682 रुपये की की गई कटौती पूरी तरह वैध है। इसलिए याचिकाकर्ता इस राशि की

वापसी का हकदार नहीं है। न्यायालय ने कहा कि यदि कर की दर बढ़ने पर अतिरिक्त वित्तीय भार जेयूवीएनएल वहन करता है, तो कर में कमी आने पर उसका लाभ भी उसी संस्था को मिलना चाहिए। यदि कर में कमी का लाभ ठेकेदार को रखने दिया जाए, तो यह अनुचित आर्थिक लाभ (अनजस्ट एनरिचमेंट) की स्थिति होगी, जिसे कानून स्वीकार नहीं करता। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि एक्साइज ड्यूटी कम होने से ठेकेदार की लागत या उसके लाभांश में कोई परिवर्तन नहीं हुआ, बल्कि केवल उसकी कर देनदारी घटी। इसलिए कर में हुई कमी का लाभ अंततः उस संस्था तक पहुंचना चाहिए, जिसने भुगतान किया है। दरअसल, एम/एस जय बी. एंटरप्राइजेज को वर्ष 2009 में कतरास 10वीं एपीडीआरपी परियोजना का कार्य आवंटित किया गया था। कायार्देश के अनुसार सामग्री की कीमत सभी करों और एक्साइज ड्यूटी सहित निर्धारित की गई थी तथा अनुबंध अवधि के दौरान इन कीमतों को स्थिर (फर्म) रखा गया था। कार्य निष्पादन के दौरान केंद्र सरकार ने एक्साइज ड्यूटी की दर 8 प्रतिशत से घटाकर 6 प्रतिशत कर दी।

झारखंड हाई कोर्ट ने सजा समीक्षा बोर्ड की बैठक में देरी पर राज्य सरकार से मांगा जवाब

रांची : झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य में आजीवन कारावास की सजा काट रहे दोषियों की समयपूर्व रिहाई से संबंधित स्वतः संज्ञान (सुओ मोटू) जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से सजा पुनरीक्षण बोर्ड (स्टेट सेंटेंस रिव्यू बोर्ड) की बैठक समय पर नहीं होने पर जवाब तलब किया है। अदालत ने पूछा कि जब उच्चतम न्यायालय के निदेर्शानुसार बोर्ड की बैठक प्रत्येक तीन माह में आयोजित की जानी है, तो निर्धारित अवधि में बैठक क्यों नहीं हुई। न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की खंडपीठ में हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि सजा पुनरीक्षण बोर्ड की पिछली बैठक मार्च 2026 में आयोजित की गई थी। हालांकि, कुछ कारणों से जून माह में होने वाली अगली बैठक नहीं हो सकी।

डीएवी आनंद स्वामी में क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता सम्पन्न, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : डीएवी आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल में आयोजित क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता का भव्य समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में क्लस्टर 9 के छह प्रमुख डी.ए.वी. स्कूलों की टीमों ने हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान मुख्य रूप से तीन खेल विधाओं–योग, शतरंज और रोप स्किपिंग के कड़े मुकाबले खेले गए। इस आयोजन में मेजबान डी.ए.वी. आनंद स्वामी के अलावा डी.ए.वी. नीरजा सहाय, डी.ए.वी. गांधीनगर, डी.ए.वी. भरेच नगर, डी.ए.वी. खलारी और डी.ए.वी. पतरातू की टीमों ने पूरे खेल भावना के साथ शिरकत की।योगा में बालिका वर्ग के सभी वर्गों में डीएवी खेलारी की टीम को स्वर्ण पदक, अग्रसेन डीएवी की टीम को रजत पदक और डीएवी आनंद स्वामी की टीम को कांस्य पदक प्राप्त हुआ, वहीं बालक वर्ग में आनंद स्वामी को स्वर्ण पदक, अग्रसेन डीएवी को रजत पदक, डीएवी नीरजा सहाय को कांस्य पदक प्राप्त हुआ, शतरंज में बालिका वर्ग में डीएवी भरेचनगर को स्वर्ण पदक, नीरजा सहाय डीएवी को रजत पदक, डीएवी आनंद स्वामी को कांस्य पदक प्राप्त हुआ जबकि बालक वर्ग में डीएवी गांधीनगर को स्वर्ण पदक, डीएवी भरेचनगर को रजत पदक, डीएवी नीरजा सहाय को कांस्य पदक, बालिका वर्ग में भरेचनगर डीएवी को स्वर्ण पदक, डीएवी गांधीनगर को रजत तथा डीएवी नीरजा सहाय को कांस्य पदक प्राप्त हुआ।

माउंट कार्मल स्कूल में एआई, रोबोटिक्स और ड्रोन तकनीक से रूबरू हुए विद्यार्थी

- तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन, छात्रों ने तैयार किये नवाचारपूर्ण मॉडल, ड्रोन उड़ाकर लिया व्यावहारिक अनुभव
- भविष्य की तकनीक से जुड़ रहे ओरमांझी के छात्र, माउंट कार्मल स्कूल में एआई-रोबोटिक्स कार्यशाला सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

ओरमांझी : माउंट कार्मल स्कूल ओरमांझी में वड्र्स इनोवेशन एंड एजुकेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय अक रोबोटिक्स एवं ड्रोन कार्यशाला का रविवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। कार्यशाला में लगभग 40 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), रोबोटिक्स और ड्रोन तकनीक की आधुनिक दुनिया से व्यावहारिक रूप से परिचय प्राप्त किया। समापन दिवस पर विद्यार्थियों ने अपने नवाचारपूर्ण प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया। कार्यशाला के अंतिम दिन विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को ड्रोन की कार्यप्रणाली, उसके संचालन और कृषि, सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, फोटोग्राफी सहित विभिन्न क्षेत्रों में उसके उपयोग की जानकारी दी। विद्यार्थियों को विद्यालय के सभागार में स्वयं ड्रोन संचालित करने का अवसर भी मिला, जिससे उनकी तकनीकी समझ और आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इस अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा तैयार किए गए टोल सेंसिंग मशीन, एंटी-कोलिजन सिस्टम, ऑटोमोबाइल सेंसर मॉडल सहित कई सेंसर आधारित प्रोजेक्ट आकर्षण का केंद्र रहे। प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह प्रदर्शित किया कि आधुनिक सेंसर तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता किस प्रकार दैनिक जीवन को अधिक सुरक्षित, स्मार्ट और सुविधाजनक बना रही है। विद्यालय प्रबंधन फादर दीपक कुजूर ने बताया कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार, रचनात्मकता और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। साथ ही, यह उन्हें भविष्य की तकनीकों और उभरते करियर विकल्पों के प्रति जागरूक बनाती हैं। समापन समारोह में फादर दीपक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर कार्यशाला सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बधाई दी तथा कहा कि आज के युग में अक और रोबोटिक्स जैसी तकनीकों का ज्ञान विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। कार्यक्रम में कविता कुमारी, अनूरंजना, असद सर सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विभिन्न कक्षाओं के छात्र उपस्थित रहे।

पेपर लीक मामले एवं सोनम वांगचुक के समर्थन में आम आदमी पार्टी का जोरदार विरोध प्रदर्शन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : आम आदमी पार्टी, झारखंड के प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रभात शर्मा के नेतृत्व में रांची में एक जोरदार विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह विरोध मार्च रांची विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से शुरू होकर अल्बर्ट एक्का चौक तक निकाला गया। इस प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य देश में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों के खिलाफ आवाज उठाना तथा दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे सोनम वांगचुक के आंदोलन का समर्थन करना था। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान छात्रों और कार्यकताओं ने सड़क पर उतरकर अपना विरोध दर्ज कराया और सरकार से जवाबदेही की मांग की। मार्च के दौरान पूरे क्षेत्र में जनआक्रोश साफ तौर पर देखा गया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रभात शर्मा ने कहा कि, मोदी सरकार में भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारी दोनों मौसेरे भाई बन चुके हैं। यही कारण है कि न कोई इस्तीफा ले रहा है, न कोई दे रहा है और न ही किसी को बर्खास्त किया जा रहा है। सभी मिलकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं, जिससे देश का हर वर्ग–छात्र, युवा, किसान और आम जनता–पीड़ित है। आगे आम आदमी पार्टी के नेता लक्ष्मण सिंह ने कहा कि, आज छात्र और युवा सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं। यह सरकार की नाकामी का सबसे बड़ा प्रमाण है। आम आदमी पार्टी मांग करती है कि पेपर लीक जैसे गंभीर मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और केंद्र सरकार नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे।

रांची विश्वविद्यालय के खोरठा विभाग में एमए सत्र 2025-2027 की कक्षाओं का हुआ शुभारम्भ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : रांची विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय खोरठा विभाग में एम.ए. सत्र 2025-2027 की कक्षाओं का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत हेतु आयोजित कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. कुमारी शशि ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें अनुशासन, नियमित अध्ययन, शोध-चेतना एवं भाषा-संस्कृति के संरक्षण के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन एवं शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण गुरु मंत्र प्रदान करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विभाग की प्राध्यापिका डॉ. अर्चना कुमारी, डॉ. निरंजन कुमार, डॉ दिनेश कुमार तथा डॉ. नकुल कुमार ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने विश्वविद्यालय जीवन के महत्व, शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध की संभावनाओं तथा खोरठा भाषा एवं साहित्य के अध्ययन की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कैदियों के आश्रितों को लाभ पहुंचाना ही लक्ष्य : डालसा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा रथ मेला परिसर में लगाये गये जागरूकता शिविर में रथ मेला परिसर में आनेवाले लोगों को जागरूक किया गया एवं उन्हें माननीय नालसा एवं झालसा द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। ज्ञात हो कि न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं माननीय सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव राकेश रौशन की मौजुदगी रथ मेला परिसर में डालसा टीम द्वारा दिनांक 25.07.2026 तक जगरनाथपुर रथ मेला परिसर में विधिक जागरूकता एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जायेगा। इस अवसर पर पीएलवी उमेश कुमार, सतीश कुमार, रामजीत महतो, आशीष बैठा, बेबी देवी, पुनम देवी, सुनीता देवी समेत अन्य लोग उपस्थित थे। डालसा के पीएलवी ने नालसा स्पृहा योजना 2025 पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया और कहा कि यह योजना राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शुरू की गई एक कल्याणकारी योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य कैदियों (जेल में बंद व्यक्तियों) के निर्दोष आश्रितों और अपराध के पीड़ितों को कानूनी, सामाजिक और आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इसके तहत मुफ्त कानूनी सहायता, मानसिक-सामाजिक परामर्श (कौंसिलिंग), बच्चों की पढ़ाई निरंतर रखने के लिए मदद, और वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। ज्ञात हो कि रथ मेला घुमने आये लगभग 15 हजार श्रद्धालु जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के बारे में जाना और नालसा एवं झालसा द्वारा संचालित योजनाओं से रू-ब-रू हुए।

भाजपा को कानून की कार्रवाई में दमन दिखता है, लेकिन जनता के सवालों पर खामोशी क्यों? : ऋषिकेश सिंह

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश सचिव सह प्रदेश प्रवक्ता ऋषीकेश सिंह ने भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव के बयान को तथ्यों से परे, भ्रामक और राजनीतिक सहानुभूति बटोरने का असफल प्रयास बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा हर उस कार्रवाई को लोकतंत्र पर हमला बताने लगती है, जो कानून के दायरे में होती है। क्या भाजपा यह कहना चाहती है कि उसके नेताओं पर कानून लागू नहीं होना चाहिए? ऋषीकेश सिंह ने कहा कि यदि किसी कार्रवाई में विधिक प्रक्रिया का उल्लंघन हुआ है तो न्यायालय और सक्षम संस्थाएं मौजूद हैं। लेकिन जांच पूरी होने से पहले पुलिस, प्रशासन और सरकार पर मनगढ़ंत आरोप लगाकर माहौल बिगाड़ना भाजपा की पुरानी राजनीतिक संस्कृति रही है। भाजपा को कानून पर भरोसा नहीं, केवल राजनीतिक शोर मचाने पर भरोसा है।

एसआईआर को लेकर कांग्रेस गम्भीर, किसी पात्र मतदाता का नाम सूची से नहीं हटने देंगे : के. राजू

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के स्थायी आमंत्रित सदस्य एवं झारखंड प्रभारी के. राजू ने सोमवार को रांची के मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया एंड कम्युनिकेशन विभाग तथा सोशल मीडिया विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में दोनों विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई और आगामी रणनीति पर चर्चा की गई। इसमें मीडिया एवं सोशल मीडिया विभाग के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए के. राजू ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कांग्रेस पूरी तरह गंभीर है और पिछले कई महीनों से राज्यभर में इस अभियान पर लगातार काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि झारखंड में कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसने 21 हजार से अधिक बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त किए हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता एसआईआर को लेकर पूरी तरह सजग और सक्रिय है। के. राजू ने कहा कि कांग्रेस का स्पष्ट संकल्प है कि किसी भी पात्र नागरिक का मतदान का अधिकार बिना किसी वैध कारण के प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। पार्टी के कार्यकर्ता मतदाता सूची के पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया पर नजर रखे हुए हैं और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में षड्यंत्रपूर्वक मतदाता सूची से लोगों के नाम हटाने का प्रयास किया है और अब झारखंड में भी वैसी ही कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक नेता और कार्यकर्ता पूरी सतर्कता के साथ इस प्रक्रिया की निगरानी कर रहा है और किसी भी पात्र मतदाता का नाम बिना उचित कारण के मतदाता सूची से हटने नहीं दिया जाएगा।

सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम को समर्पित हुआ मारुति सुजुकी ईको सेवा वाहन

रांची : पुंदाग स्थित एम.आर.एस. श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम के अंतर्गत संचालित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य प्रेम सभागार) में निवासरत निराश्रितजनों, दीनबंधुओं एवं प्रभुजी की सेवा को और अधिक सुगम, सशक्त एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। आश्रम को मनीष कुमार साहु (निदेशक, बाबा एग्रो फूड लिमिटेड) के सौजन्य से प्रदत्त मारुति सुजुकी ईको सेवा वाहन का लोकार्पण एवं शुभ उद्घाटन परम पूजनीय, वंदनीय संत शिरोमणि श्री श्री 108 स्वामी श्री सदानंद जी महाराज के कर-कमलों द्वारा श्रीफल फोड़कर एवं वैदिक मंगलकामनाओं के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर आश्रम परिसर में श्रद्धा, सेवा और भक्ति का अनुपम वातावरण देखने को मिला।

ऑल इंडिया न्यूजपेपर्स पब्लिशर्ष एंड एडिटर्स एसोसियेशन की बैठक का सारांश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : रांची प्रेस क्लब में 'ऑल इंडिया न्यूजपेपर्स पब्लिशर्ष एंड एडिटर्स एसोसियेशन' की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य अखबारों के संचालन में आ रही व्यावहारिक और वित्तीय समस्याओं पर चर्चा करना था। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अशोक कुमार ने कहा कि यह पहल सरकार के विरोध में नहीं, बल्कि प्रकाशकों और संपादकों की पीड़ा को सरकार तक पहुंचाने का एक जरिया है। उन्होंने बताया कि समस्याओं के समाधान के लिए एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही दिल्ली जाकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, विभागीय मंत्री और उच्च अधिकारियों से मुलाकात करेगा।

मुख्य मुद्दे और सुझाव

जीएसटी और वित्तीय राहत : बैठक में प्रमुखता से मांग उठाई गई कि 75 हजार से कम प्रसार संख्या वाले अखबारों को जीएसटी और जटिल प्रक्रियाओं से पूर्ण छूट दी जाए। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि अखबार ही एकमात्र ऐसा उत्पाद है जो अपनी लागत से काफी कम कीमत पर बिकता है और पाठकों से जीएसटी नहीं वसूला जाता।

पूर्व व्यवस्था की बहाली : प्रेम शंकरण, प्रशांत कुमार और सुमन कुमार सिंह ने बार-बार नियम बदलने पर चिंता जताई और पूर्व की व्यवस्था लागू करने की मांग की। सुझाव दिया गया कि यदि जीएसटी अनिवार्य है, तो इसे न्यूजप्रिंट निमार्ताओं और विज्ञापनदाताओं से 'सोर्स पर' ही वसूला जाए। नित्यानंद शुक्ला, अनुपम शशांक, राज किशोर सिन्हा और विनय कुमार ने जीएसटी को पूरी तरह समाप्त करने की वकालत की।

अनुदान और सरकारी नीतियां : इकबाल शबा ने ध्यान दिलाया कि पहले सरकार अखबारी कागज पर अनुदान देती थी, जबकि अब जीएसटी वसूला जा रहा है। साथ ही राज्य स्तर पर एमपैनलमेंट की परेशानियों और प्रिंटिंग प्रेस से अनुमोदन की शर्त को हटाने की मांग की गई।

पारदर्शिता और संगठन की मजबूतीः नित्यानंद शुक्ला ने आवेदन अस्वीकृत होने पर उसका कारण सार्वजनिक करने और व्यापक सदस्यता अभियान चलाने की बात कही।

झारखंड में बोर्ड-निगमों में नियुक्ति प्रक्रिया शुरू

मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए 15 दिन का समय बढ़ाने की मांग : कांग्रेस

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी (जेपीसीसी) के तत्वावधान में रविवार शाम कांग्रेस भवन, रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पार्टी ने एक ओर विशेष गहन पुनरीक्षण (रक्फ) के तहत मतदाता सूची गणना कार्य की समय सीमा बढ़ाने की मांग उठाई, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस कोटे से राज्य के विभिन्न बोर्डों, निगमों और बीस सूत्री कार्यक्रम समितियों में रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू किए जाने की घोषणा की। संवाददाता सम्मेलन को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (अक्छउ) के स्थायी आमंत्रित सदस्य एवं झारखंड प्रभारी के. राजू तथा कांग्रेस विधायक दल के नेता

प्रदीप यादव ने संयुक्त रूप से संबोधित किया। इस दौरान उपाध्यक्ष अभिलाष साहू, मीडिया संयोजक डॉ. एम. तौसीफ, सोनाल शांति, गजेन्द्र सिंह, रियाजुल अंसारी, राजन वर्मा, अख्तर अली और ऋषिकेश सिंह सहित कई नेता उपस्थित रहे। कांग्रेस विधायक दल ने राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत गणना प्रपत्र (Enumeration Forms) जमा करने की अंतिम तिथि में कम से कम 15 दिनों का विस्तार करने की मांग की। नेताओं का कहना है कि वर्तमान परिस्थितियों में बड़ी संख्या में वास्तविक मतदाताओं के मतदाता सूची से बाहर होने का खतरा उत्पन्न हो गया है। ज्ञापन के अनुसार, झारखंड के 2.64 करोड़ मतदाताओं में से लगभग 1.13 करोड़ गणना प्रपत्र अब तक डिजिटाइज नहीं हो सके हैं। धनबाद, रांची और झरिया जैसे शहरी क्षेत्रों में डिजिटलीकरण की गति बेहद धीमी है। इसके अलावा लगभग 47.41 लाख मतदाता अभी भी 'अनमैप्ड' श्रेणी में हैं, जिनमें अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और डुप्लीकेट श्रेणी के मामले शामिल हैं। कांग्रेस का कहना है कि अतिरिक्त समय मिलने से बूथ लेवल अधिकारी वास्तविक मतदाताओं का सत्यापन और मैपिंग बेहतर तरीके से कर सकेंगे। पार्टी ने यह भी कहा कि लगातार हो रही मानसूनी बारिश, ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव, दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियां और आदिवासी इलाकों तक पहुंच की कठिनाइयों के कारण घर-घर सत्यापन प्रभावित हुआ है। वहीं जल्दबाजी में किए गए डिजिटलीकरण से डेटा एंट्री में त्रुटियां और तार्किक विसंगतियां भी सामने आई हैं। कांग्रेस ने प्रवासी मजदूरों और राज्य से बाहर काम करने वाले श्रमिकों के हितों का हवाला देते हुए कहा कि उन्हें भी अपने मतदान अधिकार सुरक्षित रखने के लिए अतिरिक्त समय मिलना चाहिए। पार्टी ने निर्वाचन आयोग से पंचायत और मतदान केंद्र स्तर पर विशेष सुविधा शिविर लगाने तथा 15 अगस्त की ग्रामसभा बैठकों के माध्यम से मतदाता सूची संबंधी जागरूकता अभियान चलाने की भी मांग की।

डीएसपीएमयू में सीट कटौती के विरोध में छात्रों का प्रदर्शन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में क्लस्टर सिस्टम और विभिन्न विभागों में सीटों की संख्या में कटौती के विरोध में छात्रों का आंदोलन सोमवार को तेज हो गया। बड़ी संख्या में छात्र विश्वविद्यालय परिसर पहुंचे और कुलपति प्रो. राजीव मनोहर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया। छात्रों ने सभी विभागों में पहले की तरह सीटों की संख्या बहाल करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई, जब कुछ छात्र कुलपति कार्यालय में प्रवेश करने का प्रयास करने लगे। पहले से तैनात पुलिस बल ने उन्हें रोक दिया, जिसके बाद छात्रों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हुई। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। कुछ समय तक विश्वविद्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा, हालांकि बाद में स्थिति नियंत्रण में आ गई। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने कई विभागों में सीटों की संख्या घटा दी है, जिससे हजारों विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अवसर प्रभावित होंगे। उनका कहना है कि सीयूईटी के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया लागू होने के बाद पहले ही छात्र असमंजस की स्थिति में हैं और अब सीटों में कटौती से उनकी समस्याएं और बढ़ गई हैं।

उपायुक्त ने योजनाओं में तेजी लाने के दिये निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में उद्योग विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न औद्योगिक एवं स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समयबद्ध निष्पादन के निर्देश दिये। बैठक में मुख्यमंत्री लघु कुटीर बोर्ड के अंतर्गत निमार्णाधीन माइक्रो कॉमन फैसिलिटी सेंटर (Micro CFC) के कार्यों में तेजी लाने पर विशेष जोर दिया गया। उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त को निर्देश दिया कि वे मुख्यमंत्री लघु कुटीर बोर्ड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी के साथ बैठक कर JIIDCO द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति पर चर्चा करें तथा कार्य में आ रही बाधाओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। हाल ही में आयोजित हैंडक्राफ्ट मेला शिल्पोत्सव के सफल आयोजन पर उपायुक्त ने मुख्यमंत्री लघु कुटीर बोर्ड एवं जिला

उद्योग केंद्र की टीम की सराहना की। उन्होंने महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र को निर्देश दिया कि आगामी हैंडक्राफ्ट मेले के आयोजन के लिए जिले के हस्तशिल्प कारीगरों के साथ बैठक कर समय एवं तिथि का निर्धारण करते हुए अभी से तैयारियां प्रारंभ की जाएं। बैठक में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने योजना के लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन के लिए सभी बैंकों के जिला समन्वयकों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने तथा पात्र एवं जरूरतमंद लाभुकों को समय पर योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योग्य युवाओं को स्वरोजगार के लिए बैंक ऋण उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की अनावश्यक विलंब नहीं होनी चाहिए। उपायुक्त ने आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाली झांकी में भाग लेने का निर्देश मुख्यमंत्री लघु कुटीर बोर्ड को दिया, ताकि जिले की हस्तशिल्प एवं कुटीर उद्योगों की उपलब्धियों का प्रभावी प्रदर्शन किया जा सके। बैठक में उप विकास आयुक्त रिया सिंह, प्रशिक्षु आईएएस पूर्वा अग्रवाल,महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, मुख्यमंत्री लघु कुटीर बोर्ड के प्रतिनिधि तथा विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित थे।

आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने अपात्र लाभुकों का नाम शीघ्र विलोपित कर पात्र परिवारों को जोड़ने के दिये निर्देश

हजारीबाग : उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के प्रभावी संचालन, राशन कार्डों के सत्यापन, ई-केवाईसी तथा खाद्यान्न परिवहन व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पूर्व की समीक्षा बैठक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को दिए गए गोदाम निरीक्षण संबंधी निर्देशों के अनुपालन की जानकारी ली तथा सभी प्रखंडों में नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने अपात्र लाभुकों द्वारा राशन का लाभ लिए जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसे सभी लाभुकों की पहचान कर उनके नाम राशन कार्ड से यथाशीघ्र विलोपित किए जाएं। उन्होंने कहा कि कई अपात्र लाभुक वर्तमान में खाद्यान्न का लाभ प्राप्त कर रहे हैं, जबकि वास्तविक पात्र परिवार योजना से वंचित हैं। इसलिए अपात्र लाभुकों का नाम हटाकर नए पात्र लाभुकों को जोड़ने की प्रक्रिया में तेजी लाना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में उपायुक्त ने जिले में ई-केवाईसी की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की तथा शत-प्रतिशत ई-केवाईसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के गोदाम से जीएफसीआई गोदाम तक खाद्यान्न परिवहन में लगे वाहनों में स्थापित जीपीएस प्रणाली की क्रियाशीलता की जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने प्रशिक्षु आईएएस पूर्वा अग्रवाल को खाद्यान्न परिवहन में प्रयुक्त वाहनों की जीपीएस ट्रैकिंग के आधार पर औचक निरीक्षण करने तथा परिवहन व्यवस्था की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक माह प्रखंडवार मृत, विवाहित, स्थानांतरित एवं अन्य अपात्र राशन कार्ड सदस्यों के नाम विलोपित किए जाने संबंधी प्रतिवेदन की अनिवार्य रूप से समीक्षा की जायेगी।

राजस्व विभाग व खास महल की समीक्षा बैठक

हजारीबाग : उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में राजस्व शाखा एवं खास महल से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी प्रखंडों में भूमि संबंधी मामलों की प्रखंडवार समीक्षा की गई तथा लंबित एवं महत्वपूर्ण मामलों की प्रगति की जानकारी ली गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि विभिन्न माध्यमों से भूमि संबंधी अनियमितताओं एवं गड़बड़ियों की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, जो अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक विषय है। उन्होंने सभी अंचलाधिकारियों एवं राजस्व कर्मियों को निर्देश दिया कि एलपीसी, म्यूटेशन, रजिस्ट्री एवं अन्य भूमि संबंधी मामलों में शत-प्रतिशत जांच एवं सत्यापन सुनिश्चित करने के बाद ही किसी प्रकार की स्वीकृति अथवा निर्गत की कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि संबंधी कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता स्वीकार नहीं की जायेगी। उपायुक्त ने प्रखंड स्तर पर कंप्यूटर ऑपरेटरों के स्थानांतरण की आवश्यकता पर भी बल दिया तथा सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने एलपीसी निर्गत करने की प्रक्रिया में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि गलत प्रतिवेदन या भ्रामक रिपोर्ट के आधार पर किसी भी भूमि संबंधी कार्य का निष्पादन नहीं किया जाए। गलत तरीके से भूमि रजिस्ट्री की शिकायतों पर उन्होंने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक में उपायुक्त ने परिशोधन पोर्टल पर लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करने तथा गैर-मजरूआ भूमि पर हुए अतिक्रमण के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अंचलाधिकारी अपने अधीनस्थ हल्का कर्मचारियों को गैर-मजरूआ भूमि के अतिक्रमण संबंधी मामलों के लिए उत्तरदायी बनाएं।

एक झलक

सड़क दुर्घटना में घायल होटल संचालक की 18 दिन बाद मौत, क्षेत्र में शोक

हजारीबाग (दारू) : दारू प्रखंड के जोनिहया निवासी एवं होटल संचालक सामंतो साव (लगभग 54 वर्ष) का इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार, 2 जुलाई को जोनिहया के समीप एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी थी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दुर्घटना में उनके सिर (माथे) पर गंभीर चोट लगी थी। घटना के बाद उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल, हजारीबाग ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने सीटी स्कैन रिपोर्ट देखने के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। रांची स्थित मेदांता अस्पताल में उनके सिर का ऑपरेशन किया गया। करीब 18 दिनों तक चले इलाज के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। 19 जुलाई (रविवार) को अस्पताल में ही उनका निधन हो गया। परिजनों ने बताया कि लंबे समय तक चले इलाज में भारी-भरकम खर्च होने से परिवार आर्थिक संकट से भी जूझ रहा है। निधन के बाद शव का पोस्टमार्टम रांची स्थित रिम्स में कराया गया। इसके बाद शव को उनके पैतृक गांव जोनिहया लाया गया, जहां हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार शिवाने नदी तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके बड़े पुत्र रोहित साव ने मुखाग्नि दी। सामंतो साव झुमरा में होटल का संचालन कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। स्थानीय लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए प्रशासन से अज्ञात वाहन चालक की शीघ्र पहचान कर उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है।

विद्यालय के शिक्षक पर लापरवाही का आरोप, ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा शिकायत पत्र

चरही : चरही के सड़वाहा गांव के ग्रामीणों ने परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय चरही के शिक्षक प्रवेश कुमार पर कर्तव्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए माण्डू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो को शिकायत पत्र सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई शिक्षक की कार्यशैली से प्रभावित हो रही है। शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया है कि संबंधित शिक्षक नियमित रूप से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं देते हैं। पढ़ाई के दौरान वे अक्सर मोबाइल फोन में व्यस्त रहते हैं। कक्षा में उपस्थित रहने के बावजूद बच्चों की पढ़ाई पर पर्याप्त ध्यान नहीं देते। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि कई बार पढ़ाई के समय ही शिक्षक सब्जी और अन्य घरेलू सामान की खरीदारी के लिए विद्यालय से बाहर चले जाते हैं। जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित होती है। ग्रामीणों ने यह भी दावा किया है कि इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य से कई बार मौखिक शिकायत की गई। लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। इससे अभिभावकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि बच्चों के भविष्य को देखते हुए मामले में शीघ्र कार्रवाई आवश्यक है। शिकायत पत्र में विधायक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित शिक्षक के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है। ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। इस संबंध में स्कूल के शिक्षक से पक्ष लेना चाहा लेकिन सम्पर्क नहीं हो पाया।

एनएमएल चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना ने 2,500 कोयला रेक डिस्पैच का ऐतिहासिक कीर्तिमान किया स्थापित

केरेडारी : केरेडारी एनएमएल चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना ने अपनी परिचालन यात्रा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 15 जुलाई 2026 को सफलतापूर्वक 2,500 कोयला रेक डिस्पैच का ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया। यह उपलब्धि परियोजना की परिचालन उत्कृष्टता, कुशल कोयला निकासी तथा देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में उसके निरंतर बढ़ते योगदान को दर्शाती है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के अंतर्गत 2,500वां रेक बछरा साइडिंग से प्रेषित किया गया, जिसने परियोजना के गौरवशाली सफर में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया। परियोजना के प्रारंभ से अब तक कटकामसांडी साइडिंग से 1,802 रेक तथा बछरा साइडिंग से 698 रेक का सफलतापूर्वक डिस्पैच किया जा चुका है। इस प्रकार कुल 2,500 रेक डिस्पैच का महत्वपूर्ण आंकड़ा प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि के साथ एनएमएल चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना ने स्थापना काल से अब तक कुल 151.2 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) कोयले का डिस्पैच किया है, जिससे देशभर के ताप विद्युत संयंत्रों को निरंतर एवं विश्वसनीय कोयला आपूर्ति सुनिश्चित हुई है। यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष महत्व रखती है क्योंकि परियोजना ने मार्च 2026 में 2,000 रेक डिस्पैच का आंकड़ा पार किया था। इसके बाद मानसून के आगमन, प्रतिकूल मौसम, लॉजिस्टिक चुनौतियों तथा विभिन्न परिचालन संबंधी कठिनाइयों के बावजूद परियोजना ने अल्प अवधि में ही अतिरिक्त 500 रेक सफलतापूर्वक डिस्पैच कर यह नया कीर्तिमान स्थापित किया।

वर्षों से लम्बित मामलों का हुआ निदान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बरही : अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत प्रखण्ड चौपारण के पंचायत पड़रिया ग्राम नरयाही पोस्ट बृंदावन के निवासी सकलदेव ठाकुर पिता निर्मल ठाकुर का 25 वर्षों से लम्बित सामाजिक क्रियाकलाप से वंचित थे जिन्हें बीते दिनांक 02/06/26 दिन मंगलवार को स्थान जननायक कपूरी ठाकुर भवन परिसर प्रधान कार्यालय जोकट चौपारण में चय परगना अध्यक्ष इंद्रदेव ठाकुर के अध्यक्षता में सकलदेव ठाकुर के आवेदन के आलोक में कई प्रकार का ब्यानवाजी, कई प्रबुद्ध लोगों के विचार-विमर्श और कई समाजिक दायित्वों पर ध्यान आकृष्ट करते हुए उन्हें नाई समाज के पगडंडियों का याद दिलाकर समाज में शामिल कर लिया गया है। उक्त ठाकुर को अपने किए कराए पर घोर (भरपूर)पश्चाताप हुआ है, साथ ही साथ क्षमा याचना समाज अग्रिम पदाधिकारियों द्वारा किया गया, नाई समाज के पुरौता जगदीश ठाकुर उर्फ साधु के साथ साथ कई अभिभावकों के द्वारा भी उन्हें समाज में मिलजुल कर रहने के लिए और समाज एक गंगा हैं श्लोगन देकर मार्गदर्शित किए इसके बगैर रहना जीवन यापन करना कई कठिनाइयों का सामना करने के बराबर होता है। बताते चलूं कि जगदीश ठाकुर उर्फ साधु सहित शिष्टाचार सामूहिक रूप से समाज के कई हस्तियां मिलकर समाजिक कुरीतियों को दूर किए और उज्जवल भविष्य के लिए संकल्पित हुए उपरोक्त आयोजित बैठक में चय परगना अध्यक्ष इंद्रदेव ठाकुर, पूर्व महासचिव सह भद्रकाली कॉलेज इटखोरी के प्रिंसिपल डॉ. दुलार ठाकुर, प्रखंड चौपारण के अध्यक्ष ब्रजकिशोर ठाकुर, पूर्व मुखिया बरही पूर्वी वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, सचिव पप्पू ठाकुर, झारखंड डिफेंस सेवानिवृत्त अर्जुन ठाकुर, हाईस्कूल सेवानिवृत्त शिक्षक कपिल ठाकुर, अनुमंडलीय महामंत्री सह प्रखंड कोषाध्यक्ष सुबोध ठाकुर, तापेश्वर ठाकुर, नंदकिशोर ठाकुर ठाकुर, केदार ठाकुर, राजेश, दिनेश शर्मा,सीताराम ठाकुर, विक्रम ठाकुर, सुरेश ठाकुर, मनोहर ठाकुर, उमेश ठाकुर सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

उपस्वास्थ्य केन्द्र बना मवेशियों का 'चरागाह', वर्षों से भवन बंद

विष्णुगढ़ : सरकार की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से करोड़ों रुपये खर्च कर उपस्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण कराया गया, लेकिन कई केन्द्र आज भी अपनी बदहाली की कहानी बयां कर रहे हैं। ऐसा ही मामला विष्णुगढ़ प्रखंड की गैड़ा पंचायत के बसरिया गांव का है, जहां लगभग 22 लाख रुपये की लागत से निर्मित उपस्वास्थ्य केंद्र वर्षों बाद भी संचालित नहीं हो सका है। भवन बनने के बाद से ही केंद्र में स्वास्थ्य सेवाएं शुरू नहीं हो सकीं। वर्तमान में यह उपस्वास्थ्य केंद्र जंगल-झाड़ियों से घिरकर चरागाह में तब्दील हो गया है। भवन के दरवाजे-खिड़कियां भी जर्जर हो चुके हैं और परिसर में मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। करोड़ों की सरकारी योजना आज पूरी तरह उपेक्षा का शिकार बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि उपस्वास्थ्य केंद्र चालू नहीं होने के कारण उन्हें मामूली इलाज के लिए भी लगभग 14 किलोमीटर दूर विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ता है।

औद्योगिक प्रशिक्षण के पश्चात ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्र-छात्राएं पुनः शैक्षणिक गतिविधियों में हुए शामिल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फार्मेसी के बी.फार्मा छात्र-छात्राएं सफलतापूर्वक औद्योगिक प्रशिक्षण पूर्ण कर पुनः अपनी नियमित शैक्षणिक गतिविधियों में शामिल हो गये हैं। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने तलवार फार्मा, रुड़की में आधुनिक औषधि निर्माण प्रक्रियाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान उन्हें पैलेट (Pellets) निर्माण, कैप्सूल फिलिंग, टैबलेट प्रोसेसिंग तथा पैकिंग की संपूर्ण निर्माण प्रक्रिया को आधुनिक मशीनों के माध्यम से समझाया गया। विद्यार्थियों ने अपनी कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक (Theoretical) जानकारी को वास्तविक औद्योगिक मशीनों एवं उत्पादन प्रक्रिया से जोड़ते हुए व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। इस औद्योगिक प्रशिक्षण को सफल बनाने में

डॉ. विपिन कुक्कर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने विद्यार्थियों को फार्मास्यूटिकल उद्योग की कार्यप्रणाली, गुणवत्ता नियंत्रण (Quality Control), गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस (GMP) तथा उत्पादन से जुड़े विभिन्न तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र (Training Certificate) प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने इसे अपने करियर के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक अनुभव बताया। महाविद्यालय प्रबंधन ने आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के औद्योगिक प्रशिक्षण से विद्यार्थियों के ज्ञान, कौशल एवं रोजगार क्षमता में और अधिक वृद्धि होगी। प्रशिक्षण के अगले दिन विद्यार्थियों ने ऋषिकेश का शैक्षणिक एवं मनोरंजक भ्रमण भी किया। इस दौरान उन्होंने गंगा तट, प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया तथा प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। इस यात्रा ने विद्यार्थियों को औद्योगिक ज्ञान के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं सामाजिक अनुभव भी प्रदान किया। महाविद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों के सुरक्षित लौटने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान, व्यक्तित्व विकास तथा उद्योग जगत की समझ को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

गम्भीर बीमारी से जूझ रही मासूम बच्ची को मिली राहत, मुख्यमंत्री ने दिये समुचित इलाज के निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बरही : चौपारण प्रखंड निवासी मोहम्मद एजाज की साढ़े तीन वर्षीय मासूम पुत्री लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रही है। बच्ची के इलाज के लिए परिवार ने अपनी वर्षों की जमा-पूंजी खर्च कर दी। इतना ही नहीं, इलाज का खर्च उठाने के लिए अपनी जमीन-जायदाद भी बेचनी पड़ी। इसके बावजूद आर्थिक तंगी के कारण बच्ची का समुचित इलाज कराना परिवार के लिए बेहद कठिन हो गया था। बच्ची के पिता मोहम्मद एजाज ने बताया कि इलाज के लिए उन्होंने हरसंभव प्रयास किया, लेकिन सभी रास्ते बंद होते नजर आने लगे। अंततः उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपनी मासूम बेटी के इलाज में सहायता की गुहार लगाई। इस मामले में सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार ने सक्रिय पहल करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (पूर्व में ट्विटर) के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं संबंधित वरीय अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तत्काल जिला प्रशासन को बच्ची के समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्यमंत्री असाध्य रोग योजना के तहत बच्ची के इलाज की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी, जिससे परिवार को बड़ी राहत मिली। बच्ची के पिता मोहम्मद एजाज ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जिला प्रशासन तथा सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर मिली इस सहायता से उनकी बेटी के बेहतर इलाज की उम्मीद जगी है। उन्होंने सभी सहयोगकताओं का धन्यवाद देते हुए कहा कि यह मदद उनके परिवार के लिए किसी नई जिंदगी से कम नहीं है।

प्रखण्ड के सबसे बड़े खेल मैदान को व्यवस्थित करने की उठी मांग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चौपारण, हजारीबाग : प्रखण्ड मुख्यालय स्थित एकमात्र खेल स्टेडियम वर्षों से प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। खेल गतिविधियों के लिए बनाए गए इस मैदान की बदहाल स्थिति को देखते हुए स्थानीय खिलाड़ियों और सीएसएसीए संस्था के सदस्यों ने सोमवार को स्वयं पहल करते हुए स्टेडियम में बने अवैध रास्ते को बंद कर दिया। जेसीबी की मदद से गिरी हुई दीवार के मलबे को हटाकर वहां मिट्टी का बांध बनाते हुए रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया गया। जानकारी के अनुसार करीब दो दशक पूर्व सीएसएसीए संस्था द्वारा आयोजित बड़े खेल आयोजनों को देखते हुए तत्कालीन सरकार ने इस खेल मैदान में स्टेडियम का निर्माण कराया था। यह मैदान प्रखण्ड का सबसे बड़ा खेल परिसर है, जहां खेल प्रतियोगिताओं के अलावा राजनीतिक, सामाजिक और सरकारी कार्यक्रम भी आयोजित होते रहे हैं। बीते कई वर्षों से स्टेडियम की एक दीवार

गिरी हुई थी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने उसी स्थान को रास्ते के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे बाइक सवारों और ग्रामीणों की आवाजाही सीधे खेल मैदान के बीच से होने लगी, जिससे मैदान का स्वरूप ही बदल गया और खिलाड़ियों को अभ्यास में भारी परेशानी होने लगी। सोमवार को सीएससीए के अध्यक्ष तस्लीम राजा, सचिव, खेल प्रेमी संस्था के सदस्य बीएसएफ जवान राहुल कुमार, प्रेम पासवान, राजा कुमार, बबन कुमार, अजय यादव सहित अन्य सदस्यों ने जेसीबी लगाकर अवैध रास्ते को स्थायी रूप से बंद कराया। खिलाड़ियों का कहना है कि यदि मैदान को रास्ते के रूप में इस्तेमाल किया जायेगा तो खेल गतिविधियां प्रभावित होती रहेंगी। खिलाड़ियों ने बताया कि सरकार जहां युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने और नशामुक्ति अभियान चलाने की बात करती है, वहीं चौपारण का एकमात्र खेल मैदान बदहाली का शिकार है। स्टेडियम में शौचालय जर्जर हैं, खिड़कियां और दरवाजे टूट चुके हैं, सुरक्षा व्यवस्था नहीं है तथा रखरखाव का अभाव साफ दिखाई देता है। निर्माण के बाद आज तक स्टेडियम का विधिवत टेकओवर संबंधित संस्था को नहीं मिलने से रखरखाव की जिम्मेदारी भी स्पष्ट नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह बड़ी संख्या में लोग यहां मॉर्निंग वॉक के लिए आते हैं, जबकि रात के समय मैदान असामाजिक तत्वों और नशाखोरों का अड्डा बन जाता है। मैदान में अक्सर शराब की खाली बोतलें और अन्य आपत्तिजनक सामग्री पड़ी मिलती है। इसे रोकने के लिए सीएससीए ने स्टेडियम के दोनों मुख्य गेट पर ताला भी लगाया है, लेकिन पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से समस्या बनी हुई है।

बीस फीट ऊंचा भगवा झंडा के साथ हिन्दू राष्ट्रसंघ मनायेगा स्थापना दिवस

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : बुढ़वा महादेव प्रांगण में प्रदेश अध्यक्ष शशि भुषण केशरी की अध्यक्षता में हिन्दू राष्ट्रसंघ की बैठक आयोजित की गई । जय श्री राम की उद्घोषणा के साथ शशि भुषण केशरी ने कहा की आगामी 5 अगस्त को हिन्दू राष्ट्रसंघ अपनी छठवी स्थापना दिवस मनायेगा। कार्यक्रम की शुरूवात दिन 11:00 बजे बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर मे बेल वृक्ष का वृक्षारोपण करते हुए किया जायेगा। तत्पश्चात सिलवार पहाड़ के लिए प्रस्थान किया जाएगा और हिन्दू राष्ट्रसंघ के द्वारा 20 फिट का भगवा झंडा फहराया जायेगा। इसके बाद संघ के द्वारा भोग प्रसाद एवं खिचड़ी का वितरण किया जायेगा। श्री केसरी ने स्थापना दिवस के इस कार्यक्रम मे अधिक से अधिक संख्या मे लोगो को आने का अपील करते हुए हिन्दू राष्ट्र संघ के प्रति अपना श्रद्धा और साथ निभाते हुए मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया है। इस बैठक मे हिन्दू राष्ट्र संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

अवैध रूप से बालू की ढुलाई लगातार जारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



बरही : राज्य में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देश लागू होने के बावजूद धनबाद रोड पर प्रतिदिन सुबह सैकड़ों ट्रैक्टरों के परिचालन का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एनजीटी के प्रतिबंध और जिला प्रशासन के आदेश के बावजूद अवैध रूप से बालू की ढुलाई लगातार जारी है। इससे न केवल एनजीटी के निर्देशों की अनदेखी हो रही है, बल्कि जिला प्रशासन के आदेशों का भी उल्लंघन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, अवैध रूप से बालू की ढुलाई भंडारो, कोल्हुआकला क्षेत्र से विजैया होते हुए करियातपुर के रास्ते नेशनल हाईवे और फिर धनबाद रोड के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में की जा रही है। इधर, गौरियाकरमा से भी बालू की अवैध ढुलाई की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में ट्रैक्टर इस मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन इनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से अवैध कारोबार पर रोक नहीं लग पा रही है। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि अवैध बालू परिवहन से राज्य सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। साथ ही, सरकार द्वारा अवैध खनन पर रोक लगाने और राजस्व संरक्षण के लिए किये जा रहे प्रयासों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। एनजीटी के निर्देशों के अनुपालन को लेकर उपायुक्त द्वारा 10 जून को पत्र जारी कर देवचंदा मोड़ पर अस्थायी चेक पोस्ट स्थापित करने का आदेश दिया गया था। इसके तहत तीन शिफ्टों में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है। दंडाधिकारी के रूप में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोहर भगत, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सदानंद यादव एवं अंचल निरीक्षक अजय कुमार की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं पुलिस पदाधिकारी के रूप में एसआई पृथ्वी हरिजन, एएसआई अजीजुल हक तथा देवेंद्र सिन्हा को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सड़क पर जल जमाव का धरना देकर विधायक ने किया विरोध

धनबाद : धनबाद के कतरास में बारिश के बाद जलजमाव की गंभीर समस्या को लेकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। पचगढ़ी बाजार की मुख्य सड़क पूरी तरह पानी में डूब गई है। दुकानों और घरों में पानी घुसने से व्यापारियों और स्थानीय लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। सोमवार को हालात का जायजा लेने पहुंचे बाघमारा के भाजपा विधायक शत्रुघ्न महतो स्थानीय लोगों के साथ जलमग्न सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। विधायक ने नगर निगम की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए अधिकारियों को मौके से ही फोन पर फटकार लगाई और तत्काल समाधान की मांग की। लगातार हो रही बारिश ने कतरास नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या-3 स्थित पचगढ़ी बाजार की बदहाल व्यवस्था की पोल खोल दी है।

बारिश से बचाव के लिए ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को हजारीबाग यूथ विंग ने रेनकोट रूपी सुरक्षा की दी सौगात



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग यूथ विंग हजारीबाग की धरती पर एक ऐसी सामाजिक संस्था बनकर उभर रही हैं जिसने अपने निस्वार्थ, मानवीय और जनकल्याणकारी कार्यों के बल पर बेहद कम समय में समाज के बीच विशिष्ट पहचान और सम्मानजनक स्थान अर्जित किया है। सेवा, संवेदना और सामाजिक सरोकार को अपना मूल उद्देश्य बनाकर यह संस्था निरंतर जनभावनाओं के अनुरूप कार्य कर रही है। इसी क्रम में शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए धूप, बारिश और विपरीत परिस्थितियों में भी लगातार ड्यूटी पर तैनात फ्रंटलाइन पुलिस वॉरियर्स ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के सम्मान एवं सुरक्षा के उद्देश्य से हजारीबाग यूथ विंग द्वारा सोमवार को सीसीआर प्रांगण में रेनकोट समर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवा और संवेदनशीलता से जुड़े इस कार्यक्रम में पहले चरण में 60 से अधिक ट्रैफिक पुलिस जवानों को रेनकोट समर्पित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में हेडक्वार्टर डीएसपी ज्ञान रंजन, सदर एसडीपीओ रूपक कुमार सिंह, सीसीआर डीएसपी मो. अरमानुल हक, सार्जेंट मेजर कुमार देवव्रत तथा ट्रैफिक थाना प्रभारी अनूप कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान के साथ हुई।

एक झलक

अपर्णा पब्लिक स्कूल में स्वच्छता की शपथ, विद्यार्थियों ने स्वच्छ भारत निर्माण का लिया संकल्प

धनबाद : इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन की ओर से सोमवार को कुसुम विहार फेज-2 स्थित जूनियर अपर्णा पब्लिक स्कूल में स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना और उन्हें अपने आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में विद्यालय की कक्षा 5 एवं 6 के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्लब की सचिव गीता चौबे ने बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ जीवन की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने विद्यालय, घर और आसपास के क्षेत्रों को साफ रखने तथा अन्य लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर क्लब की उपाध्यक्ष रेणु कौशल भी उपस्थित रहीं। विद्यालय के शिक्षकों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई के महत्व की जानकारी दी। क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन समाज में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने के लिए लगातार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करता रहा है।

बिना सूचना कार्यकारिणी सदस्य पद से हटाये जाने का संतोष सिंह ने किया विरोध

धनबाद: धनबाद क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीए) की कार्यकारिणी समिति से सदस्य पद से हटाए जाने के बाद संतोष सिंह ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर कार्रवाई का विरोध जताया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना किसी पूर्व सूचना, कारण बताओ नोटिस, सहमति या त्यागपत्र के उन्हें पद से हटाकर उनके स्थान पर दूसरे व्यक्ति की नियुक्ति कर दी गई, जो एसोसिएशन की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विपरीत है। संतोष सिंह ने कहा कि 20 जुलाई 2026 को विभिन्न समाचार पत्रों से उन्हें इस निर्णय की जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-2027 के कार्यकाल के लिए उनका निर्वाचन तत्कालीन सहायक निर्वाचन पदाधिकारी और निर्वाचन पदाधिकारी की देखरेख में विधिवत चुनाव प्रक्रिया के तहत हुआ था। ऐसे में बिना आधिकारिक सूचना या कारण बताए उन्हें हटाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को निराधार और तथ्यहीन बताते हुए कहा कि उन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर भी नहीं दिया गया। उन्होंने डीसीए अध्यक्ष से संविधान, पारदर्शिता और लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करते हुए निर्णय लेने की अपील की। साथ ही कहा कि एसोसिएशन क्रिकेट के विकास के लिए कार्य करती रहे और इसे राजनीति का मंच न बनाया जाए। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सत्य सामने लाने की मांग की।

नवोदय विद्यालय प्रकरण में घायल छात्र से मिले भाजपा नेता, निष्पक्ष जांच व दोषियों पर कार्रवाई की मांग

धनबाद : नवोदय विद्यालय में छात्र के घायल होने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। सोमवार को भाजपा नेता जगदीश रवानी के नेतृत्व में भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) पहुंचकर घायल छात्र का हालचाल लिया। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा मोर्चा के जिलाध्यक्ष परेश चंद्र दास, प्रदेश मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने अस्पताल अधीक्षक डॉ. दिनेश गिनडोरिया से मुलाकात कर छात्र के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान अधीक्षक ने छात्र का तत्काल सीटी स्कैन कराने की व्यवस्था कराई। उन्होंने बताया कि अब तक हुई सभी चिकित्सीय जांच की रिपोर्ट सामान्य आई है।

जोरापोखर थाना कांड संख्या 23/18 में सुरेश साव दोषी करार, अदालत ने लगाया 20 हजार का जुर्माना

धनबाद : व्यवहार न्यायालय ने जोरापोखर थाना कांड संख्या 23/18 में सुनवाई पूरी होने के बाद महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए अभियुक्त सुरेश साव को दोषी करार दिया। न्यायालय ने मामले में प्रस्तुत साक्ष्यों, गवाहों के बयान एवं अभियोजन पक्ष की दलीलों के आधार पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 279, 323, 341 एवं 427 के तहत दोष सिद्ध पाया। अदालत ने दोषी सुरेश साव पर 20,000 (बीस हजार रुपये) का अर्थदंड (जुर्माना) लगाया। यह फैसला मामले की विस्तृत सुनवाई के उपरांत सुनाया गया, जिसमें अभियोजन पक्ष ने उपलब्ध साक्ष्यों को न्यायालय के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक (एपीपी) सतेंद्र कुमार राय ने पैरवी की। उन्होंने न्यायालय के समक्ष गवाहों के बयान एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध अपना पक्ष मजबूती से रखा। अभियोजन की प्रभावी दलीलों के बाद न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी मानते हुए जुर्माने की सजा सुनाई।

काला हीरा के तीसरे दिन नाटकों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का जीता दिल

कलाकारों ने गीत-संगीत व नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : सीसीडब्ल्यूओ कम्युनिटी हॉल में आयोजित अखिल भारतीय बहुभाषी नाट्य, नृत्य, चित्रकला एवं संगीत महोत्सव 'काला हीरा' के तीसरे दिन सोमवार को रंगमंच और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जमशेदपुर की संस्था कला क्रिएशन ने हरिशंकर परसाई की रचना पर आधारित व्यंग्य नाटक 'मैं नर्क से बोल रहा हूं' का प्रभावशाली मंचन किया, जबकि गिरिडीह की सांस्कृतिक संस्था आईना ने महेश अमन के निर्देशन में 'तुमने मुझे खूबसूरत क्यों कहा' प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। कार्यक्रम में स्थानीय तथा विभिन्न राज्यों से आये कलाकारों ने गीत-संगीत और नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां भी दीं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। 'मैं नर्क से बोल रहा हूं' नाटक ने सामाजिक विषमता, प्रशासनिक लालफीताशाही और राजनीतिक ढोंग पर तीखा व्यंग्य किया। निर्देशक एवं अभिनेता मसरूर सिद्दीकी ने आम आदमी की बेबसी, भूख, गरीबी और व्यवस्था की संवेदनहीनता को प्रभावी ढंग से मंच पर जीवंत किया। नाटक में दिखाया गया कि किस प्रकार सत्ता अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए झूठे सरकारी दस्तावेजों और रिपोर्टों का सहारा लेती है, जबकि गरीब व्यक्ति व्यवस्था की उपेक्षा का शिकार बनता है। दूसरी प्रस्तुति 'तुमने मुझे खूबसूरत क्यों कहा' मानव मनोविज्ञान पर आधारित रही। यशपाल की कहानी पर आधारित इस नाटक में यह संदेश दिया गया कि प्रेम, अपनापन और सकारात्मक संवाद किसी व्यक्ति में जीने की नई उम्मीद जगा सकते हैं। उमंग की भूमिका में तरुण राज सिंह, बीमार युवती के रूप में प्रगति वर्मा तथा डॉक्टर की भूमिका में ऋषभ नंदन सहित सभी कलाकारों ने प्रभावशाली अभिनय किया। प्रकाश, संगीत और मंच सज्जा ने भी प्रस्तुति को आकर्षक बनाया। महोत्सव के अंतिम दिन मंगलवार को मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, गुजरात और झारखंड की विभिन्न टीमों द्वारा नाटक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जायेंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, सचिव हेमंत कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष नरेश राय सहित आयोजन समिति के सभी सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

गायत्री शक्तिपीठ बस्ताकोला में कुमुद बाला दास को श्रद्धांजलि, प्रार्थना सभा आयोजित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झरिया/धनबाद : गायत्री शक्तिपीठ बस्ताकोला की संरक्षक परिवार से जुड़ी वरिष्ठ सदस्य एवं कोल इंडिया के पूर्व मुख्य सतर्कता अधिकारी उपेंद्र लाल दास की धर्मपत्नी कुमुद बाला दास (80 वर्ष) के निधन पर रविवार को गायत्री शक्तिपीठ परिसर में शोक एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उनके निधन से गायत्री परिवार में शोक की लहर है। दोपहर तीन बजे शक्तिपीठ सभागार में आयोजित प्रार्थना सभा में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई। सभा में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। वहीं प्रातःकाल आयोजित हवन में भी उनके नाम से विशेष आहुति अर्पित की गई। सभा की अध्यक्षता विभूति शरण सिंह ने की। वक्ताओं ने कहा कि कुमुद बाला दास का गायत्री शक्तिपीठ बस्ताकोला के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनके कार्यकाल में शक्तिपीठ के निर्माण एवं विभिन्न सेवा कार्यों को नई गति मिली। उनके सरल, सेवाभावी एवं धार्मिक व्यक्तित्व को हमेशा स्मरण किया जाएगा। इस अवसर पर मिल चंद्र दास, नरेश भट्ट, विनोद कुमार साव, अधिवक्ता भूपेंद्र शर्मा, प्रयाग कुमार, अशोक स्वर्णकार, अरविंद स्वर्णकार, अरविंद कुमार सिंह, संजय सिन्हा, नमिता देवी, नंदिनी देवी, ज्योति सिंह, रेखा शर्मा, लता पाराशर, कंचन जायसवाल, छोटी देवी, सीमा देवी, उषा कुमारी, रीमा कुमारी, मीरा सिंह सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

बीसीसीएल में सतर्कता विभाग का तीसरे चरण का सघन निरीक्षण अभियान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) में पारदर्शिता और तकनीक आधारित कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में सतर्कता विभाग ने सोमवार को सघन निरीक्षण अभियान के तीसरे चरण का संचालन किया। विशेष रूप से गठित समितियों ने बस्ताकोला, लोदना और गोविंदपुर क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न परिचालन एवं तकनीकी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य आईटी आधारित प्रणालियों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना, निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुपालन की जांच करना तथा संचालन व्यवस्था में सुधार की संभावनाओं की पहचान करना था। निरीक्षण के दौरान समितियों ने बीसीसीएल की प्रमुख डिजिटल व्यवस्थाओं, जिनमें इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी), डिजिटल डीजल डिस्पेंसिंग यूनिट (डीडीयू), जीपीएस आधारित व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम (वीटीएस) तथा वेब्रिज ऑटोमेशन सिस्टम शामिल हैं, की विस्तृत समीक्षा की। अधिकारियों ने इन प्रणालियों के संचालन, डेटा मॉनिटरिंग, रिकॉर्ड संधारण और तकनीकी दक्षता का परीक्षण करते हुए यह भी देखा कि निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन किस स्तर तक किया जा रहा है। सतर्कता विभाग की टीम ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी ली तथा मौके पर उपलब्ध अभिलेखों और तकनीकी संसाधनों का सत्यापन भी किया। निरीक्षण के दौरान जहां आवश्यक सुधार की जरूरत महसूस हुई, वहां संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुझाव भी दिए गए ताकि परिचालन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाया जा सके। बीसीसीएल प्रबंधन का कहना है कि यह अभियान कंपनी में जवाबदेही, पारदर्शिता और सुशासन को बढ़ावा देने की सतत प्रक्रिया का हिस्सा है। आधुनिक तकनीक के अधिकतम उपयोग और नियमित निगरानी के माध्यम से कोयला उत्पादन एवं परिवहन से जुड़ी व्यवस्थाओं को अधिक सुरक्षित, कुशल और पारदर्शी बनाने की दिशा में कंपनी लगातार प्रयासरत है। सतर्कता विभाग का यह अभियान भविष्य में भी अन्य क्षेत्रों में जारी रहेगा, ताकि सभी परिचालन प्रक्रियाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित होती रहें।

23 साल से जमा सिक्योरिटी डिपॉजिट पर ब्याज की मांग तेज, एफसीआई लीजधारकों ने उठाया मुद्दा

सिन्दरी (धनबाद) : एफसीआई सिंदरी द्वारा लीज पर आवंटित आवासों के लिए कर्मचारियों से लिए गए सिक्योरिटी डिपॉजिट पर ब्याज नहीं मिलने का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। जन अधिकार मंच के अध्यक्ष एवं सिंदरी बचाओ मोर्चा के सदस्य रंजीत कुमार ने इस व्यवस्था को कर्मचारियों के साथ अन्याय बताते हुए एफसीआई के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) को पत्र भेजकर लीजधारकों को उनकी जमा राशि पर ब्याज देने की मांग की है। रंजीत कुमार ने बताया कि एफसीआई प्रबंधन ने वीएसएस (स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति) कर्मियों को लीज पर आवास आवंटित करते समय सिक्योरिटी डिपॉजिट के रूप में लाखों रुपये जमा कराए थे। उदाहरण के तौर पर रोहड़ाबांध स्थित एफ-टाइप आवास के लिए करीब 4.55 लाख रुपये सिक्योरिटी डिपॉजिट लिया गया था। इसके अलावा लीजधारकों से प्रतिवर्ष लीज किराया भी वसूला जाता है।

रोटरी क्लब ऑफ धनबाद सेंट्रल का 12वां चेंजओवर समारोह भव्यता के साथ सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : रोटरी क्लब ऑफ धनबाद सेंट्रल का 12वां चेंजओवर समारोह वेडलॉक ग्रीन रिसॉर्ट्स में गरिमामय माहौल में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि पीआरआईडी रोटेरियन कमल संघवी की उपस्थिति में रोटरी वर्ष 2025-26 के अध्यक्ष आई.पी.पी. रोटेरियन सीए विनीत तुलस्यान ने अपने कार्यकाल का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर रोटरी वर्ष 2026-27 के लिए अध्यक्ष पद का दायित्व रोटेरियन अतुल डोकानिया को सौंपा। समारोह में रोटेरियन अतुल डोकानिया ने अध्यक्ष, रोटेरियन पंकज गोयल ने सचिव तथा रोटेरियन चेतन तुलस्यान ने कोषाध्यक्ष पद की शपथ ली। नई कार्यकारिणी ने सेवा कार्यों, सदस्यता विस्तार और स्थायी परियोजनाओं को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण आकर्षण एक साथ 26 नए सदस्यों का इंडक्शन रहा, जिसे रोटरी क्लब ऑफ धनबाद सेंट्रल और रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 के इतिहास की उल्लेखनीय उपलब्धि बताया गया। समारोह में नए सदस्यों व महिला सदस्यों का स्वागत, जिला एवं क्लब पुरस्कार वितरण, नई कार्यकारिणी का परिचय तथा उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए सदस्यों को सम्मानित किया गया। चेंजओवर चेयरमैन रोटेरियन राहुल गोयल और रोटेरियन नितेश बुबना के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम, लाइव म्यूजिक और फेलोशिप डिनर का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में रोटेरियन्स, गणमान्य नागरिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

पूर्व मंत्री स्व. मन्नान मलिक को आरसीएमयू ने दी श्रद्धांजलि, जनसेवा को किया याद

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (आरसीएमयू) के अध्यक्ष कुमार जयमंगल एवं कार्यकारी अध्यक्ष अनुपमा सिंह ने रविवार की शाम पूर्व मंत्री स्वर्गीय मन्नान मलिक को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान दोनों नेताओं ने उनके शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। अपने संयुक्त शोक संदेश में कुमार जयमंगल और अनुपमा सिंह ने कहा कि स्व. मन्नान मलिक एक ईमानदार, संघर्षशील, निर्भीक और जनसेवा के प्रति पूर्णतः समर्पित जननेता थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन गरीबों, मजदूरों, शोषितों, वंचितों तथा समाज के हर वर्ग के लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित किया। उनके व्यक्तित्व और कार्यशैली ने जनप्रतिनिधियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए एक आदर्श स्थापित किया। नेताओं ने कहा कि स्व. मन्नान मलिक का निधन धनबाद ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड की राजनीति, विधि जगत और मजदूर आंदोलन के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके सामाजिक योगदान और जनहित में किए गए कार्यों को हमेशा याद रखा जायेगा। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में हुब्बान मलिक, जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, ए.के. झा, मुख्तार खान, रामप्रीत यादव, रामगोपाल भुवानिया, करीम अंसारी, बाबू अंसारी, मनोज सिंह, शाहिद कमर, कुमार गौरव सोनू, अक्षेयवर प्रसाद, क्यूम खान, अख्तर खान, विजय कुमार पासवान, सतपाल सिंह ब्रोका, शैलेंद्र सिंह, जावेद रजा, गौतम सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

ईसीएल क्षेत्र के विकास व श्रमिक कल्याण पर जदयू प्रतिनिधिमंडल ने सीएमडी से की चर्चा

धनबाद : जनता दल (यूनाइटेड) का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को पार्टी के धनबाद जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह के नेतृत्व में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) मुख्यालय, सकटोरिया पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने ईसीएल के सीएमडी सतीश झा से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। बैठक के दौरान ईसीएल क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने, श्रमिकों के कल्याण तथा स्थानीय समस्याओं के समाधान से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। जदयू प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र के समग्र विकास और श्रमिक हितों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं, सीएमडी सतीश झा ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और विकास एवं श्रमिक कल्याण से जुड़े विषयों पर सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर जदयू धनबाद जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी क्षेत्र के विकास और श्रमिकों के हितों से जुड़े मुद्दों को लगातार उठाती रही है तथा भविष्य में भी जनहित के सवालों को प्रमुखता से संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखती रहेगी।

भारी बारिश में चार घंटे तक भाजपा का जल सत्याग्रह, जलजमाव पर प्रशासन को दी आन्दोलन की चेतावनी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बाघमारा (धनबाद) : कतरास के पचगढ़ी बाजार में लगातार जलजमाव की समस्या के विरोध में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के कतरास मंडल ने एक दिवसीय जल सत्याग्रह आयोजित किया। मंडल अध्यक्ष सूर्यदेव मिश्रा की अध्यक्षता और बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो के नेतृत्व में हुए इस विरोध प्रदर्शन में भारी बारिश के बावजूद सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता, व्यवसायी और स्थानीय नागरिक करीब चार घंटे तक धरने पर डटे रहे। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने स्थानीय पार्षद, मेयर एवं नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विधायक शत्रुघ्न महतो ने धरना स्थल से ही नगर विकास मंत्री और नगर आयुक्त से दूरभाष पर बातचीत कर पचगढ़ी बाजार में जलभराव की गंभीर स्थिति से अवगत कराया तथा तत्काल समाधान की मांग की। नगर आयुक्त के निर्देश पर कार्यपालक पदाधिकारी शब्बीर आलम मौके पर पहुंचे और विधायक के साथ समस्या पर चर्चा की। विधायक ने कहा कि 14 अगस्त 2025 को नगर निगम ने तीन माह के भीतर जलजमाव की समस्या दूर करने का आश्वासन दिया था, लेकिन एक वर्ष बाद भी हालात और खराब हो गए हैं। उन्होंने अधिकारियों के साथ जाम नालियों का निरीक्षण करते हुए शीघ्र जल निकासी की स्थायी व्यवस्था और गुणवत्तापूर्ण नाला निर्माण कराने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो भाजपा स्थानीय व्यवसायियों और आम नागरिकों के साथ मिलकर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करेगी। धरना-प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष महेश पासवान, टुनटुन गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा उपाध्यक्ष विवेक हजारी, कुंदन सिंह, मुकेश झा, विनय पासवान, सुधीर सिंह, पिंटर शर्मा, बबलू बनर्जी, प्रकाश राम गुप्ता, भरत शर्मा, कृष्णा भुईंया, अशोक उरांव, जानकी देवी, मनोज गुप्ता, बबलू भगत, रविंद्र विजन, राजेश यादव, मुन्ना सिंह, छोटे लाल यादव, छोटू पासवान, शक्ति यादव, शैलेश बर्मन, सरोज विश्वकर्मा, पिंटू दे, बच्चा सिंह, अप्पू साहू, विवेक साहू, चंदन चौहान, चंदन कुमार, पंकज गुप्ता, दीपक केसरी, सौरभ गुप्ता, पप्पू मंडी, आरती देवी, कंचन सिंह, शशिकला रावत, अरुण गुप्ता, वाई.के. पाठक, विकास गुप्ता, बबलू मिश्रा,

महुदा पीएचसी में वज्रपात का कहर, सोलर प्लांट और मोबाइल टावर क्षतिग्रस्त, अस्पताल की बिजली व्यवस्था ठप

बाघमारा (धनबाद) : रविवार देर रात महुदा छत्रटांड़ स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) परिसर में आकाशीय बिजली गिरने से अस्पताल की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई। वज्रपात की चपेट में अस्पताल परिसर का सोलर प्लांट और मोबाइल टावर आ गया, जिससे पूरे परिसर में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। घटना में अस्पताल की लाइटें, पंखे और कई अन्य विद्युत उपकरण जल गए, जबकि सोलर प्लांट में भारी शॉर्ट-सर्किट होने से वह पूरी तरह निष्क्रिय हो गया। वज्रपात का असर अस्पताल के आवासीय परिसर तक भी पहुंचा। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के क्वार्टरों में लगे पंखे, टीवी, लाइट और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी मरीज, कर्मचारी या अन्य व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों के अनुसार पीएचसी परिसर में यह पहली बार नहीं हुआ है। इससे पहले भी यहां तीन बार आकाशीय बिजली गिर चुकी है। पूर्व की घटनाओं में परिसर की डीप बोरिंग का मोटर जल गया था। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से अस्पताल की संपत्ति को भारी नुकसान पहुंच रहा है और मरीजों व स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाघमारा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को पत्र भेजकर परिसर में लगे तड़ित चालक (लाइटनिंग अरेस्टर) की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है। साथ ही अस्पताल, आवासीय परिसर और सोलर प्लांट में क्षतिग्रस्त सभी विद्युत उपकरणों की शीघ्र मरम्मत कर सुरक्षित विद्युत व्यवस्था बहाल करने का अनुरोध किया गया है।

सूर्यदेव सिंह पर बन रही फिल्म की टीम ने भूमिगत खदान का किया दौरा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बाघमारा (धनबाद) : मजदूर नेता स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह के जीवन पर आधारित फिल्म की तैयारी के तहत सोमवार को जनता मजदूर संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम अपनी धर्मपत्नी मिनी सिद्धार्थ गौतम, बीसीसीएल सेफ्टी कमेटी सदस्य एवं वरीय नेता संजीत सिंह तथा फिल्म निर्माण टीम के साथ बरोरा क्षेत्र की एएमपी कोलियरी के मुराईडीह स्थित बेनीडीह भूमिगत खदान पहुंचे। ब्लॉक-2 एवं बरोरा क्षेत्र के जनता मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम ने करीब दो घंटे तक भूमिगत खदान का निरीक्षण किया। इस दौरान सिद्धार्थ गौतम और फिल्म निर्माण टीम ने खदान में चल रहे खनन कार्य को करीब से देखा तथा श्रमिकों की कार्य परिस्थितियों और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। बताया गया कि स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह के जीवन पर आधारित फिल्म के विभिन्न दृश्यों को वास्तविक परिवेश में फिल्माने और खदान के माहौल को समझने के उद्देश्य से निर्देशक एवं कलाकारों की टीम ने यह दौरा किया। फिल्म निर्माण टीम में निर्देशक दयाशंकर, रीता घोष, अंकुर श्रीपाठी, सायली भोगले, दुर्गेश, नितेश, मोहित, कृष्णा, सुमित, अभिषेक, सर्वन्या सिंह, तरुण समेत अन्य सदस्य शामिल रहे। दौरे के दौरान भूमिगत खदान के समीप स्थित रेस्ट रूम परिसर में आरसीएमयू के सक्रिय सदस्य ऐतवारी साव ने जनता मजदूर संघ की सदस्यता ग्रहण की। सिद्धार्थ गौतम ने उन्हें माला पहनाकर संगठन में शामिल कराया। इस अवसर पर गोपाल मिश्रा, मंगल हेंब्रम, धर्मचंद देशवाली, सूरजवाली साव, गणेश सिंह, अखिलेश नोनिया, परमेश्वर भुईयां, लखन बेलदार, ओमप्रकाश बेलदार, प्रताप सिंह, माथुरा पासवान, सोनू कुमार सिंह, मुकेश कुमार सहित ब्लॉक-2 एवं बरोरा क्षेत्र के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पाटलीपुत्र अस्पताल में अत्याधुनिक तकनीक से सफल घुटना प्रत्यारोपण, धनबाद में पहली बार यूकेआर सर्जरी



धनबाद : जोड़ा फाटक रोड स्थित पाटलीपुत्र अस्पताल में अत्याधुनिक यूनिकोम्पार्टमेंटल नी रिप्लेसमेंट (यूकेआर) तकनीक से 60 वर्षीय महिला का सफल घुटना प्रत्यारोपण किया गया। अस्पताल के अनुसार, धनबाद में इस तकनीक से किया गया यह पहला ऑपरेशन है, जबकि झारखंड में भी इस पद्धति का उपयोग अभी सीमित स्तर पर हो रहा है। आर्थोपेडिक्स एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ डॉ. निखिल ड्रोलिया के नेतृत्व में यह सर्जरी तेलमच्चो बाजार निवासी 60 वर्षीय मंजू देवी की गई। वह पिछले छह माह से घुटने के असहनीय दर्द से जूझ रही थीं, जिसके कारण चलने-फिरने और बैठने में काफी परेशानी हो रही थी। जांच में घुटने के एक हिस्से की हड्डी क्षतिग्रस्त पाई गई। इसके बाद डॉक्टरों की टीम ने यूकेआर तकनीक से सफल ऑपरेशन किया। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति सामान्य है और वह तेजी से स्वस्थ हो रही हैं। डॉ. निखिल ड्रोलिया ने बताया कि यूनिकोम्पार्टमेंटल नी रिप्लेसमेंट में पूरे घुटने के बजाय केवल क्षतिग्रस्त हिस्से को बदला जाता है। इससे स्वस्थ हड्डियां और प्राकृतिक लिगामेंट सुरक्षित रहते हैं तथा घुटने की स्वाभाविक कार्यप्रणाली बरकरार रहती है। इस तकनीक में केवल तीन से साढ़े तीन इंच का छोटा चीरा लगाया जाता है, जिससे रक्तस्राव और दर्द कम होता है तथा मरीज कम समय में सामान्य जीवन में लौट सकता है। अधिकांश मरीज सर्जरी के दिन या अगले दिन ही चलने-फिरने लगते हैं।

साक्षरता कर्मियों की समस्याएं विधानसभा तक उठाऊंगी हर मंच पर उनके अधिकारों की लड़ाई लडूंगी : रागिनी सिंह

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झरिया/धनबाद : झारखंड राज्य साक्षरता कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को झरिया स्थित बिहार बिल्डिंग कार्यालय में विधायक रागिनी सिंह से मुलाकात कर वर्षों से लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने वर्ष 2018 से लंबित मानदेय का भुगतान, सेवा समायोजन तथा सम्मानजनक पुनर्नियोजन की मांग उठाते हुए बताया कि लंबे समय से मानदेय नहीं मिलने के कारण साक्षरता कर्मियों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और साक्षरता के क्षेत्र में वर्षों तक सेवा देने के बावजूद आज उन्हें अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। विधायक रागिनी सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए भरोसा दिलाया कि उनकी सभी जायज मांगों को सरकार के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि साक्षरता कर्मियों ने समाज में शिक्षा का अलख जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और उनके साथ अन्याय स्वीकार नहीं किया जा सकता। रागिनी सिंह ने कहा कि वर्ष 2018 से लंबित मानदेय का भुगतान, सेवा समायोजन और सम्मानजनक पुनर्नियोजन साक्षरता कर्मियों का अधिकार है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इन मुद्दों को विधानसभा सहित हर उचित मंच पर प्रभावी ढंग से उठाकर कर्मियों के अधिकार, सम्मान और न्याय के लिए संघर्ष करेंगी। महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि उनके प्रयासों से वर्षों से लंबित समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल होगी।

केजीबीवी गोविंदपुर में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' और साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से सोमवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (के

सम्पादकीय.....

बलोचिस्तान में स्वघोषित आजादी

रिपब्लिक ऑफ बलोचिस्तान के नाम से सोशल मीडिया पर एक स्वघोषित बयान और पत्र वायरल हुए हैं। इसमें बलोच नेता मीर यार बलोच और कुछ पाकिस्तान से आजादी की लड़ाई लड़ रहे संगठनों ने बलोचिस्तान को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया है। अपना नया झंडा और राष्ट्रगान जारी करते हुए सरकार बना लेने का दावा भी किया है। बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों ने 27 पुलिसकर्मियों का अपहरण कर हत्या कर दी है। इससे बलोच आंदोलन उत्साहित हुआ है और वे जल्द कानूनी रूप में आजादी मिल जाने की उम्मीद करने लगे है। हालांकि इस हत्याकांड के बाद पाकिस्तान सेना ने बलोचिस्तान में फ्रंटियर कोर, पुलिस व आतंकवाद निरोधक बल के साथ ऑपरेशन शाबान शुरू कर दिया है। पाकिस्तान के सामने अब बड़ी दिक्कत यह आ रही है कि बीएलए को इजराइली खुफिया एजेंसियों से धन, तकनीक और आधुनिक संचार उपकरण मिल रहे हैं। पाक सेना ने लड़ाकों के पास से स्टारलिंग उपकरण जब्त किए हैं। विद्रोही बलोचों ने करीब 85 प्रतिशत बलोचिस्तान की भूमि पर काबिज होने का दावा किया है। बलोच कार्यकताओं ने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने की अपील भी कर दी है। यह पाकिस्तान का वह प्रमुख क्षेत्र है, जहां से चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा गुजर रहा है। इसकी सुरक्षा और भविष्य को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। यही वह क्षेत्र है, जहां अत्यंत दुर्लभ खनिज एवं प्राकृतिक गैसें उपलब्ध हैं। यही पाकिस्तान की अर्थव्यस्था की रीढ़ हैं। बलोचिस्तान प्रांत में लंबे समय से स्वतंत्रता की जो लड़ाई चल रही है, वह अब सफलता के शिखर पर है। बलोचिस्तान को नए देश के रूप में मान्यता मिल जाती है तो 1971 के बाद पाकिस्तान की भूमि पर दूसरा बड़ा विभाजन दिखाई देगा। 1971 में तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश की मुक्ति वाहिनी सेना को सैनिक मदद देकर पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे। अब बलोच भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग करते हुए दिल्ली में बलोचिस्तान का दूतावास खोलने की मांग कर रहे हैं। प्रसिद्ध लेखक और सामाजिक कार्यकर्ता मीर यार बलोचिस्तान के लोगों के अधिकारों की वकालत के लिए जाने जाते हैं। बलोचों ने संयुक्त राष्ट्र से बलूचिस्तान में शांति रक्षक बल भेजने और पाक सेना को बलोच सीमा क्षेत्र से बाहर कर देने का आग्रह भी किया है। यदि बलोच स्वतंत्र देश बन जाता है तो भारत-पाक युद्ध के बीच 1971 की तरह एक युगांतरकारी घटना देखने को मिलेगी, जिसमें बलोचों द्वारा मनाए जाने वाले उत्सव में भारत भी भागीदार हो सकता है। बलोचों की स्वतंत्रता की संभावना का अहसास पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शाहिद खाकान अब्बासी ने भी जताया है। उनका कहना है कि बलोचिस्तान पर अब सेना और सरकार का नियंत्रण ढीला पड़ रहा है। यहां के हालात इतने खराब हैं कि सरकारी मंत्री तक बाहरी सुरक्षा के बिना बाहर नहीं निकल सकते हैं। सेना के जवान अपने ही देश में बंकरों में छिपे हैं। बलोचिस्तान में विद्रोह की आग चरम पर है। बलोचिस्तान लिबरेशन आर्मी आजादी की मांग करने वाला सबसे पुराना सशस्त्र अलगाववादी संगठन है। यह संगठन पहली बार 1970 में अस्तित्व में आया था। इसने जुल्फिकार अली भुट्टो के कार्यकाल में बलोचिस्तान प्रांत में सशस्त्र विद्रोह का शंखनाद किया था। कालांतर में सैनिक तानाशाह जिया उल हक द्वारा सत्ता हथियाने के बाद बलोच नेताओं के साथ बातचीत हुई, जिसके परिणामस्वरूप संघर्ष विराम की स्थिति बन गई थी। नतीजतन बलोचिस्तान में सशस्त्र विद्रोह खत्म हो गया था और बीएलए का भी कोई वजूद नहीं रह गया था।

श्रमिक चेतना का राष्ट्रवादी अध्याय

विशेष | विपिन बिहारी पाठक

विश्व का बड़ा हिस्सा साम्यवादी विचारधारा से प्रभावित था और भारतीय श्रमिक आंदोलन पर भी वामपंथी संगठनों का प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता था। उस समय श्रमिक आंदोलनों में 'वर्ग संघर्ष' की अवधारणा प्रमुख थी। दत्तोपंत ठेंगड़ी ने इस सोच को भारतीय संस्कृति के अनुरूप नहीं माना। उनका विश्वास था कि श्रमिक, उद्योग और समाज एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि एक ही राष्ट्रीय परिवार के पूरक अंग हैं। इसलिए संघर्ष नहीं, सहयोग ही स्थायी विकास का मार्ग हो सकता है। इसी विचार को व्यवहार में उतारने के लिए 23 जुलाई 1955 को, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती के दिन, भोपाल में भारतीय मजदूर संघ की स्थापना हुई। इसकी शुरूआत अत्यंत साधारण परिस्थितियों में हुई।

यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्रऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी के श्रम-दर्शन का सार है। उन्होंने भारतीय श्रमिक आंदोलन को वर्ग संघर्ष की संकीर्ण सोच से निकालकर राष्ट्रनिर्माण की व्यापक अवधारणा से जोड़ा। यही कारण है कि आज भी भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) केवल एक ट्रेड यूनियन नहीं, बल्कि राष्ट्रहित, श्रमिकहित और उद्योगहित के संतुलन का एक विशिष्ट मॉडल माना जाता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत वैचारिक संक्रमण के दौर से गुजर रहा था। विश्व का बड़ा हिस्सा साम्यवादी विचारधारा से प्रभावित था और भारतीय श्रमिक आंदोलन पर भी वामपंथी संगठनों का प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता था। उस समय श्रमिक आंदोलनों में 'वर्ग संघर्ष' की अवधारणा प्रमुख थी। दत्तोपंत ठेंगड़ी ने इस सोच को भारतीय संस्कृति के अनुरूप नहीं माना। उनका विश्वास था कि श्रमिक, उद्योग और समाज एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि एक ही राष्ट्रीय परिवार के पूरक अंग हैं। इसलिए संघर्ष नहीं, सहयोग ही स्थायी विकास का मार्ग हो सकता है। इसी विचार को व्यवहार में उतारने के लिए 23 जुलाई 1955 को, लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती के दिन, भोपाल में भारतीय मजदूर संघ की स्थापना हुई। इसकी शुरूआत अत्यंत साधारण परिस्थितियों में हुई। न कोई बड़ा संगठन, न सदस्यता, न कार्यालय और न ही आर्थिक संसाधन। केवल 35 कार्यकर्ताओं के साथ प्रारंभ हुआ यह प्रयास आज देश के सबसे बड़े श्रमिक संगठनों में गिना जाता है।

दत्तोपंत ठेंगड़ी का जन्म 10 नवंबर 1920 को महाराष्ट्र के वर्धा जिले के अरवी में हुआ। छात्र जीवन से ही उनमें राष्ट्र और समाज के प्रति गहरी संवेदनशीलता थी। आगे चलकर वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक बने और संगठन निर्माण को अपना जीवन समर्पित कर दिया। भारतीय मजदूर संघ के अतिरिक्त उन्होंने भारतीय किसान संघ, स्वदेशी जागरण मंच और सामाजिक समरसता मंच जैसे अनेक संगठनों की स्थापना की। उल्लेखनीय है कि उन्हें पद्मभूषण सम्मान की घोषणा भी हुई, किंतु उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया। ठेंगड़ी जी की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि उन्होंने श्रमिक आंदोलन को राजनीतिक दलों की प्रतिस्पर्धा से अलग रखने का प्रयास किया। उनका मानना था कि ट्रेड यूनियन का मूल उद्देश्य श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करना है, न कि किसी राजनीतिक दल का विस्तार बनना। यही कारण है कि भारतीय मजदूर संघ ने स्वयं को दलगत राजनीति से अलग रखते हुए श्रमिकों के संगठन के रूप में विकसित किया। बीएमएस की वैचारिक पृष्ठभूमि भारतीय संस्कृति और 'एकात्म मानववाद' पर आधारित है। यह मानती है कि जीवन में विविधता अवश्य है, किंतु उसके मूल में एकता निहित है। इसलिए श्रमिक और उद्योगपति परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विकास यात्रा के सहभागी हैं। यदि दोनों के बीच विश्वास और सहयोग का वातावरण बने तो उत्पादन भी बढ़ेगा और श्रमिकों का सम्मान भी सुरक्षित रहेगा।

इसी सोच से प्रेरित होकर दत्तोपंत ठेंगड़ी ने 'अधिकतम उत्पादन और समान वितरण' का सिद्धांत दिया। उन्होंने पूंजीवाद की केवल उत्पादन-केंद्रित सोच और समाजवाद की केवल वितरण-केंद्रित सोच के स्थान पर संतुलित दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उनका मानना था कि अधिक उत्पादन राष्ट्र का कर्तव्य है और उत्पादन के लाभ का न्यायपूर्ण वितरण श्रमिक का अधिकार। भारतीय मजदूर संघ का प्रसिद्ध आदर्श वाक्य–'हम राष्ट्रहित में काम करेंगे और पूर्ण वेतन की मांग करेंगेश–आज भी श्रम और राष्ट्र के बीच संतुलन का संदेश देता है। यह नारा बताता है कि श्रमिक का संघर्ष केवल अधिकारों के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्रीय समृद्धि के लिए भी होना चाहिए। दत्तोपंत ठेंगड़ी ने श्रमिक आंदोलन में राष्ट्रवादी नारों की भी नई परंपरा विकसित की। उन्होंने उस दौर के अंतरराष्ट्रीय क्रांतिकारी नारों के स्थान पर भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप विचार प्रस्तुत किए। 'श्रम का राष्ट्रीयकरण, उद्योग का श्रमिकीकरण और राष्ट्र का औद्योगीकरण' का उनका संदेश श्रमिक को केवल मजदूर नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माता के रूप में स्थापित करता है। बीएमएस ने 'औद्योगिक परिवार' की अवधारणा भी दी, जिसमें श्रमिक, प्रबंधन और समाज तीनों को विकास की साझी इकाई माना गया। ठेंगड़ी जी ने स्व-रोजगार और पारंपरिक कारीगरों के महत्व को भी समय रहते पहचान लिया था। उन्होंने सुनार, लोहार, कुम्हार, दर्जी, नाई, धोबी जैसे पारंपरिक व्यवसायों को 'विश्वकर्मा क्षेत्र' की संज्ञा दी और इसे जनता का क्षेत्र बताया। यह दृष्टि आज 'आत्मनिर्भर भारत', 'मेक इन इंडिया' और कौशल विकास जैसे अभियानों के संदर्भ में और भी प्रासंगिक प्रतीत होती है। दत्तोपंत ठेंगड़ी केवल संगठनकर्ता ही नहीं, बल्कि गंभीर चिंतक और विपुल लेखक भी थे। उन्होंने हिंदी, अंग्रेजी और मराठी में अनेक पुस्तकों के माध्यम से श्रम, अर्थनीति, स्वदेशी और राष्ट्रवाद पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उनका मानना था कि आधुनिकीकरण आवश्यक है, परंतु उसका अर्थ पश्चिमीकरण नहीं हो सकता। विकास का भारतीय मॉडल भारतीय समाज, संस्कृति और परिस्थितियों के अनुरूप ही होना चाहिए। आज भारतीय मजदूर संघ देशभर में हजारों संबद्ध यूनियनों और व्यापक सदस्य आधार के साथ श्रमिक हितों की आवाज बन चुका है।

2047 में भाजपा : क्या मोदी के बाद की पीढ़ी सत्ता बचा पायेगी ?

गौरतलब | डॉ. अतुल मलिकराम

मेरा मानना है कि वर्ष 2027 की जनगणना के बाद होने वाला लोकसभा सीटों का परिसीमन भाजपा के भविष्य को सबसे ज्यादा प्रभावित करेगा। यदि संसद के नए भवन की क्षमता के अनुरूप लोकसभा का विस्तार 888 सदस्यों तक किया जाता है, तो हिंदी भाषी राज्यों का राजनीतिक दबदबा भारी रूप से बढ़ जाएगा। उत्तर प्रदेश की सीटें 80 से बढ़कर 151 और बिहार की सीटें 40 से बढ़कर 82 होने का अनुमान है।

भारतीय राजनीति के इतिहास में वर्ष 2047 एक ऐतिहासिक मील का पत्थर होगा। जब देश अपनी आजादी की शताब्दी मनाएगा, तब देश का राजनीतिक परिदृश्य आज के मुकाबले पूरी तरह बदल चुका होगा और इस बदलाव के केंद्र में भारतीय जनता पार्टी होगी। 1980 में मात्र 2 सीटों से शुरूआत करने वाली भाजपा ने 2014 और 2019 में पूर्ण बहुमत हासिल कर भारतीय राजनीति की दिशा बदल दी। हालांकि 2024 में पार्टी को गठबंधन का सहारा लेना पड़ा, लेकिन अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या 2047 तक भाजपा अपनी चुनावी रफ़्तार को बरकरार रख पाएगी और नरेंद्र मोदी के बाद की नई पीढ़ी सत्ता को सुरक्षित रखने में सफल रहेगी! मेरा मानना है कि वर्ष 2027 की जनगणना के बाद होने वाला लोकसभा सीटों का परिसीमन भाजपा के भविष्य को सबसे ज्यादा प्रभावित करेगा। यदि संसद के नए भवन की क्षमता के अनुरूप लोकसभा का विस्तार 888 सदस्यों तक किया जाता है, तो हिंदी भाषी राज्यों का राजनीतिक दबदबा भारी रूप से बढ़ जाएगा। उत्तर प्रदेश की सीटें 80 से बढ़कर 151 और बिहार की सीटें 40 से बढ़कर 82 होने का अनुमान है। यह भाजपा के लिए बड़ा अवसर है, क्योंकि इन राज्यों में उसका जनाधार मजबूत है। इसके विपरीत, आबादी पर नियंत्रण पाने वाले दक्षिणी राज्यों का प्रतिनिधित्व घट जाएगा जैसे तमिलनाडु 7.2% से घटकर 6.0% पर आ जाएगा। इससे नुक्सान यह है कि भाजपा पर उत्तर भारत की पार्टी होने का ठप्पा लग सकता है, जिससे निपटने के लिए उसे क्षेत्रीय गठबंधनों और स्थानीय सांस्कृतिक मुद्दों का सहारा लेना होगा। हालाँकि चुनावी समीकरणों से ऊपर 2047 तक भाजपा के सामने सबसे बड़ी आंतरिक परीक्षा नेतृत्व परिवर्तन की होगी। नरेंद्र मोदी, जो 2014 से पार्टी के निर्विवाद चेहरा हैं, तब तक 96 वर्ष के हो जाएंगे। स्वाभाविक रूप से, पार्टी को उनके बाद मोदी-मुक्त दौर के लिए एक नई पीढ़ी को तैयार करना होगा। भारत जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है उस हिसाब से अनुमान लगाया जा सकता है कि भाजपा में भविष्य का यह नया नेतृत्व अधिक टेक-प्रेमी और ग्लोबल वार्मिंग या डिजिटल इकोनॉमी जैसे वैश्विक मुद्दों पर केंद्रित होगा। साथ ही, 2047 तक भाजपा का संगठनात्मक ढांचा भी पूरी तरह से एआई और डेटा संचालित हो चुका होगा। ब्लॉकचेन आधारित सदस्यता, एआई-संचालित बूथ मैनेजमेंट और 24X7 डिजिटल वॉर रूम के जरिए उम्मीदवार के चयन से लेकर मतदाता लक्ष्यीकरण तक का काम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से होगा।

आज का इतिहास

- युवा हेरो स्ट्रैटस ने 356 ईपू में अपनी प्रसिद्धि के लिए प्राचीन विश्व के सात आश्चर्यों में शामिल आर्टिमिस के मंदिर में आग लगा दी।
- औरंगजेब ने 1658 में अपने अनौपचारिक राज्याभिषेक का जश्न मनाया।
- बेल्जियम ने 1831 में नीदरलैंड से स्वतंत्रता हासिल की, लियोपोल्ड प्रथम राजा बने।
- कोलकाता में भारत के पहले सार्वजनिक थियेटर हॉल स्टार थियेटर की शुरूआत 1883 में हुई।
- लॉर्ड के मैदान पर 1884 को पहला क्रिकेट टेस्ट मैच खेला गया।
- ब्रिटेन के आविष्कारक डनलप ने 1888 में टायर और ट्यूब तैयार किया, जिससे परिवहन साधनों की गति बढ़ी।
- 13 साल तक चले निर्माण कार्य के बाद रूस ने 1904 में 4607 किलोमीटर लम्बी ट्रांस साइबेरियन रेल लाइन का काम पूरा हुआ
- सोवियत संघ ने 1940 में एस्टोनिया लातविया और लिथुआनिया पर कब्जा किया।
- संविधान ने 1947 में राष्ट्रीय ध्वज को अंगीकृत किया।
- इंडोनेशिया में पहला राजनीतिक चुनाव 1947 को शुरू हुआ।
- श्रीलंका (तब सीलोन) में 1960 को सीरीमावो भंडारनायके विश्व की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी।
- भारत चीन के बीच सीमा पर 1962 में युद्ध हुआ।
- काशी विद्यापीठ को 1963 में विश्वविद्यालय का दर्जा मिला।
- नील आर्मस्ट्रांग ने चांद पर 1969 को कदम रखा।
- इन्सैट-1 सी को 1988 में इन्सैट प्रणाली को पूर्ण रूप से सक्षम बनाने के लिए 93.5° पूर्व स्थिति के लिए कोरू से 21 जुलाई, 1988 को प्रमोचित किया गया था।
- संयुक्त राष्ट्र आम सभा ने 2004 में भारी बहुमत से पश्चिमी किनारे के फिलिस्तीनी क्षेत्रों से इस्रायल को बाढ़ हटाने का प्रस्ताव पारित किया।
- वांशिगटन में 2007 को चार दिनों तक चले विचार-विमर्श के बाद भारत-अमेरिका परमाणु समझौते का प्रारूप तैयार किया गया।

● किसने क्या कहा

भारत और मोल्दोवा के बीच बढ़ती मित्रता आपसी विश्वास का प्रतीक है

द्रौपदी मुर्मू
राष्ट्रपति

छात्रों पर लाठीचार्ज लोकतंत्र के खिलाफ

राहुल गांधी
विपक्ष के नेता

अंकजाल - 8335

	23	20	10		23	25	18	16	
12	2		3		4		6		19
19		3				5		4	16
11	9				5		7		32
32		8		2		7			
			8		2		5		33
25		3		4				5	7
20	6		4				8		21
24		6		6		8		3	18
	21	12	29	35		16	22	19	

Jagrutidaur.com, Bangalore

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

अंकजाल 8334 का हल

	19	18	26	30		11	23	13	
26	7	8	9	2		3	5	4	12
23	9	2	7	5		8	7	5	20
23	3	8	2	7	3		4	2	6
			6	7	9	3	7	2	34
32	5	7	2	5	6	7			
9	3	6		4	5	2	5	6	22
14	3	4	7		8	8	5	8	29
16	6	4	6		8	7	3	5	23
	17	21	13		39	27	13	19	

साधना और सुविधा

आसक्ति के पथ पर आगे बढ़ने वाले अपनी आकांक्षाओं को विस्तार देते हैं। उनकी इच्छाओं का इतना विस्तार हो जाता है, जहां से लौटना संभव नहीं है। उस विस्तार में व्यक्ति का अस्तित्व विलीन हो जाता है। फिर वह अपने लिए नहीं जीता। उसके जीवन का आधार पदार्थ बन जाता है। पदार्थ जब मनुष्य पर हावी हो जाए तो समस्या क्यों नहीं होगी? आसक्ति अपने आप में समस्या है। इस समस्या का समाधान पदार्थ के विस्तार में नहीं, संयम में है। संयम के पथ पर वही चल सकता है, जो पदार्थ से विरक्त होने लगता है।

सुविचार

चिड़चिड़ेपन को हमें हीनता की भावना का लक्षण समझना चाहिए।

एल्फ्रेड एडलर

मेरे विचार से विद्वानों के पत्र मानव के समस्त कथनों से श्रेष्ठ हैं।

फ्रांसिस बेकन

इस्लाम में शासक के प्रति आज्ञाकारिता और विद्रोह : संतुलन और समझदारी का रास्ता

गौरतलब | शमीम अहमद

वह व्यवस्था बनाए रखता है, सुरक्षा सुनिश्चित करता है और धर्म की हिफाजत करता है। कुरान पाक की सूरह अन-निसा की आयत 59 में अल्लाह तआला स्पष्ट रूप से फरमाते हैं: 'ऐ ईमान वालों! अल्लाह की आज्ञा मानो, रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की आज्ञा मानो और तुममें से जो उलुल अम्र (अधिकार रखने वाले शासक) हैं, उनकी भी आज्ञा मानो।' हदीसों में नबी ने और भी स्पष्ट रूप से बताया है।

आज के इस तेजी से बदलते विश्व में, जहां राजनीतिक अस्थिरता, विद्रोह और सामाजिक तनाव की खबरें रोजाना सामने आ रही हैं, वहाँ इस्लामी राजनीतिक चिंतन को गहराई से समझना हर मुसलमान के लिए अनिवार्य हो गया है। इस्लाम केवल व्यक्तिगत इबादत का नाम नहीं, बल्कि पूरे समाज की व्यवस्था, न्याय और शांति का एक व्यापक खाका है। शासक के प्रति आज्ञाकारिता और विद्रोह का प्रश्न भावनाओं पर नहीं, बल्कि शरिया के उच्च उद्देश्यों, जनहित (मसलहत) और बड़े नुकसान (मफसदत) के सावधानीपूर्ण मूल्यांकन पर टिका हुआ है। इस्लाम कभी भी अराजकता और अनियंत्रित हिंसा को बढ़ावा नहीं देता; यह हमेशा शांति, न्याय और समाज की भलाई को प्राथमिकता देता है।

आज्ञाकारिता का इस्लामी आधार

इस्लामी स्रोतों में शासक को समाज की रीढ़ माना गया है। वह व्यवस्था बनाए रखता है, सुरक्षा सुनिश्चित करता है और धर्म की हिफाजत करता है। कुरान पाक की सूरह अन-निसा की आयत 59 में अल्लाह तआला स्पष्ट रूप से फरमाते हैं:

'ऐ ईमान वालों! अल्लाह की आज्ञा मानो, रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) की आज्ञा मानो और तुममें से जो उलुल अम्र (अधिकार रखने वाले शासक) हैं, उनकी भी आज्ञा मानो।'

हदीसों में नबी ने और भी स्पष्ट रूप से बताया है। हजरत अबू हुरैरा (रज़ि.) से रिवायत है कि रसूलुल्लाह ने फरमाया:

'जिसने मेरी आज्ञा मानी, उसने अल्लाह की आज्ञा मानी; और जिसने मेरी अवज्ञा की, उसने अल्लाह की अवज्ञा की। और जिसने मेरे अमीर (शासक) की आज्ञा मानी, उसने मेरी आज्ञा मानी; और जिसने मेरे अमीर की अवज्ञा की, उसने मेरी अवज्ञा की।'

एक अन्य हदीस में नबी ने फरमाया:

'अपने शासक की बात सुनो और उसकी आज्ञा का पालन करो, चाहे वह एक हबशी (अफ्रीकी) गुलाम ही क्यों न हो, जिसका सिर किशमिश की तरह हो।'

हालाँकि, यह आज्ञाकारिता बिना शर्त नहीं है। हजरत इब्न उमर (रज़ि.) से रिवायत है कि नबी ने फरमाया:

'अगर शासक अल्लाह की अवज्ञा का आदेश दे, तो उसकी बात सुनना और उसका पालन करना किसी पर अनिवार्य नहीं है।'

अत्याचारी और अविश्वासी शासक : सीमाएं और शर्तें

इस्लामी राजनीतिक सिद्धांतों में एक बुनियादी शर्त यह है कि मुसलमानों का इमाम या शासक केवल मुसलमान ही हो सकता है। अविश्वासी (काफिर) व्यक्ति को मुसलमानों पर शासन का अधिकार नहीं मिल सकता। अगर कोई शासक बाद में धर्म त्याग दे या शरिया का खुला उल्लंघन करने लगे, तो उसे हटाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

इस संदर्भ में विद्वानों ने 'खुला कुफ़्र' की स्थिति को विद्रोह की एकमात्र स्वीकार्य शर्त माना है, और वह भी बशर्ते कि इसके लिए स्पष्ट प्रमाण मौजूद हों। विद्वानों ने इसके दो शर्तें निर्धारित की हैं:

1. शासक अल्लाह और उसके रसूल के फैसले को जानता हो।
2. उसके द्वारा शरिया के विरुद्ध फैसला करने का कारण यह हो कि वह इस्लामी कानूनों को इस युग के लिए अनुपयुक्त समझता हो।

इमाम तहावी (रह.) ने अपनी प्रसिद्ध किताब अल-अकीदा अत-तहाविय्या में लिखा है:

'हम अपने इमामों और अधिकारियों के खिलाफ विद्रोह को स्वीकार नहीं करते, चाहे वे अत्याचारी ही क्यों न हों। हम उनके लिए बुराई नहीं चाहते, न ही हम उनका अनुसरण करने से पीछे हटते हैं। हमारा मानना है कि उनकी आज्ञाकारिता अल्लाह की आज्ञाकारिता का हिस्सा है, जब तक वे हमें गुनाह का आदेश न दें।'

शैखुल-इस्लाम इब्न तैमिय्या (रह.) ने स्पष्ट किया कि:

'अहले-सुन्नत का मत है कि अत्याचारी शासकों के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह करना हराम है। उन्होंने मुसलमानों को शासकों के अत्याचार को सहन करने और उनसे लड़ने को त्यागने का आदेश दिया, जब तक कि नेकी आ जाए या बुराई समाप्त न हो जाए।'

इमाम इब्न हजर (रह.) के अनुसार, विद्वानों का इस बात पर इज्मा (सर्वसम्मति) है कि उम्मत शासक की आज्ञा मानने के लिए बाध्य है, भले ही वह कठोर और अत्याचारी हो, जब तक कि इस्लामी शासन कायम है। इमाम इब्न अबिल-इज्ज (रह.) कहते हैं कि भ्रष्ट नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह का परिणाम शासक के मूल अत्याचार से भी अधिक फितना और विनाशकारी होता है।

आधुनिक लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष राज्यों में इस्लामी दृष्टिकोण

इस्लामी दृष्टिकोण से आधुनिक लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष (सेकुलर) देशों में रहने वाले मुसलमानों के सामने यह मुद्दा और भी व्यावहारिक रूप ले लेता है। इन देशों में सरकार जनता द्वारा चुनी जाती है, कानून सबके लिए बराबर होते हैं और धर्म को राज्य से अलग रखा जाता है। इस्लाम ऐसे माहौल में मुसलमानों को सकारात्मक भागीदारी और कानूनी आज्ञाकारिता की शिक्षा देता है। समकालीन इस्लामी विचारक डॉ. यूसुफ अल-करदावी के अनुसार, इस्लामी राज्य एक 'मदनी (सिविल) राज्य' है, न कि 'दीनी (धार्मिक/पादरी-शासित) राज्य'। इस्लामी राज्य की नींव बैअत (निष्ठा की शपथ), इंतिखाब (चुनाव) और शूरा (परामर्श) पर आधारित है। शासक जनता का प्रतिनिधि या कर्मचारी होता है, और जनता को उसे चुनने, निगरानी करने और आवश्यकता पड़ने पर हटाने का अधिकार है।

मुसलमानों के लिए व्यावहारिक दिशा-निर्देश

1. संविधान और कानूनों का सम्मान: मुसलमानों को देश के संविधान और कानूनों का सम्मान करना चाहिए, जब तक कि वे इस्लाम के मूल सिद्धांतों – जैसे इबादत की आजादी, हलाल-हराम का पालन, नैतिक मूल्यों की रक्षा – के सीधे खिलाफ न हों।
2. शांतिपूर्ण राजनीतिक भागीदारी: अगर कोई नीति या कानून इस्लामी मूल्यों से टकराता है, तो इस्लामी दृष्टिकोण यह है कि हिंसा, विद्रोह या अराजकता का रास्ता बिल्कुल नहीं अपनाना चाहिए। इसके बजाय लोकतंत्र के उपलब्ध साधनों का इस्तेमाल करें:
   - वोट की ताकत का उपयोग करें।
   - चुनाव लड़ें और राजनीतिक दलों के माध्यम से बदलाव लाएँ।
   - शांतिपूर्ण प्रदर्शन और मीडिया के जरिए आवाज उठाएँ।
   - अदालतों में याचिका दायर करें।

   स्थानीय विद्वानों और बुद्धिजीवियों से सलाह लेकर सामूहिक प्रयास करें।
3. सामाजिक सद्भाव: मुसलमानों को समाज के अन्य समुदायों के साथ सद्भाव बनाए रखते हुए इस्लाम की सुंदर शिक्षाओं को अपने आचरण से पेश करना चाहिए।

इस प्रकार मुसलमान न केवल अच्छे नागरिक बनते हैं, बल्कि देश की प्रगति में भी योगदान देते हैं। इस्लाम यहाँ 'फितना' (अराजकता) से बचने और 'मसलहत' (जनहित) को प्राथमिकता देने पर जोर देता है।

विद्रोह की सख्त सीमाएं : फितना से बचाव

क्लासिकल इस्लामी स्रोतों से लेकर आधुनिक विद्वानों तक सभी इस बात पर सहमत हैं कि अराजकता और विनाश फैलाने वाला विद्रोह इस्लाम में स्वीकार्य नहीं है। इस्लामी कानून 'बुगात' (विद्रोहियों) के बारे में नियम स्पष्ट करता है।

शैखुल-इस्लाम इब्न तैमिय्या का कहना है

'शासक अपनी प्रजा से आज्ञाकारिता की माँग कर सकता है, क्योंकि एक अत्याचारी शासक भी फितना और समाज के विघटन से बेहतर है।'

इमाम तहावी (रह.) ने आगे कहा:

'हम अपने अधिकारियों के खिलाफ विद्रोह को स्वीकार नहीं करते, चाहे वे अत्याचारी ही क्यों न हों... बल्कि हम उनकी आज्ञाकारिता को अल्लाह की आज्ञाकारिता का हिस्सा मानते हैं, और यह अनिवार्य है जब तक वे हमें गुनाह का आदेश न दें। हम उनके मार्गदर्शन और पापों की क्षमा के लिए दुआ करते हैं।'

हालाँकि, हजरत इमाम हुसैन (रज़ि.) का यजीद के खिलाफ आंदोलन एक ऐतिहासिक उदाहरण है जो विद्रोह की जटिलता को दर्शाता है। अहले-सुन्नत विद्वान इसे 'खुले कुफ़्र' और 'गंभीर पाप' के खिलाफ एक विशिष्ट स्थिति मानते हैं, जहाँ बिना हिंसा के निंदा की गई। यह सामान्य नियम का अपवाद है, न कि आदर्श।

भाइयो और बहनों, इस्लाम हमें न तो गुलामी सिखाता है और न ही अंधेपन में विद्रोह। यह हमें संतुलित, समझदार और ज़िम्मेदार बनाता है।

राशिफल

मेष मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।	**तुला** अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।
वृष समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।	**वृश्चिक** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें।
मिथुन हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।	**धनु** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।
कर्क कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।	**मकर** आत्मविश्वास बढ़ेगा। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।
सिंह मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।	**कुंभ** खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।
कन्या अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।	**मीन** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद

उपायुक्त ने की आकांक्षी जिला व प्रखंड कार्यक्रम की समीक्षा

शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के प्रमुख प्रदर्शन सूचकांकों (केपीआई) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, जिला योजना कार्यालय, पीरामल फाउंडेशन की टीम तथा संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान विभागवार उपलब्धियों और विभिन्न सूचकांकों की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि जिन सूचकांकों में अपेक्षित प्रगति नहीं

हुई है, उनके लिए विशेष कार्ययोजना तैयार कर समन्वित एवं समयबद्ध प्रयासों के माध्यम से शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम का उद्देश्य केवल रैंकिंग में सुधार करना नहीं, बल्कि आम नागरिकों तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं का प्रभावी लाभ पहुंचाना है। इसके लिए सभी विभागों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। बैठक में डेटा की गुणवत्ता, नियमित समीक्षा, प्रभावी मॉनिटरिंग तथा विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर विशेष जोर दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि बेहतर प्रदर्शन वाले सूचकांकों को बनाए रखने के साथ-साथ जिन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाए। इस दौरान उपायुक्त ने ग्राम संपत्ति पोर्टल की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों को पोर्टल पर नियमित रूप से डेटा प्रविष्टि (एंट्री) करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी सरकारी भवनों एवं निर्माण योजनाओं में क्यूआर कोड लगाने के निर्देश भी जारी किए। बैठक के अंत में उपायुक्त ने सभी विभागों एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास, उत्तरदायित्वपूर्ण कार्यशैली और नियमित अनुश्रवण के माध्यम से जिले के सभी विकासात्मक सूचकांकों में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जा सकता है।

जिज्ञासा से दक्षता की ओर

एमके डीएवी पब्लिक स्कूल में अत्याधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाओं का हुआ उद्घाटन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : डालटनगंज एम.के. डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, डालटनगंज में अत्याधुनिक भौतिकी, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान प्रयोगशालाओं का भव्य उद्घाटन किया गया। यह पहल विद्यालय की उस सतत प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को ऐसे शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं जहाँ वैज्ञानिक अवधारणाओं को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखकर अवलोकन, प्रयोग और साक्ष्य-आधारित अध्ययन के माध्यम से समझने का अवसर मिले। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके उपरांत विद्यार्थियों ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद मुख्य अतिथि पलामू के जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ. संदीप कुमार का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर डी.ए.वी. इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीव श्रीवास्तव, विद्यालय प्रबंधन समिति (एल.एम.सी.) के सदस्य सरदार गुरबीर सिंह तथा वार्ड संख्या-21 के पार्षद सरदार साहेब सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. संदीप कुमार ने तीनों प्रयोगशालाओं का विधिवत उद्घाटन किया तथा उनका अवलोकन किया। आधुनिक उपकरणों एवं सुव्यवस्थित कार्यस्थलों से सुसज्जित इन प्रयोगशालाओं का उद्देश्य विद्यार्थियों में अवधारणात्मक समझ को प्रत्यक्ष प्रयोगों एवं वैज्ञानिक प्रक्रियाओं के माध्यम से विकसित करना है। भ्रमण के दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों से संवाद किया और विज्ञान शिक्षा को समृद्ध बनाने की विद्यालय की इस पहल की सराहना की। भौतिकी प्रयोगशाला में गति, प्रकाशिकी, विद्युत, चुंबकत्व एवं तरंगों से संबंधित प्रयोगों की सुविधा उपलब्ध है, जिससे विद्यार्थी गणितीय सिद्धांतों को वास्तविक जीवन की घटनाओं से जोड़कर समझ सकेंगे।

एक झलक

सोनम वांगचुक के समर्थन में चतरा में छात्रों की भूख हड़ताल

चतरा : चतरा के आंबेडकर चौक पर 20 जुलाई को 'छात्र युवा संघर्ष मोर्चा' के बैनर तले एक दिवसीय भूख हड़ताल और सत्याग्रह का आयोजन किया गया। यह धरना प्रख्यात पर्यावरणविद्, वैज्ञानिक और मैगसेसे पुरस्कार से सम्मानित सोनम वांगचुक के आमरण अनशन के समर्थन में किया गया। देश की शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार और लगातार हो रहे पेपर लीक के खिलाफ सोनम वांगचुक पिछले 23 दिनों से अनशन पर हैं। चतरा में प्रदर्शन कर रहे छात्र संगठनों ने कहा कि वांगचुक छात्रों के सुरक्षित भविष्य और शिक्षा में सुधार के लिए लड़ रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगों को अनसुना कर रही है। छात्रों ने रोष जताते हुए कहा कि 21 दिनों के अनशन के बाद वांगचुक को जबरन उठाकर अस्पताल में भर्ती कराना सरकार के तानाशाही रवैये को दर्शाता है। प्रदर्शनकारियों ने इस कार्रवाई को ब्रिटिश हुकूमत से भी बदतर करार दिया और सरकार से शिक्षा व्यवस्था में अविलंब और पारदर्शी सुधार लाने की जोरदार मांग की है।

ट्रैक्टर चोरी का खुलासा तीन आरोपी गिरफ्तार

लातेहार : गारु थाना पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी किया गया ट्रैक्टर, घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल और चार मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार, गारु थाना क्षेत्र के सुरकुमी ग्राम स्थित बेसनाखाड़ से एक जुलाई को ट्रैक्टर (जेएच 10 सीएफ-8107) चोरी हो गया था। इस संबंध में गारु थाना कांड संख्या 13/26 दर्ज किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों में नागेदव रवि उर्फ सुजीत राम (19), पिता महरंग मोची, राम उर्फ सागर सिंह (52), पिता सीता राम, दोनों निवासी रेवारातू, लेस्लीगंज (पलामू), तथा रवि यादव (19), पिता जीतन यादव, निवासी गारु (लातेहार) शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किया गया ट्रैक्टर, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (जेएच 03एडब्ल्यू-5998) और चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। छापेमारी टीम में गारु थाना प्रभारी सह पुलिस अवर निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा, पुलिस अवर निरीक्षक इंद्रदेव राम, आरक्षी बिंदेश्वर राम, सुरेश कुमार सिंह, सच्चिदानंद कुमार, पंकज कुमार सिंह के अलावा आईआरबी-4 एवं सेट-147 के जवान शामिल थे।

सड़क हादसे में एक छात्र की मौत, तीन गम्भीर

पलामू : पलामू जिले के मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा खुर्द गांव में नेशनल हाईवे पर सोमवार को तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार छात्र की मौत हो गई, जबकि शिक्षिका मां, बहन और ममेरे भाई जख्मी हो गए। सभी को इलाज के लिए मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। मृतक की पहचान पाटन थाना क्षेत्र के अमवा गांव निवासी अंश कुमार, पिता छटदू राम में रूप में हुई है, जबकि जख्मी में उसकी मां सुनीता देवी, बहन अंशिका और ममेरे भाई पाटन के सिक्की खुर्द निवासी नारायण कुमार रवि पिता राम जी रवि हैं।

छात्रों ने एक दिन सम्भाली विद्यालय की कमान संकुल स्तरीय प्रश्न पत्र निर्माण भी सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : सरस्वती विद्या मंदिर, धर्मपुर पथ, लातेहार में सोमवार को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छात्र कमान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय की शैक्षणिक और प्रशासनिक जिम्मेदारियां एक दिन के लिए विद्यार्थियों को सौंपी गईं। वहीं, विद्यालय परिसर में विद्या भारती के भारतीय संस्कृति शिक्षा प्रकल्प के तहत पलामू विभाग के लातेहार संकुल का प्रश्न पत्र निर्माण कार्य भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। छात्र कमान दिवस के दौरान यशस्वी रंजना पांडे ने प्रधानाचार्य और आदर्श आर्यन रंजन ने उपप्रधानाचार्य की भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने प्राचार्य, उपप्राचार्य, आचार्य, कार्यालय प्रभारी और अनुशासन प्रभारी सहित विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया। उन्होंने वंदना सभा का संचालन किया, कक्षाओं में अध्यापन कराया और विद्यालय की दैनिक व्यवस्थाओं का संचालन भी किया। शिक्षकों ने पूरे समय मार्गदर्शक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर श्रेया गुप्ता, राखी कुमारी, आरुषि रंजन, प्रिया कुमारी, प्रतीक कुमार तिवारी, सुलेखा कुमारी, सुप्रिया कुमारी सहित कई विद्यार्थियों ने विषय आचार्य के रूप में जिम्मेदारी निभाई। विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव राजीव रंजन पांडेय ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं।

डीएलएसए ने विद्यालय में लगाया विधिक साक्षरता शिविर

चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता आयोजित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), गुमला की ओर से उच्च विद्यालय, मुरकुंडा में विधिक साक्षरता वर्ग के साथ चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, डीएलएसए गुमला अजीत कुमार सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। डीएलएसए के सचिव राम कुमार लाल गुप्ता ने विद्यार्थियों को निःशुल्क विधिक सहायता, मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य, बाल अधिकार, साइबर अपराध से बचाव, बाल विवाह, बाल श्रम, लैंगिक समानता तथा शिक्षा के अधिकार की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से कानून का सम्मान करने

और जागरूक नागरिक बनने का आह्वान किया। मुख्य लीगल एड डिफेंस काउंसिल डी.एन. ओहदार, स्थायी लोक अदालत के सदस्य शंभू सिंह तथा सहायक एलएडीसी जितेंद्र सिंह ने भी विभिन्न कानूनी प्रावधानों एवं विधिक जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए। चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में संजना कुमारी प्रथम, उत्तम कुमार द्वितीय तथा रिशु कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में अभिषेक सिंह प्रथम, लीला कुमारी द्वितीय और मिनिकेत साहू तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, पीएलवी राजेश सिंह, प्रेम कुमार शाह, डीएलएसए के कर्मचारी प्रकाश कुमार पांडे सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। उपस्थित लोगों ने ऐसे कार्यक्रमों को विद्यार्थियों में विधिक जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने की दिशा में उपयोगी बताया।

चंदवा की पंचायतों में पहुंची ग्रासरूट इंटर्नशिप टीम ग्रामीण नवाचार और पारम्परिक ज्ञान का किया अध्ययन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : बनवारी साहू महाविद्यालय, लातेहार की ग्रासरूट इंटर्नशिप टीम ने सोमवार को मेन्टर प्रोफेसर पी.के. तिवारी के नेतृत्व में चंदवा पश्चिमी और चंदवा पूर्वी पंचायतों का भ्रमण किया। इस दौरान टीम ने चंदवा पश्चिमी पंचायत की मुखिया संगीता लकड़ा से मुलाकात कर ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे नवाचारों और स्थानीय विकास से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इंटर्नशिप टीम में मधु कुमारी, सपना कुमारी, सुमन कुमारी, पूजा कुमारी, अभिषेक कुमार, खुशी कुमारी और मुसर्रत परवीन शामिल रहे। वहीं दूसरी टीम ने चंदवा पश्चिमी पंचायत के सरोज नगर और गेरुआगढ़ा गांवों का दौरा कर ग्रामीण जीवन और पारंपरिक ज्ञान का अध्ययन किया। रांची स्थित मेंटर्स ऑफ मेंटर के मार्गदर्शन में

छात्रों ने गांवों में प्रचलित औषधीय ज्ञान, हस्तशिल्प, पौधों की सुरक्षा के स्थानीय उपाय, सामाजिक परंपराओं तथा ग्रामीणों द्वारा अपनाए जा रहे नवाचारों की जानकारी जुटाई। साथ ही यह भी समझने का प्रयास किया कि इन पारंपरिक तरीकों और स्थानीय नवाचारों से ग्रामीण समाज को किस प्रकार लाभ मिल रहा है। छात्रों द्वारा एकत्रित तथ्यों के आधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिसे निर्धारित पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। यह रिपोर्ट ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद पारम्परिक ज्ञान और नवाचारों के दस्तावेजीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

पेपर लीक और एनटीए के विरोध में भाकपा माले का प्रतिरोध मार्च

शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के तहत सोमवार को जिला मुख्यालय में भाकपा माले जिला कमेटी के बैनर तले सैकड़ों किसान, मजदूर, छात्र और नौजवानों ने प्रतिरोध मार्च निकाला। बाजारटाड़ से शुरू हुआ मार्च शहर की मुख्य सड़कों से होते हुए समाहरणालय मोड़ पहुंचा, जहां सभा आयोजित की गई। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने इंकलाब जिंदाबाद, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो, भाजपा हटाओ, देश बचाओ, भ्रष्ट राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को भंग करो और लोकतंत्र पर दमन बंद करो जैसे नारे लगाए। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले के जिला सचिव बिरजू राम ने कहा कि देश की शिक्षा व्यवस्था पर लगातार हमला हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार हो रहे पेपर लीक से हजारों छात्रों का भविष्य संकट में पड़ गया है और छात्रों की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलन के समर्थन में एआईएसए की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक समेत कई छात्र नेताओं ने भूख हड़ताल की। सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने की घटना की उन्होंने कड़ी आलोचना करते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया।

खुले में मांस-मछली बिक्री पर कार्रवाई, बिना लाइसेंस की दुकान और आरओ प्लांट सील

लातेहार : नगर पंचायत लातेहार ने सोमवार को नगर क्षेत्र में नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों और प्रतिष्ठानों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस दौरान खुले में मांस-मछली बेचने वालों, बिना ट्रेड लाइसेंस संचालित दुकानों तथा नगर पंचायत में निबंधन कराए बिना चल रहे आरओ वाटर प्लांटों पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान करकट स्कूल के पास, माको चौक, चेक नाका तथा चटनाही चौक के आसपास खुले में मांस और मछली बेच रहे विक्रेताओं के सामान जब्त किए गए। अधिकारियों ने संबंधित विक्रेताओं को भविष्य में खुले स्थान पर मांस-मछली की बिक्री नहीं करने की चेतावनी देते हुए निर्धारित नियमों का पालन करने का निर्देश दिया।इसके बाद नगर पंचायत की टीम ने विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के ट्रेड लाइसेंस की जांच की। जांच के दौरान पॉलिटेक्निक रोड स्थित एक मोटरसाइकिल रिपेयरिंग एवं हार्डवेयर दुकान बिना ट्रेड लाइसेंस के संचालित पाई गई। आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर नगर पंचायत ने दुकान को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया।

किसान सम्मेलन में गरजे भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, कहा

एथेनॉल का विरोध करनेवाले किसान हितैषी नहीं

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : जिला मुख्यालय के धर्मपुर में सोमवार को भारतीय किसान संघ, झारखंड प्रदेश के तत्वावधान में किसान सम्मेलन सह संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। सम्मेलन में अखिल भारतीय राष्ट्रीय अध्यक्ष के. साई रेड्डी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। प्रदेश अध्यक्ष जय कुमार सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को अंगवस्त्र और हल भेंटकर सम्मानित किया। इसके बाद श्री रेड्डी ने ध्वजारोहण किया। अपने संबोधन में के. साई रेड्डी ने कहा कि पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण की नीति किसानों की आय बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि एथेनॉल गन्ने सहित कई कृषि फसलों से तैयार होता है, जिससे किसानों की उपज की मांग बढ़ेगी और उन्हें बेहतर आर्थिक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका, जर्मनी और जापान

जैसे देशों में एथेनॉल मिश्रित ईंधन का सफल उपयोग हो रहा है और इससे वाहनों के इंजन पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ता। उन्होंने कहा जो लोग एथेनॉल का विरोध करते हैं, वे किसानों के हित में नहीं हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उत्पादन लागत के अनुरूप लाभकारी मूल्य मिलना चाहिए। उन्होंने झारखंड सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग की। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मंत्री राम पांडेय ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रांत प्रचार प्रमुख प्रकाश सिंह ने किया। सम्मेलन में सह-प्रचार प्रमुख आनंद शाही, दीपक, महामंत्री सतीश, प्रांत संगठन मंत्री हेमराज, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रशांत खाख, जिला अध्यक्ष राजेश सिंह, जिला मंत्री बबन कुमार मांझी सहित बड़ी संख्या में किसान और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

नीट पेपर लीक और छात्रों पर कार्रवाई को लेकर केन्द्र सरकार पर बरसे झामुमो जिलाध्यक्ष

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : झारखंड मुक्ति मोर्चा के पलामू जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने सोमवार को नीट यूजी पेपर लीक विवाद और विरोध-प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकार को छात्रों की आवाज दबाने के बजाय उनकी चिंताओं को गंभीरता से सुनते हुए निष्पक्ष कार्रवाई करनी चाहिए। जारी प्रेस विज्ञप्ति में राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि पेपर लीक जैसे गंभीर मामले से देश के लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। ऐसे में न्याय की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों

पर लाठीचार्ज और उनके साथ कथित दुर्व्यवहार लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनभावनाओं को समझने के बजाय दमनात्मक रवैया अपना रही है। उन्होंने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए कथित अनियमितताओं की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कर दोषियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। उनका कहना था कि युवाओं का परीक्षा प्रणाली पर विश्वास बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है।

जिला राइफल शूटिंग चैम्पियनशिप का सफल समापन

विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू गुरुकुलम इंटरनेशनल स्कूल, रांची रोड डाल्टनगंज में आयोजित पलामू जिला राइफल शूटिंग चैंपियनशिप का सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। समापन समारोह में विजेता

खिलाड़ियों को पदक एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।समापन समारोह में पलामू ओलंपिक संघ के अध्यक्ष किशोर पांडे, पलामू जिला राइफल शूटिंग संघ के अध्यक्ष अविनाश देव एवं पलामू जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह चेरो ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर अविनाश देव ने कहा कि पलामू में राइफल शूटिंग खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।आने वाले समय में और अधिक खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। किशोर पांडे ने कहा कि खेल युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण का सबसे प्रभावी माध्यम है। राइफल शूटिंग जैसे खेलों के आयोजन से जिले की प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास करते हुए बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। संघ के सचिव सुमित बर्मन ने बताया कि इस प्रतियोगिता में स्वर्ण एवं रजत पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का चयन 28 जुलाई से 31 जुलाई तक आयोजित होने वाली झारखंड राज्य राइफल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पलामू के खिलाड़ी राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम गौरवान्वित करेंगे।

बालूमाथ में अनफिट साइकिल वितरण पर उठे सवाल जिला परिषद उपाध्यक्ष ने उपायुक्त से की शिकायत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : बालूमाथ प्रखंड में स्कूली छात्राओं के बीच वितरित की जा रही साइकिलों की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। साइकिलों में खराब फिटिंग और तकनीकी खामियों की शिकायत मिलने के बाद जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी ने मामले को गंभीरता से उठाते हुए उपायुक्त संदीप कुमार से शिकायत की है। उपायुक्त ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया है। अनिता देवी ने बताया कि उन्हें छात्राओं और अभिभावकों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि वितरण के तुरंत बाद ही साइकिलों में कई तरह की खराबियां सामने आ रही हैं। कई साइकिलों के पहियों में हवा नहीं टिक

रही है, कुछ के ब्रेक ठीक से काम नहीं कर रहे हैं, जबकि अन्य में भी फिटिंग संबंधी समस्याएं हैं। ऐसे में छात्राओं को साइकिल मिलने के तुरंत बाद मरम्मत और सर्विसिंग के लिए पंचर व साइकिल मरम्मत की दुकानों का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे उन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी उठाना पड़ रहा है। मामले की जानकारी लेने के लिए अनिता देवी ने बालूमाथ के प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव से बात की।

डूरंड कप की ट्रॉफी के साथ झारखंड की फुटबॉल 'नर्सरी' टीम गुमला पहुंची

ढोल-नगाड़ों और पारम्परिक नृत्य के साथ हुआ भव्य स्वागत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : एशिया के सबसे पुराने एवं प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप के 135वें संस्करण की ट्रॉफी सोमवार को फुटबॉल प्रतिभाओं की धरती कहे जाने वाले गुमला पहुंची। परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में आयोजित भव्य समारोह में ट्रॉफी का पारंपरिक नृत्य, ढोल-नगाड़ों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। ट्रॉफी के गुमला आगमन को लेकर खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों एवं युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के उपरांत जिला निर्वाचन, पदाधिकारी-सह-उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा एवं जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी अहमद बेलाल अनवर ने संयुक्त रूप से डूरंड कप ट्रॉफी रैली को हरी

झंडी दिखाकर शहर भ्रमण के लिए रवाना किया। रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने ट्रॉफी का स्वागत किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उल्लेखनीय है कि पहली बार झारखंड को डूरंड कप की मेजबानी का अवसर मिला है। आगामी 26 जुलाई से 10 अगस्त तक रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में टूर्नामेंट के मुकाबले आयोजित किए जायेंगे। ऐसे में गुमला जैसे फुटबॉल परंपरा वाले जिले में ट्रॉफी का आगमन खेल जगत के लिए विशेष महत्व रखता है। इस अवसर पर उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो ने कहा कि, डूरंड कप जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की ट्रॉफी का गुमला आगमन जिले के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट की ट्रॉफी के स्वागत के लिए गुमला जिले का चयन किया जाना अपने आप में जिले की खेल संस्कृति और पहचान को दर्शाता है। उन्होंने भारतीय सेना एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयोजन के माध्यम से गुमला के खिलाड़ियों को एक बड़े मंच से जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा ने अपने संबोधन में कहा, कि डूरंड कप ट्रॉफी का गुमला आगमन जिले के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने कहा कि यह ट्रॉफी भारतीय खेलों की समृद्ध विरासत का प्रतीक है तथा इसके माध्यम से देश के गौरवशाली खेल इतिहास की झलक देखने को मिलती है। उन्होंने डूरंड कप के इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि यह एशिया का सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट है और भारतीय खिलाड़ियों ने समय-समय पर अपने अनुशासन, कौशल एवं पराक्रम से वैश्विक स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी अहमद बेलाल अनवर ने अपने संबोधन में कहा,कि गुमला की खेल संस्कृति को और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि डूरंड कप ट्रॉफी का आगमन जिले की खेल भावना को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने जिले के सभी फुटबॉल खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे।

एसआईआर अभियान की समीक्षा को लेकर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने किया बिश्रामपुर क्षेत्र का दौरा

मेदिनीनगर : झारखंड के पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी ने सोमवार को एसआईआर कार्यक्रम के तहत बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के बाना, नावा बाजार, गुरी, केतात, करकट्टा समेत विभिन्न पंचायतों और बूथों का दौरा कर अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बूथ स्तर पर चल रहे कार्यों का जायजा लिया तथा कार्यकताओं और बीएलओ से अभियान की स्थिति एवं सामने आ रही समस्याओं की जानकारी ली। दौरे के दौरान श्री त्रिपाठी ने ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से संवाद किया। इस दौरान लोगों ने सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, राशन, पेंशन, आवास सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं। ग्रामीणों ने कई विकास योजनाओं में हो रही देरी और प्रशासनिक उदासीनता की भी शिकायत की। पूर्व मंत्री ने जनसमस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों और पलामू के उपायुक्त से दूरभाष पर बात कर त्वरित समाधान का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों का समयबद्ध निस्तारण प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एसआईआर कार्यक्रम लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण अभियान है, जिसे पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संचालित किया जाना चाहिए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति इससे वंचित न रहे।

एक झलक

मवेशियों से लदा पिकअप जब्त दो गोवंशीय पशुओं की मौत

चैनपुर : चैनपुर थाना क्षेत्र के लालगंज पुल निर्माण स्थल के पास डायवर्शन से पुलिस और वन विभाग की टीम ने क्रूरतापूर्वक ले जाए जा रहे 10 गोवंशीय पशुओं से लदे एक पिकअप वाहन (जेएच-01 जीके-6234) को जब्त किया है। वाहन में दम घुटने से दो पशुओं की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल मिले। जानकारी के अनुसार, वन विभाग की टीम गश्त पर थी, तभी लालगंज डायवर्शन के पास एक संदिग्ध पिकअप को रोककर जांच की गई। तलाशी में वाहन के अंदर पशुओं को बेहद अमानवीय तरीके से ठूंसकर भरा पाया गया। सूचना मिलने पर चैनपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमार, एसआई विजय उरांव सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस को देखकर चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। फरार चालक की पहचान पुसो थाना क्षेत्र के लोहजरा निवासी नौसाद आलम के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से एक अन्य आरोपी गुलजार अंसारी, पिता स्वर्गीय अनवर अंसारी, निवासी लोहजरा को गिरफ्तार कर लिया। जीवित बचे पशुओं को इलाज के बाद ग्रामीणों की मौजूदगी में सुरक्षित जिम्मेनामा पर सौंप दिया गया, जबकि मृत पशुओं को गड्ढा खोदकर सम्मानपूर्वक दफनाया गया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पिकअप को जब्त कर मामले की जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के बाद जेल भेज दिया गया है, जबकि फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। उन्होंने कहा कि मवेशी तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

सीआईएससीई जोनल हैंडबॉल चयन ट्रायल शुरू

पूर्वी सिंहभूम : शहर के जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सोमवार को आरएमएस हाई स्कूल, बालीचेला की ओर से आयोजित सीआईएससीई जोनल हैंडबॉल चयन ट्रायल-2026 का भव्य शुभारंभ सोमवार को हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन के साथ ही खेल परिसर में उत्साह, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा का माहौल देखने को मिला। विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश के साथ चयन ट्रायल में भाग लिया। इस चयन ट्रायल में सीआईएससीई बोर्ड से संबद्ध 20 विद्यालयों के एक हजार से अधिक खिलाड़ी शामिल हुए। बड़ी संख्या में प्रतिभागियों की मौजूदगी से जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पूरे दिन खेल गतिविधियों से गुलजार रहा। खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए चयनकर्ताओं को प्रभावित करने का प्रयास किया।

पारम्परिक रीति से हुआ देशाउली का शुद्धीकरण

पश्चिमी सिंहभूम : पश्चिमी सिंहभूम जिले के मझगांव प्रखंड स्थित पांडुकी गांव में सोमवार को हो समाज की आस्था के प्रमुख केंद्र देशाउली (बोंगा-बुरु पूजा स्थल) का पारंपरिक विधि-विधान और रीति-रिवाज के साथ शुद्धिकरण (जाते-परचि) किया गया। इस अवसर पर पूरे गांव ने एकजुट होकर न केवल धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया, बल्कि सामूहिक श्रमदान से देशाउली की बांस की घेराबंदी कर उसके संरक्षण और पवित्रता बनाए रखने का संकल्प भी लिया। आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि गांव के प्रत्येक परिवार ने स्वेच्छा से एक-एक बांस दान कर धार्मिक स्थल की सुरक्षा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

कोडरमा में पहली बार निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा, 40 फीट ऊंचा आधुनिक रथ बना आकर्षण का केन्द्र

हजारों श्रद्धालुओं ने खींचा रथ, भक्तिमय हुआ पूरा शहर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
झुमरीतिलैया : कोडरमा जिले के धार्मिक इतिहास में सोमवार को एक नया अध्याय जुड़ गया। अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) के तत्वावधान में पहली बार भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की भव्य रथयात्रा पूरे धार्मिक उल्लास और भक्ति भाव के साथ निकाली गई। ऐतिहासिक आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान के रथ को खींचने का सौभाग्य प्राप्त किया। पूरे शहर में हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन और जय जगन्नाथ के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। रथयात्रा का शुभारंभ सुभाष चौक से मुख्य अतिथि कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता तथा भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने भगवान के रथ को खींचकर किया। इसके बाद रथ स्टेशन रोड, झंडा चौक, पूर्णिमा टॉकीज, काली मंदिर, महाराणा प्रताप चौक, मौसीबाड़ी होते हुए संकट मोचन मंदिर पहुंचा।

यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा और जगह-जगह भगवान की आरती, पुष्पवर्षा तथा जयघोष के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर इस्कॉन हजारीबाग के कोऑर्डिनेटर डॉ. केशव आनंद दास ने कहा कि कोडरमा की पावन भूमि पर पहली बार भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का आयोजन होना अत्यंत गौरव एवं सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ की कृपा से यह आयोजन सफल हुआ और आने वाले वर्षों में यह रथयात्रा और भी भव्य स्वरूप में आयोजित की जाएगी। विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि झुमरीतिलैया में पहली बार भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की रथयात्रा निकलना पूरे जिले के लिए ऐतिहासिक क्षण है। भगवान जगन्नाथ सभी श्रद्धालुओं के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति प्रदान करें तथा यह धार्मिक परंपरा निरंतर आगे बढ़ती रहे। पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को एकता, प्रेम और सेवा का संदेश देने वाला महापर्व है। उन्होंने कहा कि पहली बार निकली यह भव्य रथयात्रा निश्चित रूप से कोडरमा की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को नई ऊंचाई प्रदान करेगी।

40 फीट ऊंचा आधुनिक रथ बना आकर्षण का केन्द्र

रथयात्रा का सबसे बड़ा आकर्षण लगभग 40 फीट ऊंचा अत्याधुनिक रथ रहा। आवश्यकता पड़ने पर इसकी ऊंचाई 16 फीट तक कम की जा सकती थी। रिमोट संचालित इस रथ की चौड़ाई करीब 12 फीट थी तथा इसे जापानी सिल्क से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रथ के शीर्ष पर तीन फीट ऊंचा सुदर्शन चक्र स्थापित किया गया था, जबकि आगे चार घोड़ों की प्रतिकृति इसकी भव्यता में चार चांद लगा रही थी। रथ के दोनों ओर 100 से 150 फीट लंबी रस्सियां लगाई गई थीं, जिन्हें हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक खींचा। पूरे मार्ग में हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक झांकियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर श्रद्धालुओं ने भगवान का स्वागत किया और पूरा नगर 'जय जगन्नाथ' के जयघोष से गूंज उठा।

108 एम्बुलेंस लापरवाही मामला में थाना प्रभारी पहुंचे मृतक के घर

श्मशान घाट से राख का नमूना लेकर जांच शुरू

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
पूर्वी सिंहभूम : पूर्वी सिंहभूम जिले में 108 एंबुलेंस सेवा में कथित लापरवाही से हुई मरीज की मौत के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। सोमवार को पटमदा थाना प्रभारी विष्णुचरण भोगता जांच के सिलसिले में जोड़सा गांव स्थित मृतक संतोष कुंभकार के घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और घटना से जुड़े तथ्यों की पड़ताल की। पूछताछ के दौरान परिजनों ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया था तथा अंतिम संस्कार गांव के श्मशान घाट में कर दिया गया था। इसके बाद थाना प्रभारी श्मशान घाट पहुंचे और वहां से राख के नमूने एकत्र किए।

पुलिस का कहना है कि इन नमूनों को जांच के लिए रांची स्थित फॉरेंसिक प्रयोगशाला भेजा जाएगा। रिपोर्ट मिलने के बाद मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि यह घटना दो दिन पहले की है। जोड़सा गांव निवासी संतोष कुंभकार की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने 108 एंबुलेंस सेवा को बुलाया था। आरोप है कि एंबुलेंस पहुंचने के बाद उसमें ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध नहीं था और मरीज को समय पर आवश्यक चिकित्सीय सहायता नहीं मिल सकी। परिजनों ने एंबुलेंस कर्मियों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि समय पर ऑक्सीजन और उचित उपचार नहीं मिलने के कारण संतोष कुंभकार ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद मामला तूल पकड़ने पर पूर्वी सिंहभूम के सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल के निर्देश पर पटमदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. राजीव कुमार सिंह की शिकायत के आधार पर 108 एंबुलेंस सेवा के क्लस्टर लीडर आलोक कुमार, चालक निलेश कुमार और तकनीशियन सुजीत कुमार के खिलाफ पटमदा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए एंबुलेंस सेवा संचालित करने वाली एजेंसी को नोटिस जारी किया है। सिविल सर्जन ने एजेंसी से दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग दोनों स्तरों पर मामले की जांच जारी है। वहीं, इस घटना को लेकर पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां ने राज्य सरकार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही के कारण एक मरीज की जान चली गई, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

विजेताओं को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया सम्मानित

जागरूक होकर ही अधिकारों को प्राप्त किया सकता है : प्रधान जिला जज

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
कोडरमा : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा रमाकांत मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न विद्यालयों में पिछले दिनों आयोजित निबंध प्रतियोगिता, चित्रांकन प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को सोमवार को डीएलएसए के हाल में एक कार्यक्रम आयोजित कर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सम्मानित किया। चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम सिम्मी कुमारी, द्वितीय अंबिका कुमारी एवं तृतीय आकृति कुमारी रही(तीनों सिडी गर्ल्स हाई स्कूल झुमरी तिलैया), निबंध प्रतियोगिता में प्रथम लक्ष्मी कुमारी सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय झुमरी तिलैया, द्वितीय राजवीर कुमार सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय झुमरी तिलैया तृतीय रानी कुमारी परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा। एवं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम श्रेया राज, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा, द्वितीय कविराज कोडरमा उच्च विद्यालय कोडरमा एवं तृतीय नंदनी कुमारी परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा रही। इस अवसर पर बोलते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमाकांत मिश्रा ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को कानून के प्रति जागरूक करना है, जिससे अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंच सके। उन्होंने कहा कि 90 दिवसीय गहन विधिक जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य नालसा, झालसा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी, गांव - गांव पंचायत - पंचायत और घर-घर पहुंचाना था। इसमें डीएलएसए, एलएडीसीएस, एवं पीएलवी का अहम योगदान रहा।

ग्रासरूट इनोवेशन इंटर्नशिप में छात्रों ने औषधीय पौधों और पारम्परिक ज्ञान का किया अध्ययन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
लातेहार : ग्रासरूट इनोवेशन इंटर्नशिप-2026 के तहत बनवारी साहू महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सोमवार को सदर प्रखंड की मोंगर पंचायत का भ्रमण कर ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध औषधीय पौधों, जड़ी-बूटियों और पारंपरिक उपचार पद्धतियों का अध्ययन किया। इस दौरान ग्रामीणों से संवाद कर स्थानीय ज्ञान को संकलित और दस्तावेजीकृत किया गया। अध्ययन दल में पल्लवी कुमार, प्रियांशु लकड़ा, पूनम कुमार और काजल कुमारी शामिल थे। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों से औषधीय पौधों के उपयोग, जड़ी-बूटियों की पहचान, संरक्षण के उपाय और उनसे जुड़े पारंपरिक अनुभवों की जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने कई ऐसे पौधों और उनके घरेलू उपयोगों के बारे में बताया, जिनका लंबे समय से स्थानीय स्तर पर उपचार के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है।छात्र-छात्राओं ने इन जानकारियों को भविष्य के अध्ययन, शोध और संरक्षण के उद्देश्य से अभिलेखित किया। उनका कहना था कि इस तरह के क्षेत्रीय अध्ययन से ग्रामीण नवाचारों और पारंपरिक ज्ञान को करीब से समझने का अवसर मिलता है। साथ ही स्थानीय जैव विविधता के संरक्षण और पारंपरिक चिकित्सा संबंधी जानकारी को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में भी मदद मिलती है। भ्रमण के दौरान मेंटर रंजीत कुमार भी विद्यार्थियों के साथ मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीणों से प्रभावी संवाद स्थापित करने, सूचनाओं को व्यवस्थित ढंग से दर्ज करने और अध्ययन कार्य को सफलतापूर्वक पूरा कराने में मार्गदर्शन दिया। ग्रासरूट इनोवेशन इंटर्नशिप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद स्थानीय ज्ञान, पारंपरिक तकनीकों और नवाचारों की पहचान कर उनका दस्तावेजीकरण करना है। आगे कहा कि इसके माध्यम से ग्रामीण समाज के अनुभवों को संरक्षित करते हुए उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में अभिभावक गोष्ठी सम्पन्न

बच्चों के सर्वांगीण विकास पर हुआ मंथन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
झुमरी तिलैया : विद्या भारती द्वारा संचालित कैलाश सरस्वती विद्या मंदिर में कक्षा अरुण से द्वितीय तक की भैया बहनों की अभिभावकों की गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य आनंद मोहन अभिभाविका मिनी हिसारिया के द्वारा दीप प्रज्वलन और वंदना के साथ हुआ। गोष्ठी में दीदी जी और अभिभावकों ने मिलकर बच्चों की पढ़ाई अनुशासन और उनके शारीरिक व मानसिक विकास पर चर्चा की तथा प्राचार्य आनंद मोहन ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्या भारती का मुख्य उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं बल्कि बच्चों में अच्छे संस्कार और राष्ट्रभक्त बनाना है उन्होंने अभिभावकों से अपील की वे घर पर बच्चों को मोबाइल और टीवी से दूर रखें और

उनकी दिनचर्या पर पूरा ध्यान दें साथ ही इस गोष्ठी में नई शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर भी प्रकाश डालें उन्होंने कहा अब बच्चों को खेल-खेल में और क्रिया आधारित शिक्षा दी जा रही है ताकि वह आसानी से और खुशी के साथ सीख सके। इस गोष्ठी मे 64 अभिभावकों की उपस्थिति रही। मौके पर विद्यालय की दीदी रिमझिम कुमारी के द्वारा स्वर्ण प्राशन के बारे में बताया गया। कार्यक्रम को रुचिकर बनाने के लिए अभिभावकों के साथ कई प्रकार खेलों का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान कई अभिभावकों ने अपने विचार रखें और विद्यालय द्वारा दी जा रही शिक्षा की सराहना की। अंत में आचार्य जी और दीदी जी और अभिभावकों ने मिलकर य"ी संकल्प लिया कि वह भैया - बहनों को एक आदर्श और योग्य नागरिक बनाएंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रिमझिम कुमारी, मोनिका कुमारी, कुमार मुरलीधर, रितिका कुमारी, आराध्या कुमारी अनन्या भारती, आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

चोरों ने एक रात चार घरों को लिया निशाने पर, 30 लाख की चोरी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
कोडरमा : जिला मुख्यालय के न्यू कॉलोनी स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे रविवार देर रात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। एक ही रात में चार घरों को निशाना बनाते हुए चोरों ने एक घर से करीब 30 लाख रुपये मूल्य के नकदी, जेवरात सहित अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया, जबकि दूसरे घर से करीब 10 हजार रुपये चोरी कर ली। दो अन्य घरों में चोरी का प्रयास किया गया, लेकिन परिवार की सतर्कता के कारण अपराधी अपने मंसूबे में सफल नहीं हो सके। जानकारी के अनुसार, चोरों ने शिवनंदन कुमार के घर से करीब 30 लाख रुपये मूल्य की नकदी, आभूषण सहित अन्य सामान की चोरी की। वहीं सचिन यादव के घर से करीब 10 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। इधर, सामाजिक कार्यकर्ता सुनील यादव के घर भी चोरों ने सेंध लगाने की कोशिश की। सुनील यादव ने बताया कि रविवार देर रात तक उनका बेटा पढ़ाई कर रहा था। सोने से पहले उसे घर के बाहर संदिग्ध आहट सुनाई दी। उसने मोबाइल से घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी तो पांच युवक खिड़की के रास्ते घर में घुसने का प्रयास करते दिखाई दिए। बेटे ने तुरंत शोर मचाया, जिससे सभी बदमाश मौके से फरार हो गए। बाहर निकलने पर देखा गया कि चोर खिड़की के तीन स्क्रू खोल चुके थे और अंदर प्रवेश करने ही वाले थे। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। इसी तरह शंकर यादव के घर में भी चोरी का प्रयास किया गया, लेकिन वहां भी चोर सफल नहीं हो सके। घटना की सूचना मिलते ही कोडरमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

चैनपुर अस्पताल के औचक निरीक्षण में खुली स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल

डॉक्टरों की अनुपस्थिति पर विधायक नाराज

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
चैनपुर : चैनपुर मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार रात करीब 10 बजे स्थानीय विधायक भूषण तिर्की ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं मिला, जबकि केवल सीएचओ और एएनएम ड्यूटी पर तैनात थीं। इस पर विधायक ने नाराजगी जताते हुए गुमला उपायुक्त दिलेश्वर महतो और सिविल सर्जन डॉ. शंभू नाथ चौधरी को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। विधायक ने ओपीडी, डॉक्टर कक्ष सहित अस्पताल के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया। पूछताछ में बताया गया कि डॉ. प्रभात कुमार ऑन-कॉल ड्यूटी पर हैं। विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सिविल सर्जन से रोस्टर के अनुसार डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और

प्रभारी चिकित्सक की अनुपस्थिति की जांच कराने को कहा। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने निजी अस्पताल के संचालन को लेकर भी शिकायत की। विधायक ने मामले की जांच कराने और दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई की बात कही। उन्होंने अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, एंबुलेंस व्यवस्था और डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। विधायक ने कहा कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद अस्पताल का संचालन केवल सीएचओ और ऑन-कॉल डॉक्टरों के भरोसे होना गंभीर विषय है। व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर मामला विधानसभा के मानसून सत्र में उठाने की चेतावनी दी। इस दौरान विधायक ने कक्षा नौवीं की छात्रा शिवानी के साथ हुई घटना का भी उल्लेख किया और पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता दिलाने के लिए उपायुक्त से मुलाकात करने की बात कही।

पेपर लीक के विरोध में छात्र संगठनों ने किया प्रदर्शन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
पलामू : पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के जीएलए कॉलेज परिसर में विभिन्न छात्र संगठनों ने सोमवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-युवा शामिल हुए और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पेपर लीक, परीक्षाओं में धांधली और शिक्षा व्यवस्था में लगातार बढ़ रही अव्यवस्था पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। कार्यक्रम का नेतृत्व आइसा पलामू जिला सचिव गौतम दांगी ने किया। मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित आइसा झारखंड के राज्य उपाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि देश में शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह बर्बाद होने की स्थिति में है। देशभर के लाखों छात्र लगातार पेपर लीक, परीक्षा में अनियमितता और भर्ती प्रक्रियाओं में धांधली के कारण अपने भविष्य को लेकर असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, लेकिन इन गंभीर सवालों का जवाब नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 22 दिनों से पर्यावरणविद सोनम वांगचुक सहित आंदोलनकारी भूख हड़ताल पर बैठे हैं, लेकिन अब तक उनसे सार्थक वार्ता करने की कोई पहल नहीं की गई। लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांग रखने वाले आंदोलनकारियों के साथ जिस प्रकार का व्यवहार किया जा रहा है, वह बेहद चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए धरना स्थल पर सफेद चादर का परदा लगाकर सोनम वांगचुक को वहां से हटाने का प्रयास किया और आंदोलन को दबाने की कोशिश की।

ग्रिजली विद्यालय में मेडिकल करियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित

पूर्व छात्रा ने विद्यार्थियों को दी सफलता की सीख

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
झुमरीतिलैया : तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय में कक्षा 11 एवं 12 (जीवविज्ञान) के विद्यार्थियों के लिए मेडिकल करियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को चिकित्सा क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों, प्रवेश प्रक्रियाओं तथा भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराते हुए उन्हें सही दिशा प्रदान करना था। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता एस.एन.एम.एम.सी.एच., धनबाद से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहीं तथा ग्रिजली विद्यालय की पूर्व छात्रा प्रिया कुमारी थीं। इस अवसर पर शिक्षक वी.के. सिंह, वसीम एवं आलोक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का परिचय एवं धन्यवाद ज्ञापन आलोक ने किया। अपने संबोधन में प्रिया कुमारी ने विद्यार्थियों को एमबीबीएस, बीडीएस, नर्सिंग, फामेर्सी, फिजियोथेरेपी सहित स्वास्थ्य विज्ञान के विभिन्न पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने नीट की तैयारी, पात्रता, प्रवेश प्रक्रिया, ऑल इंडिया एवं स्टेट कोटा की काउंसलिंग, भारत और विदेशों में उच्च शिक्षा के अवसर, विभिन्न विशेषज्ञताओं (स्पेशलाइजेशन) तथा सरकारी एवं निजी स्वास्थ्य सेवाओं में रोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को एनसीईआरटी आधारित अध्ययन, नियमित पुनरावृत्ति, समय प्रबंधन तथा दीर्घकालिक करियर योजना के महत्व को समझाते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रभावी तैयारी के व्यावहारिक सुझाव भी दिए। साथ ही स्वास्थ्य क्षेत्र में उभरते नए अवसरों, छात्रवृत्ति योजनाओं और भविष्य की संभावनाओं की भी जानकारी साझा की। कार्यक्रम के अंत में आयोजित संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र में रिया कुमारी, दीपिका रानी, आकांक्षा सिंह, रानी कुमारी, जिमी, आयुष कुमार एवं तुलेश्वर कुमार सहित कई विद्यार्थियों ने अपने प्रश्न पूछे।

झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़

ई० अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं० : RDSD/RAMGARH/10/2026-27

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :– DMFT मद अन्तर्गत।

क्र	आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि (रू०)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	RDSD/RGH/10/ 2026-27,	Gola	Gola Vendor Market Development Scheme For Promotion of Local Livelihoods (Phase-II)	49981800	1000000	10000	03 (तीन माह)

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 31.07.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 31.07.2026 से 07.08.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 09.08..2026 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :– 7488152930
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
PR 385376 Rural Development (26-27)_D ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़

एक झलक

नगर परिषद बोर्ड की बैठक में विकास योजनाओं पर लगी मुहर

किशनगंज : नगर परिषद कार्यालय सभागार में सोमवार को मुख्य पार्षद इंद्रदेव पासवान की अध्यक्षता में नगर परिषद बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई।
बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी प्रवीण कुमार, उपमुख्य पार्षद निखत प्रवीण समेत सभी पार्षदों ने भाग लिया। बैठक में शहर के विकास, आधारभूत संरचना और नागरिक सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर के टाउन हॉल परिसर में आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक बृहत मॉल का निर्माण कराया जाएगा। वहीं डेमार्केट स्थित अपूर्वा मार्केट को विकसित कर सुपर मार्केट का स्वरूप दिया जाएगा। वार्ड संख्या-24 स्थित बस स्टैंड के सौंदर्यीकरण की योजना को भी मंजूरी दी गई। योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पांच सदस्यीय योजना समिति के गठन का प्रस्ताव पारित किया गया।

सरकारी जमीन अतिक्रमण मामले में त्रिवेणीगंज सीओ पर कार्रवाई की अनुशंसा

सुपौल : त्रिवेणीगंज नगर परिषद क्षेत्र स्थित सैरात शनिचर हाट की सरकारी जमीन पर कथित अतिक्रमण के मामले में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता (एडीएम) ने कड़ा रुख अपनाया है। मामले की सुनवाई के बाद एडीएम ने इसे प्रथम दृष्टया गंभीर कदाचार मानते हुए जिलाधिकारी को त्रिवेणीगंज की अंचल अधिकारी प्रियंका सिंह के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की अनुशंसा की है। यह मामला खाता संख्या-277, खेसरा संख्या-2058 की लगभग तीन बीघा पांच कट्ठा सरकारी भूमि से जुड़ा है। परिवादी दीपक कुमार ने शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया था कि इस बहुमूल्य सरकारी जमीन पर कुछ लोगों द्वारा पक्का निर्माण कर अवैध कब्जा किया जा रहा है।

मानव तस्करी और बाल श्रम के खिलाफ पुलिस का अभियान तेज 'ऑपरेशन नया सवेरा-3.0' जारी

कटिहार : जिले में मानव तस्करी, बाल श्रम और बंधुआ मजदूरी जैसे गंभीर और संवेदनशील अपराधों पर लगाम लगाने के लिए कटिहार पुलिस ने व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता अभियान छेड़ दिया है। 'ऑपरेशन नया सवेरा-3.0' के तहत चलाए जा रहे इस अभियान के जरिए जिलेभर में आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है। यह विशेष अभियान 18 जुलाई से शुरू हुआ है जो आगामी 25 जुलाई तक चलेगा। इस सप्ताह भर चलने वाले अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस विभिन्न संस्थानों और स्वयंसेवी संगठनों (एनजीओ) का भी सहयोग ले रही है। इसके तहत स्कूल-कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में पुलिस अधिकारी सीधे तौर पर लोगों और छात्र-छात्राओं से संवाद कर रहे हैं और उन्हें इन अपराधों की रोकथाम के साथ-साथ इससे जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दे रहे हैं।

सारण पुलिस ने छात्राओं को मानव तस्करी और साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

सारण : वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निदेर्शानुसार सोमवार को पहाड़ीचक बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सोनपुर में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने छात्राओं को मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल विवाह और साइबर अपराधों से बचाव के व्यावहारिक उपाय बताए। इसके अलावा गुड टच-बैड टच और सोशल मीडिया के सुरक्षित व जिम्मेदार इस्तेमाल की विस्तृत जानकारी दी गई। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट टीम ने सतर्कता पर जोर देते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने तथा आपात स्थिति में आपातकालीन नंबर 112 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। टीम ने छात्राओं से जागरूक नागरिक बनकर समाज को सुरक्षित बनाने में सहयोग की अपील की।

बिहार का गौरवशाली इतिहास पुनः प्रतिष्ठित किया जाये : सम्राट चौधरी

एजेंसी

पटना : मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत सोमवार को पाटलिपुत्र जंक्शन पटना से सोमनाथ यात्रा का शुभारंभ करते हुए 1,150 श्रद्धालुओं के जत्थे के स्पेशल रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हजार वर्ष पूर्व सोमनाथ मंदिर को लूटा गया। नालंदा विश्वविद्यालय को भी आक्रांताओं ने बर्बाद किया। 75 वर्ष पूर्व सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया, जिसमें बिहार के लाल डॉ राजेन्द्र प्रसाद शामिल हुये थे। बिहार का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है और हम सबका संकल्प है कि इस गौरवशाली विरासत को पुनः

प्रतिष्ठित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह यात्रा केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि बिहार की सनातन परंपरा, सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक चेतना का संदेश पूरे देश तक पहुंचाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि यात्रा के साथ जा रहे ध्वज एवं कलश बिहार की आस्था, स्वाभिमान और सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक हैं। यह यात्रा कई राज्यों से होकर गुजरेगी, इसमें श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ख्याल रखा गया है। आप सभी श्रद्धालुओं से आग्रह है कि यात्रा के दौरान बिहार की आस्था और स्वाभिमान का संदेश फैलायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान सोमनाथ के आशीर्वाद से गुजरात और देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और देश नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भगवान सोमनाथ की कृपा से बिहार भी विकास, समृद्धि और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के नए शिखर को प्राप्त करेगा। आप सबसे आग्रह है कि भगवान सोमनाथ के दर्शन के साथ-साथ काशी विश्वनाथ के भी दर्शन करें तथा बिहार के सुख, शांति, समृद्धि और सर्वांगीण विकास के लिए आशीर्वाद प्राप्त करें। यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री ने ट्रेन में जाकर भेंट की, सुविधाओं की जानकारी ली और उनके सुखद यात्रा की कामना की। मुख्यमंत्री ने बिहारवासियों की तरफ से श्रद्धालु शोभा सिंह को कलश तथा अजीत कुमार को ध्वज सौंपा। कार्यक्रम का आयोजन सोमनाथ स्वाभिमान पर्व (अटूट आस्था की गौरव गाथा) की भावना के अनुरूप श्रद्धा, सांस्कृतिक चेतना एवं राष्ट्रीय गौरव के वातावरण में संपन्न हुआ।

सोमनाथ के लिए 1100 श्रद्धालुओं की विशेष ट्रेन रवाना बिहार सरकार की ऐतिहासिक पहल : संजय सरावगी

एजेंसी

पटना : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने पाटलिपुत्र जंक्शन से 1100 श्रद्धालुओं को भगवान श्री सोमनाथ के दर्शन के लिए विशेष ट्रेन से रवाना किए जाने को बिहार सरकार की ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण पहल बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार सनातन आस्था, भारतीय संस्कृति और धार्मिक पर्यटन को नई ऊर्जा देने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल एक तीर्थयात्रा नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक चेतना और सनातन परंपरा के प्रति सम्मान का प्रतीक है। संजय सरावगी ने कहा कि 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व असाधारण आस्था के 1000 वर्ष' के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष ट्रेन की व्यवस्था करना करोड़ों सनातन श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान है। भगवान श्री सोमनाथ का पावन धाम भारतीय सभ्यता, संस्कृति, आस्था और आत्मसम्मान का प्रतीक रहा है। ऐसे ऐतिहासिक अवसर पर बिहार के श्रद्धालुओं को दर्शन का अवसर उपलब्ध कराना अत्यंत सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करना सीख रहा है, वहीं बिहार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार इस विरासत को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों के विकास, सांस्कृतिक आयोजनों के विस्तार और श्रद्धालुओं की सुविधाओं में वृद्धि के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता स्पष्ट दिखाई दे रही है।

इचादाग पंचायत में आठ दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

महिला सशक्तीकरण से आत्मनिर्भर गांव की ओर बढ़ रहे कदम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

ओरमांझी : प्रखण्ड क्षेत्र स्थित इचादाग पंचायत सचिवालय में आयोजित आठ दिवसीय महिला सशक्तिकरण एवं सहकारिता उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि की उपस्थिति में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक एवं उद्यमिता के क्षेत्र में सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर गांव की अवधारणा को मजबूत करना था। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों,

सहकारी समितियों, स्वरोजगार तथा सरकारी योजनाओं के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनने के विभिन्न उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि संगठित प्रयास, कौशल विकास और उद्यमिता के माध्यम से महिलाएं न केवल अपने परिवार की आय बढ़ा सकती हैं, बल्कि गांव के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इस अवसर पर इचदाग पंचायत के मुखिया दीपक बराइक ने कहा कि महिलाएं यदि एकजुट होकर कार्य करें तो छोटे-छोटे व्यवसाय भी सफल उद्यम का रूप ले सकते हैं। उन्होंने महिलाओं से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने और अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने ग्रामीण महिलाओं से आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने, सहकारिता की भावना को अपनाने तथा उद्यमिता के माध्यम से समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। समारोह में इचादाग की मुखिया रीना देवी दास, डॉ. सुनेजा प्रिया, डॉ. सुमित्रा पाल, उपमुखिया संतोष गुप्ता, समाजसेवी दुर्गा शंकर साहू सहित महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र वितरण एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

कलकत्ता पब्लिक स्कूल में कैरियर फेयर

200 से अधिक विद्यार्थियों ने जाना भविष्य का रास्ता

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

ओरमांझी : कलकत्ता पब्लिक स्कूल, ओरमांझी में शनिवार को आयोजित वृहद कैरियर फेयर में 11वीं एवं 12वीं कक्षा के 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को 12वीं के बाद उपलब्ध उच्च शिक्षा एवं रोजगार के विविध अवसरों से परिचित कराना था। देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों के करियर काउंसिलरों ने छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रियाओं और भविष्य की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कैरियर फेयर में सिक्किम मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (रटक्ळ), कलिंगा यूनिवर्सिटी, अलायंस यूनिवर्सिटी, पिम्परी चिंचवाड़ यूनिवर्सिटी (पुणे), एसआरएम अपोलो, एमआईटी-डब्ल्यूपीयू सहित कई संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी संकाय के विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी, फैशन टेक्नोलॉजी, इंटीरियर डिजाइनिंग, इंजीनियरिंग, मेडिकल, सीए, सीएस, बीबीए, एमबीए, होटल मैनेजमेंट, हेल्थकेयर

मैनेजमेंट, गेमिंग इंडस्ट्री, आईटी और इंटीग्रेटेड कोर्स सहित अनेक करियर विकल्पों की जानकारी दी। कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्या प्रियम्दा झा, निदेशक मिथिलेश कुमार मिश्र एवं वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। निदेशक श्री मिश्र ने सभी विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों और विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज के दौर में छात्रों के सामने करियर के हजारों विकल्प उपलब्ध हैं। सही मार्गदर्शन, रुचि और मेहनत के साथ विद्यार्थी अपने लिए बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षिका अनुराधा चटर्जी ने किया। विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया और विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध संभावनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

स्मैक की पैकिंग करते रंगेहाथ पकड़ा गया तस्कर, 15.61 ग्राम स्मैक बरामद

एजेंसी

सीवान : जिले के दरौली थाना पुलिस ने नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को 15.61 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को उसके घर की पहली मंजिल पर स्मैक की पुड़िया तैयार करते हुए रंगेहाथ दबोच लिया। बरामद स्मैक 92 पुड़ियों में पैक थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 19 जुलाई को गुप्त सूचना मिली थी कि दरौली थाना क्षेत्र के दरौली निवासी दुर्गेश गुप्ता अपने घर में अवैध रूप से स्मैक छिपाकर उसकी बिक्री कर रहा है। सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष अभिनव दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस जब घर की पहली मंजिल पर पहुंची तो दुर्गेश गुप्ता जमीन पर बैठकर सफेद कागज की पुड़ियों में स्मैक की पैकिंग कर रहा था। पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से 92 पुड़ियों में पैक कुल 15.61 ग्राम स्मैक, एक चाकू तथा एक कीपैड मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पहले से डोजियर खुला हुआ है तथा उसका दागी संख्या अ/1108 अंकित है। उसके खिलाफ पूर्व में दरौली थाना में वर्ष 2024 में उत्पाद अधिनियम तथा वर्ष 2018 में लूट एवं चोरी से संबंधित कांड दर्ज हैं।

राउंडटेबल के अध्यक्ष बने संदीप खेमका, पौरुष जैन उपाध्यक्ष, अविराज सचिव

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : रांची समारीटन राउंडटेबल 244 की तेरहवीं वार्षिक कार्यकारिणी आमसभा सम्पन्न हुई। संदीप खेमका राउंडटेबल २४४ के अध्यक्ष मनोनीत हुए। पौरुष जैन ने उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। अविराज अग्रवाल सचिव चुने गए एवं आदित्य अग्रवाल ट्रेसरर। आकाश खोसला आईपीसी बने। मौके पर रांची समारीटन राउंडटेबल २४४ एवं लेडीस सर्कल 169 के सदस्य मौजूद रहे। एरिया चेयरमैन इलेक्ट यश वर्धित सिंह, कशिश व्यास, सुरेश तुलस्यान, श्यामशीष लेंका, पूर्व अध्यक्ष रितेश गुप्ता, अरविंद राजगढ़िया, अविनाश जैन, आकाश खोसला, प्रीति सर्राफ, निखिल एवं स्नेहा जैन, मयंक जायसवाल, अंशु गुप्ता, आयुष मोदी, नेहा खेमका, नीतीश जैसवाल, आदित्या अग्रवाल, सूचि जैन, प्रिया अग्रवाल, नितिका मोहता, संचित सिंघानिया, मनीष जैन, आकाश सेठी, राहुल सिंघानिया, खुशबू सिंघानिया, संचित राजगढ़िया, रैना जैन, विवेक जैन, कुशल मनेक, सुमन जयसवाल, सन्नी केडिया, निधि, पीयूष सरावगी, नेहा सरावगी, अनीश सराफ, सिद्धार्थ चौधरी, गोपी चौधरी, अभिषेक कुमार, नैना, गगन लीना गिरधर, तान्या, अंकित धनधारिया, निधि जैन एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे। राउंडटेबल ने पारसनाथ पब्लिक स्कूल हजाम बस्ती, हटिया राँची में पिछले ४ वर्षों में बारह क्लासरूम, दो टोयलेट ब्लॉक, वालीबॉल कोर्ट का निर्माण किया है। इस स्कूल में आस पास के छह सौ से ज्यादा बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे है।

मांगों को लेकर ग्रामीण डाक सेवकों का आंदोलन शुरू, काली पट्टी बांध कर जताया विरोध

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

अनगड़ा : भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ग्रामीण डाक कर्मचारियों का चरणबद्ध आंदोलन सोमवार, 20 जुलाई से शुरू हो गया है। विभाग द्वारा लगातार की जा रही अनदेखी के विरोध में पहले दिन डाक सेवकों ने अपने-अपने कार्यालयों में काली पट्टी बांधकर काम किया और सरकार के प्रति अपना विरोध जताया। संघ के रांची प्रमंडलीय सचिव सह राजाडेरा के पोस्ट मास्टर रामकुमार दीपक ने बताया कि संघ द्वारा सरकार को सामूहिक एजेंडा सौंपा जा चुका है। उन्होंने आंदोलन की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि 20 से 27 जुलाई तक सभी कर्मचारी काली पट्टी बांधकर ही अपनी सेवाएं देंगे। इसके बाद 28 जुलाई को मंडलीय कार्यालयों पर लंच टाइम के दौरान शांतिपूर्ण प्रदर्शन और गेट मीटिंग की जाएगी। आगे की रणनीति के तहत 5 अगस्त को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल रखी जाएगी। रामकुमार दीपक ने स्पष्ट किया कि यदि इन विरोध प्रदर्शनों के बाद भी सरकार की ओर से मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो 18 अगस्त से पूरे देश में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी जाएगी।

विधायक ममता देवी के अथक प्रयास रंग लाये

गोला की छह प्रमुख सड़कों को मिली स्वीकृति, जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गोला (रामगढ़) : गोला प्रखंड के हजारों ग्रामीणों के लिए बड़ी खुशखबरी है। वर्षों से जर्जर सड़कों की समस्या से जूझ रहे क्षेत्रवासियों को अब राहत मिलने की उम्मीद जगी है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के अंतर्गत गोला प्रखंड की छह महत्वपूर्ण सड़क योजनाओं को तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। अब विभाग द्वारा शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर धरातल पर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। स्वीकृत योजनाओं में संग्रामपुर बाजार टांड़ से नेमरा भाया औंराडीह तक सड़क (7.415 किमी) के लिए 442.915 लाख, महलीडीह से रोला पीएमजीएसवाई तक सड़क (3.230 किमी) के लिए 208.030 लाख, एनएच-23 से आईटीआई भाया पॉलिटेक्निक कॉलेज तक सड़क (2.750 किमी) के लिए ?146.896 लाख, फूलझरिया से चौकाद चांदनी चौक तक सड़क (2.630 किमी) के लिए 152.650 लाख, बरलंगा से पूरबटांड़ तक सड़क (1.600 किमी) के लिए 95.932 लाख तथा सुतरी से डुमरडीह तक सड़क (0.975 किमी) के लिए ?56.224 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन सभी योजनाओं की स्वीकृति का श्रेय स्थानीय विधायक ममता देवी के लगातार संघर्ष, जनहित के प्रति समर्पण और अथक प्रयासों को दिया जा रहा है। क्षेत्र की जनता लंबे समय से इन सड़कों के निर्माण की मांग कर रही थी। विधायक ममता देवी ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों एवं सरकार के समक्ष लगातार पहल की, जिसका सकारात्मक परिणाम आज सामने आया है। स्वीकृति मिलने की खबर से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोगों में विकास की नई उम्मीद जगी है। विधायक प्रतिनिधि जाकिर अख्तर ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल सड़क निर्माण की स्वीकृति नहीं, बल्कि गोला प्रखंड के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

वाईबीएन की श्रेया ने राष्ट्रीय मंच पर लहराया परचम, 'बेस्ट स्पीकर अवॉर्ड' से हुईं सम्मानित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : वाईबीएन विश्वविद्यालय रांची की विधि संकाय की छात्रा सुश्री श्रेया शुक्ला ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित 12३ Justice D.P. Gupta Moot Court Competition-2026 में 'Best Speaker Award' (सर्वश्रेष्ठ वक्ता पुरस्कार) जीतकर विश्वविद्यालय और झारखंड का नाम रोशन किया है। बीबीए एलएलबी (सेमेस्टर-क) की छात्रा श्रेया ने अपनी प्रभावशाली वकालत, सशक्त विधिक तर्क और उत्कृष्ट वक्तृत्व कौशल के दम पर यह सम्मान हासिल किया। यह राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता 17 एवं 18 जुलाई 2026 को बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित हुई थी, जिसमें देशभर के

विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं विधि संस्थानों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान श्रेया शुक्ला ने न्यायालयीन प्रस्तुति, कानूनी ज्ञान और तार्किक क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए निर्णायक मंडल को प्रभावित किया और 'सर्वश्रेष्ठ वक्ता' का खिताब अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर वाईबीएन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) सत्यदेव पोद्दार एवं कुलसचिव डॉ. दीप्ति भार्गव ने श्रेया शुक्ला को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि श्रेया की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी विधिक शिक्षा, मूट कोर्ट प्रतियोगिताओं, शोध एवं अकादमिक उत्कृष्टता की दिशा में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी। वाईबीएन ग्रुप की सीएमडी डॉ.अंकिता यादव ने भी छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को शिक्षा,अनुसंधान, नवाचार और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए निरंतर प्रोत्साहित करता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भविष्य में भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते रहेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि श्रेया शुक्ला की यह उपलब्धि वाईबीएन विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण विधि शिक्षा, व्यावहारिक प्रशिक्षण और प्रतिभा संवर्धन की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

गोला के सोनडीमरा रेलवे स्टेशन में टिकट के बिना यात्री परेशान, बना 'नो टिकट जोन'!

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गोला (रामगढ़) : रेलवे यात्रियों से बिना टिकट यात्रा करने पर भारी जुमार्ना वसूलता है, लेकिन यदि किसी स्टेशन पर टिकट खरीदने की व्यवस्था ही न हो तो जिम्मेदारी किसकी होगी? यह सवाल आज रामगढ़ जिले के सोनडीमरा रेलवे स्टेशन पर खड़ा है, जहाँ वर्षों से ट्रेनों का ठहराव तो जारी है, लेकिन टिकट बिक्री पूरी तरह बंद है। नतीजा यह कि हर दिन सैकड़ों यात्री असमंजस, डर और मजबूरी के बीच सफर करने को विवश हैं। मुरीझ्झबरकाकाना रेलखंड के मध्य स्थित सोनडीमरा स्टेशन आसपास के दर्जनों गांवों की जीवनरेखा है। यहीं से किसान अपनी ताजी सब्जियां मुरी, रांची, रामगढ़ और अन्य बाजारों तक पहुंचाते हैं। छात्र शिक्षा के लिए, मजदूर रोजगार के लिए, मरीज इलाज के लिए और छोटे व्यापारी अपने कारोबार के लिए इसी स्टेशन पर निर्भर हैं। इसके बावजूद स्टेशन की हालत बद से बदतर होती जा रही है। जर्जर भवन, नदारद सुविधाएं और बंद टिकट काउंटर रेलवे की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार

■ रुकती हैं ट्रेनें, लेकिन टिकट नहीं... आखिर किसकी लापरवाही की सजा भुगत रहे हैं यात्री?

एक समय ऐसा था जब यहां नियमित टिकट बिक्री होती थी और यात्री सुविधाएं भी उपलब्ध थीं। क्षेत्र के पूर्व विधायक अर्जुन राम के प्रयासों से स्टेशन को बेहतर सुविधाएं मिली थीं। लेकिन समय के साथ व्यवस्थाएं खत्म होती चली गईं। आज स्थिति यह है कि आद्राझ्झबरकाकाना और टाटाझ्झबार काकाना पैसेंजर ट्रेनें लगभग 30 सेकंड के लिए रुकती हैं, मगर यात्री चाहकर भी वैध टिकट नहीं खरीद सकते। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि टिकट नहीं मिलने के कारण अनेक यात्रियों को मजबूरी में बिना टिकट यात्रा करनी पड़ती है। यदि रास्ते में टिकट जांच हो जाए तो उन्हीं यात्रियों से जुमार्ना वसूला जाता है, जिनके स्टेशन पर टिकट खरीदने की कोई व्यवस्था ही नहीं है। यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि आम नागरिकों के साथ अन्याय भी माना जा रहा है। रेलवे का उद्देश्य सुरक्षित, वैध और सुगम यात्रा उपलब्ध कराना है। ऐसे में यदि किसी अधिकृत ठहराव वाले स्टेशन पर टिकट सुविधा ही बंद रहे तो यह व्यवस्था की गंभीर खामी है। सवाल यह भी है कि जब ट्रेनों का ठहराव जारी है तो टिकट काउंटर बहाल करने में आखिर बाधा क्या है? यदि यात्री टिकट खरीदना चाहते हैं तो उन्हें यह सुविधा मिलनी ही चाहिए। ग्रामीण सर्वेश्वर महतो कहते हैं, सोनडीमरा में टिकट बिक्री शुरू होते ही हजारों लोगों को राहत मिलेगी। लोग बिना डर और बिना जुमार्ने के कानूनी तरीके से यात्रा कर सकेंगे। गुड्डू करमाली का कहना है, यहां कोई शौक से बिना टिकट यात्रा नहीं करता। ट्रेन रुकती है, लेकिन टिकट नहीं मिलता। रेलवे को यात्रियों की इस मजबूरी को समझना होगा और तत्काल व्यवस्था बहाल करनी होगी। वहीं राजकिशन त्रिपाठी कहते हैं, यह सुविधा पहले उपलब्ध थी। टिकट काउंटर बंद होने से सबसे ज्यादा परेशानी गरीब, किसान, छात्र और मजदूर वर्ग को उठानी पड़ रही है। इसे जल्द से जल्द फिर से शुरू किया जाना चाहिए। सोनडीमरा स्टेशन की अनदेखी केवल यात्रियों की परेशानी नहीं बढ़ा रही, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी प्रभावित कर रही है। यदि यहां टिकट बिक्री, स्टेशन का जीर्णोद्धार और प्रमुख ट्रेनों का पर्याप्त ठहराव सुनिश्चित किया जाए तो यह पूरा इलाका सीधे लाभान्वित होगा। इससे किसानों को बाजार, युवाओं को शिक्षा और रोजगार तथा आम लोगों को सुरक्षित और सम्मानजनक रेल यात्रा का अधिकार मिल सकेगा। अब निगाहें रेलवे प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और जनहित से जुड़े जिम्मेदार अधिकारियों पर टिकी हैं। क्या सोनडीमरा स्टेशन को फिर से उसकी पहचान और सुविधाएं मिलेंगी, या फिर यह स्टेशन यूं ही बदहाली, उपेक्षा और बंद टिकट काउंटर का प्रतीक बना रहेगा? इस सवाल का जवाब अब संबंधित विभागों को देना होगा।

स्पेन ने 16 साल बाद जीता फुटबॉल वर्ल्ड कप

ईस्ट रदरफोर्ड : यूरोपीय चैंपियन स्पेन ने रोमांचक फाइनल में गत चैंपियन अर्जेंटीना को सोमवार तड़के (भारतीय समयानुसार) अतिरिक्त समय में 1-0 से हराकर दूसरी बार फीफा विश्व कप का खिताब अपने नाम कर लिया। अतिरिक्त समय के 106वें मिनट में फेरान टोरेस ने विजयी गोल दागकर स्पेन को 2010 के बाद पहला और कुल दूसरा विश्व कप दिलाया। बार्सिलोना के स्टार फारवर्ड फेरान टोरेस 62वें मिनट में मिकेल ओयारजाबाल की जगह मैदान पर उतरे थे। अतिरिक्त समय में निको विलियम्स ने पेड्रो पोरो के क्रॉस पर शानदार हेडर लगाया, जिसे अर्जेंटीना पूरी तरह क्लियर नहीं कर सका। गेंद फेरान टोरेस के पास

पहुंची और उन्होंने नजदीक से गोल कर स्पेन को बढ़त दिला दी। इससे पहले मुकाबले का रुख 90वें मिनट में बदल गया, जब अर्जेंटीना के मिडफील्डर एंजो फर्नांडीज ने स्पेन के युवा डिफेंडर पाउ कुबार्सी पर खतरनाक फाउल कर दिया। रेफरी स्लावको विन्चिच ने उन्हें दूसरा पीला कार्ड दिखाते हुए लाल कार्ड थमा दिया, जिसके बाद अर्जेंटीना को शेष मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। पूरे मैच में

■ फाइनल में अर्जेंटीना को 1-0 से हराया, फेरन टोरेस ने एक्स्ट्रा टाइम में गोल दागा

स्पेन का दबदबा देखने को मिला। स्पेन ने लगातार आक्रमण किए और कई गोल करने के अवसर बनाए, हालांकि उसे सफलता अतिरिक्त समय तक नहीं मिली। दूसरी ओर, अर्जेंटीना स्पेन की मजबूत रक्षापंक्ति के सामने संघर्ष करता नजर आया।

प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे मेसी

लियोनेल मेसी भी इस मुकाबले में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। अर्जेंटीना का पहला शॉट 117वें मिनट में आया, जब मेसी का प्रयास स्पेन के खिलाड़ियों ने ब्लॉक कर दिया। लगातार दूसरे विश्व कप खिताब की उम्मीद लगाए बैठी अर्जेंटीना की टीम 1962 के बाद पहली बार खिताब बचाने वाली टीम बनने का सपना भी पूरा नहीं कर सकी। मैच के अंतिम मिनटों में अर्जेंटीना ने बराबरी के लिए जोरदार प्रयास किए, लेकिन स्पेन के खिलाड़ियों ने शानदार रक्षण करते हुए बढ़त बरकरार रखी और इतिहास रच दिया। यह 48 टीमों वाले अब तक के सबसे बड़े फीफा विश्व कप का 104वां और अंतिम मुकाबला था, जिसकी मेजबानी संयुक्त रूप से अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको ने की। टूर्नामेंट में कुल 307 गोल हुए, जो विश्व कप इतिहास में सर्वाधिक रहे। फाइनल मुकाबले को देखने के लिए खेल और मनोरंजन जगत की कई बड़ी हस्तियां भी स्टेडियम पहुंचीं।

भारतीय क्रिकेट में अच्छी बेंच स्ट्रेंथ से टीम चयन हुआ बेहद कठिन : दिनेश कार्तिक

मुम्बई : पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक के अनुसार भारतीय क्रिकेट में लगातार प्रतिभाएं सामने आ रही हैं। इसी कारण चयनकर्ताओं के लिए अगले साल होने वाले एकदिवसीय विश्वकप के लिए टीम चयन कठिन हो गया है। कार्तिक के अनुसार अभी के समय में भारतीय टीम की बेंच स्ट्रेंथ सबसे अधिक है। इससे टीम में शामिल हर खिलाड़ी पर अपनी जगह बनाए रखने का भारी दबाव है। कार्तिक ने कहा कि साल 2027 एकदिवसीय के लिए उन्हीं खिलाड़ियों को अवसर मिलेगा जो लगातार बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने जोर दिया कि टीम प्रबंधन को वरिष्ठ खिलाड़ियों के भविष्य के संबंध में स्पष्ट संवाद स्थापित करना होगा, ताकि सशंय की भावन दूर ओ और खिलाड़ी मानसिक रूप से हर स्थित के लिए तैयार रहें।

शुभमन ने हार के लिए खिलाड़ियों के लगातार चोटिल होने को बताया बड़ा कारण

एजेंसी

लंदन : इंग्लैंड के खिलाफ तीसर एकदिवसीय क्रिकेट मैच में भारतीय टीम की हार पर कप्तान शुभमन गिल भड़क गये। इस मैच में हार के साथ ही भारतीय टीम सीरीज भी 1-2 से हार गयी। हार के बाद शुभमन ने खिलाड़ियों की फिटनेस पर भी सवाल उठाये। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि तीन मैचों की छोटी सीरीज में भी खिलाड़ियों का फिट न रह पाना एक गंभीर चिंता की बात है। इससे टीम की भविष्य की रणनीतियों और विश्व कप की तैयारियों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है। गौरतलबह है कि भारतीय टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशी) में चोट लगने के कारण पहले से ही इस सीरीज से बाहर

थे। हार्दिक को यह चोट बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में लगी थी, जहां वह पीठ की चोट से उबरने के लिए पुनर्वास प्रक्रिया में थे। उनकी जगह टीम में शामिल ऑलराउंडर नितीश रेड्डी भी टीम के इंग्लैंड रवाना होने से कुछ घंटे पहले ही जांघ में चोट के कारण दौरे से बाहर हो गये थे। यहां तक कि इंग्लैंड पहुंचने के बाद भी खिलाड़ियों के चोटिल होने का सिलसिला जारी रहा। हर्षित राणा और वॉशिंगटन सुंदर हैमस्ट्रिंग की समस्या से परेशान रहे। मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह घुटने की चोट के कारण मैच से बाहर हो गए, जिससे टीम की मुश्किलें और भी बढ़ गईं। शुभमन ने इस पर निराशा जताते हुए कहा, शुरूआत में जो चुनी गई थी उसमें तो कम से कम पांच खिलाड़ी टीम से बाहर थे।

मेरा काम प्रदर्शन करना, बाहरी शोर से फर्क नहीं पड़ता : रोहित

एजेंसी

नयी दिल्ली : इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में 138 रनों की पारी खेलने वाले भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि उनका पूरा ध्यान केवल भारतीय टीम के लिए प्रदर्शन करने पर है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाहरी शोर से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता और उनका काम सिर्फ मैदान पर देश के लिए सर्वश्रेष्ठ देना है। लॉर्ड्स वनडे मैच से पहले मीडिया रिपोर्ट्स में लगातार ऐसे दावे किए जा रहे थे कि यह मुकाबला भारतीय टीम के लिए रोहित शर्मा का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच हो सकता है। हालांकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने इन खबरों को निराधार बताया था। अब मैच के बाद रोहित ने भी अपने बयान से इन चचाओं को लगभग खारिज कर

दिया। बीसीसीआई की ओर से सोमवार को जारी वीडियो में रोहित शर्मा ने कहा कि मेरा काम बल्ले से प्रदर्शन करना और मैदान पर उतरकर अपने देश का प्रतिनिधित्व करना है। डेब्यू के बाद से मुझे यही जिम्मेदारी मिली है और मैं आगे भी यही करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि बाहरी चचाएं और आलोचनाएं उनके करियर की शुरूआत से ही होती रही हैं और इससे उनके सोचने या खेलने के तरीके पर कोई असर नहीं पड़ता। रोहित ने कहा कि जब से मैंने पदार्पण किया है, तब से यह शोर मौजूद है। जब तक मैं खेलूंगा, यह चलता रहेगा। इसलिए इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण यह है कि मैं मैदान पर क्या करता हूं और टीम की सफलता में कितना योगदान देता हूं। उन्होंने मुस्कराते हुए कहा, शोर-शराबा होने दीजिए। अगर शोर न हो, तो मजा ही नहीं आता। मेरा काम मैदान के अंदर है और आलोचकों का काम मैदान के बाहर। मैं इसे इसी नजरिए से देखता हूं। 138 रन की दमदार पारी भी नहीं दिला सकी जीतलॉर्ड्स में खेले गए तीसरे और अंतिम वनडे में रोहित शर्मा ने 138 रनों की शानदार पारी खेलकर साबित कर दिया कि उनमें अभी भी भरपूर क्रिकेट बाकी है।

झारखंड में पहली बार आयोजित होगी तीन दिवसीय एक्रोबैटिक जिम्नास्टिक्स कार्यशाला

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
रांची : झारखंड जिम्नास्टिक एसोसिएशन द्वारा राज्य में पहली बार तीन दिवसीय एक्रोबैटिक जिम्नास्टिक्स कार्यशाला का आयोजन 18, 19 एवं 20 जुलाई 2026 को खेलगांव स्थित गणपत राय इंडोर स्टेडियम, रांची में किया जाएगा। कार्यशाला का संचालन भारत के अंतरराष्ट्रीय एक्रोबैटिक जिम्नास्टिक्स कोच एवं अंतरराष्ट्रीय जज अभिजीत कुमार करेंगे। उनके मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को एक्रोबैटिक जिम्नास्टिक्स की आधुनिक तकनीकों, संतुलन, सुरक्षा मानकों तथा प्रतियोगी कौशल का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। अभिजीत कुमार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक उपलब्धियाँ हासिल कर

चुके हैं तथा एशियाई एवं विश्वस्तरीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। झारखंड जिम्नास्टिक एसोसिएशन का उद्देश्य इस कार्यशाला के माध्यम से राज्य में एक्रोबैटिक जिम्नास्टिक्स को नई पहचान देना तथा खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। कार्यशाला में राज्य के विभिन्न जिलों से खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं खेल प्रेमियों के भाग लेने की संभावना है। एसोसिएशन ने इच्छुक खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों से समय पर पंजीकरण कराने की अपील की है।

झारखंड

डिक्की से आभूषण उड़ानेवाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

तीन गिरफ्तार, सभी आभूषण बरामद

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
कोडरमा : चंदवारा थाना क्षेत्र के उरवां पेट्रोल पंप के समीप मोटरसाइकिल की डिक्की से आभूषण से भरा बैग उड़ाने के मामले का कोडरमा पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए अंतरराज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने छिनतई किए गए सभी आभूषण, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल तथा डिक्की खोलने में इस्तेमाल की गई टी-आकार की मास्टर-की भी बरामद कर ली है। जानकारी के अनुसार, चंदवारा निवासी अशोक सोनी, पिता स्वर्गीय लखन स्वर्णकार, पेट्रोल पंप पर अपनी बाइक

में पेट्रोल भरवाने पहुंचे थे। इसी दौरान बाइक सवार अपराधियों ने उनकी मोटरसाइकिल की डिक्की से आभूषण से भरा बैग चोरी कर लिया। पीड़ित के लिखित आवेदन पर चंदवारा थाना कांड संख्या 50/26 दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, कोडरमा के निर्देश पर थाना प्रभारी चंदवारा के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज, मानवीय सूचना एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर आरोपियों की पहचान की। जांच में पता चला कि आरोपी ओडिशा के जाजपुर जिले में छिपे हुए हैं।

भूसुर विद्यालय का डीएसई ने किया औचक निरीक्षण मिड-डे मील में अनियमितता पर लगायी फटकार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
लातेहार : जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) ऋषिकेश कुमार ने सोमवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय, भूसुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, मध्यान्ह भोजन योजना और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएसई ने छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, मेन्यू और नियमितता को लेकर भी बच्चों से बातचीत की। बच्चों ने बताया कि विद्यालय में सरकार द्वारा निर्धारित रुटीन और मेन्यू के अनुसार नियमित रूप से मध्यान्ह भोजन उपलब्ध नहीं कराया जाता है। शिकायत सुनने के बाद डीएसई ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विद्यालय प्रबंधन और स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्यों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सरकार के तय मेन्यू और नियमों के अनुसार ही बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि बच्चों के भोजन में किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही या मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डंडई के मजदूर अम्बिका साह को अधमरा कर आरोपियों ने तीलदाग जंगल की झाड़ी में फेंका

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
डंडई/गढ़वा : थाना क्षेत्र के एक मजदूर की पिटाई कर जंगल की झाडी में फेके जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि अंबिका साह नामक मजदूर गढ़वा मजदूरी करने गया था वहीं से उसे बहला फुसलाकर बाईक पर बैठा गढ़वा प्रखंड के तिल्दाग गांव स्थित एक जंगल में ले जाया गया जहां पर उसकी बेरहमी से पिटाई कर के झाड़ी में फेंक दिया गया। घटना शनिवार रात्रि 7 से 8 बजे की बताई जाती है। जानकारी के अनुसार डंडई थाना क्षेत्र के डंडई निवासी लक्ष्मण साह का 35 वर्षीय पुत्र अंबिका साह शनिवार की अहले सुबह मजदूरी करने के लिए अपने घर से गढ़वा गया था। वही अंबिका सुबह से शाम तक गढ़वा के यहां वहां स्थलों पर घूम घूम कर मजदूरी किया। उसके बाद जब वह शाम के समय में अपने घर डंडई आने की तैयारी करने लगा तो टँडवा पुल के पास से उसका बडा भाई का साला महेश साह वहां पहुंचा और अपनी बाइक पर बैठा कर उसे अपने घर तीलदाग ले गया। वहीं, घर पहुंचने के बाद वह अपने छोटे भाई राहुल के साथ-साथ कई सहयोगियों के साथ अंबिका को पास के जंगल की झाडी में ले गया जहां पर बेरहमी के साथ उसकी पीटाई कर अधमरा स्थिति में उसे जंगल की झाड़ी में फेंक दीया गया। उन लोगों की पिटाई से अंबिका के पूरा शरीर में काला काला धब्बा बन गया है । साथ ही उसका बाँए तरफ का आंख भी पूरी तरह काला हो गया है। शरीर के ऊपर लगे कई तरह के जख्मों को आमतौर पर वह दिखाते चल फिर रहा है। वहीं अंबिका ने सोमवार को अपने घर पर आपबीती बताते हुए कहा कि अन्य दिन की तरह मैं शनिवार को भी अपने घर से गढ़वा मजदूरी करने गया था। वहां पर सुबह से शाम तक मजदूरी किया। उसके बाद शाम के समय जब मैं घर आने लगा तो टंडवा पुल के पास बड़े भाई के साला महेश प्रसाद वहां पर बाइक से पहुंचा और मुझे बैठा कर अपने घर तीलदाग ले गया। घर पहुंचने के बाद उसका एक और भाई राहुल वहां पहुंचा और दोनों ने मुझे बाइक पर जबरन बैठा कर जंगल के झाडी में ले गए जहां पर पहले से और चार-पांच लोग मौजूद थे। अंबिका ने कहा कि वहां पर पहुंचते ही उन लोगों के द्वारा लाठी डंडा से मेरी पिटाई करना शुरू कर दीया गया। इस दौरान एक दो लोगों ने मेरे कनपटी में पिस्टल भी सटाया और गोली मार दो गोली मार दो की बात करना शुरू कर दिया। जब मैं गोली मार दो की बातों का विरोध करने लगा तो उक्त लोगों के द्वारा और बेरहमी के साथ पीटाई करना शुरू कर दिया गया। उनकी पिटाई से जब मैं अधमरा हो गया तो उसी हालत में मुझे वहीं छोड़कर वे सभी से भाग गए। उन्होंने कहा की पिटाई के लगभग 8से 9 घंटा के बाद जब मैं किसी तरह होश में हुआ तो जंगल की झाड़ी से धीरे-धीरे चलकर सड़क के किनारे पहुंचा और ऑटो पकडकर रविवार की दोपहर में अपने घर पहुंचा।

खेत में काम करने के दौरान वज्रपात से किसान की मौत

कुंडहित (जामताड़ा) : कुंडहित प्रखंड के चरकमारा गांव में सोमवार को वज्रपात की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी मणिलाल सोरेन (40) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मणिलाल सोरेन अपने खेत में कृषि कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हो गया और तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरने से वह उसकी चपेट में आ गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें गंभीर अवस्था में खेत से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जामताड़ा भेज दिया गया। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक मिलने पर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
गुमला : उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग ने पालकोट रोड क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाया। उपायुक्त गुमला एवं अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारियों प्रकाश चंद्र गुग्गी, कुमार प्रभाकर एवं आशा राज के नेतृत्व में कई खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान आर मार्ट, जयप्रकाश ट्रेडर्स, आलोक जनरल स्टोर, राजेंद्र शॉप, आलोक ट्रेडर्स, लक्ष्मी ट्रेडर्स एवं जग्गू जूस एवं फ्रूट सेंटर सहित अन्य दुकानों में खाद्य लाइसेंस, पैकेजिंग, लेबलिंग, एक्सपायरी तिथि, गुणवत्ता एवं स्वच्छता मानकों की जांच की गई। जांच में जग्गू जूस एवं फ्रूट सेंटर तथा राजेंद्र शॉप में एक्सपायरी कोल्ड ड्रिंक बिक्री के लिए रखी मिली, जिसे टीम ने मौके पर ही नष्ट कराया। संबंधित दुकानदारों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत कार्रवाई शुरू की गई। वहीं, लक्की जनरल स्टोर से दूध के नमूने लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला, रांची भेजे गए।

दो मोहनी धाम में सावन की दूसरी सोमवारी पर कंवर पदयात्रा को लेकर बैठक सम्पन्न

भव्य आयोजन और घर-घर प्रचार का लिया गया निर्णय

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
कोडरमा : सोमवार को सुबह 8:00 बजे दो मोहनी धाम, मंदिर परिसर चंदवारा प्रखंड में सावन की दूसरी सोमवारी कंवर पदयात्रा को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता आरागरो पंचायत के मुखिया मुंशी यादव ने की। वहीं बैठक का संचालन योगाचार्या सुषमा सुमन और प्रदीप कुमार सुमन ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहेः मोहनी धाम मंदिर के भगत जी पूर्व प्रमुख महेंद्र यादव, थाम पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रकाश यादव, थाम पंचायत के पंचायत समिति सदस्य उमाशंकर रविदास के साथ-साथ शंभू राणा, राम प्रसाद यादव, प्रकाश ठाकुर, राम साव, लक्ष्मण यादव, रामचंद्र साव बद्री यादव, संतोष पंडित, सुषमा सुमन, प्रदीप कुमार सुमन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए तन-मन-धन से प्रचार-प्रसार करने और कंवर पदयात्रा को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का संकल्प लिया।

बैठक में लिये गये प्रमुख निर्णय

- कंवर पदयात्रा को भव्य रूप से मनाया जायेगा और इसकी सूचना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाई जाएगी, ताकि सभी शिवभक्त इस पावन पुण्य कार्यक्रम में भाग लेकर पुण्य के भागी बन सकें।
- प्रचार-प्रसार को और मजबूत किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक पंचायत के प्रतिनिधियों के साथ अलग से बैठक की जाएगी।
- अगली बैठक दिनांक 28.07.2026, मंगलवार को दोपहर 2:00 बजे दो मोहनी धाम मंदिर परिसर में रखी गई है।

वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, चोरी की पिकअप समेत दो गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
लातेहार : बालूमाथ थाना पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। दोनों को थाना क्षेत्र के ओल्हेपाट गांव में एक घर के बाहर खड़ी पिकअप से डीजल चोरी करते समय ग्रामीणों की मदद से पकड़ा गया। पुलिस पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे झारखंड और बिहार के विभिन्न जिलों में वाहन चोरी, लूटपाट और डकैती जैसी घटनाओं को अंजाम देते रहे हैं। उनकी निशानदेही पर एक चोरी की महिंद्रा बोलेरो पिकअप, दो चोरी की बैटरियां, डीजल निकालने के लिए इस्तेमाल होने वाला पाइप व मशीन तथा दो मास्टर चाबियां

बरामद की गईं। गिरफ्तार आरोपितों में पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र निवासी 41 वर्षीय रंजीत जायसवाल (पिता कन्हाई जायसवाल) तथा हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र के चट्टीपेटो गांव निवासी 30 वर्षीय विकास कुमार (पिता टीका साव) शामिल हैं।पुलिस के अनुसार दोनों आरोपितों का आपराधिक इतिहास रहा है। इनके खिलाफ पहले से लूटपाट, डकैती और वाहन चोरी से संबंधित कई मामले दर्ज हैं।

भवनाथपुर अंचल कार्यालय में राजस्व उप निरीक्षक के रिक्त पदों पर अविलम्ब पदस्थापना की मांग

जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने उपायुक्त को लिखा पत्र

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
भवनाथपुर : भूमि विवादों से जूझ रहे भवनाथपुर अंचल क्षेत्र के रैयतों की समस्याओं को देखते हुए भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य श्रीमती रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने उपायुक्त गढ़वा महोदय को पत्र लिखकर भवनाथपुर अंचल कार्यालय में राजस्व उप निरीक्षक के रिक्त पदों पर अनुभवी कर्मियों की अविलंब पदास्थापना की मांग की है। श्रीमती शर्मा ने पत्र में उल्लेख किया है कि भवनाथपुर अंचल झारखंड और बिहार के संयुक्त राज्य काल से ही शिक्षा और अन्य संस्थानों के लिए सबसे अधिक भूमि वाला अंचल रहा है। यहां डिग्री कॉलेज, स्कूल, आटिआई कालेज सहित कई सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों की जमीनें अवस्थित हैं। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि पिछले कई वर्षों से इन संस्थानों की भूमि विवाद, गत सर्वे एवं हाल सर्वे को लेकर लंबित पड़ी है।

एक ही राजस्व उप निरीक्षक के भरोसे चल रहा है पूरा अंचल

वर्तमान में पूरे भवनाथपुर अंचल में मात्र एक ही राजस्व उप निरीक्षक पदस्थापित हैं। वह भी अकेले इतने बड़े क्षेत्र के भूमि विवाद, मापी, दाखिल-खारिज और अन्य राजस्व कार्यों का निष्पादन करने में असमर्थ हैं। ऊपर से सूचना है कि उनका सेवानिवृत्त भी बहुत जल्द होने वाला है। ऐसे में यदि रिक्त पदों पर तत्काल पदास्थापना नहीं की गई तो अंचल का राजस्व कार्य पूरी तरह ठप हो जाएगा। श्रीमती शर्मा ने पत्र में कहा कि भूमि ही ग्रामीणों की सबसे बड़ी पूंजी है। भूमि विवाद के कारण आए दिन मारपीट, कोर्ट-कचहरी और आपसी तनाव की स्थिति बनी रहती है। अनुभवी राजस्व उप निरीक्षक की कमी के कारण आम रैयतों को अपना काम कराने के लिए महीनों तक अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। कई बार तो छोटे-छोटे विवाद भी बड़े रूप ले लेते हैं क्योंकि समय पर मापी और जांच नहीं हो पाती।

रैयतों के हित में अविलम्ब कार्रवाई करते हुए अनुभवी राजस्व उप निरीक्षक की पदस्थापना की मांग

जिला परिषद सदस्य ने उपायुक्त महोदय से आग्रह किया है कि भवनाथपुर अंचल की संवेदनशीलता और भूमि विवादों की अधिकता को ध्यान में रखते हुए यहां रिक्त सभी राजस्व उप निरीक्षक के पदों पर अविलंब अनुभवी कर्मियों की पदस्थापना की जाए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते पदों की पूर्ति नहीं की गई तो रैयतों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा और भूमि से जुड़े मामलों का निपटारा और लंबित हो जाएगा। श्रीमती शर्मा ने कहा कि ₹भवनाथपुर की जनता को त्वरित और पारदर्शी राजस्व सेवा मिलना उनका अधिकार है। प्रशासन को चाहिए कि वह रैयतों की इस मूलभूत समस्या को गंभीरता से ले और मानवीय आधार पर जल्द से जल्द रिक्त पदों पर पदास्थापना किया जाए, ताकि भूमि विवादों का निपटारा हो सके और विकास कार्यों में तेजी आ सके। उन्होंने विश्वास जताया कि उपायुक्त महोदय रैयतों की इस समस्या को प्राथमिकता के आधार पर देखेंगे और शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

वन राखी मूवमेंट की स्वर्ण जयंती पर केरकी कुटिया में किया गया 625 पौधों का वितरण व पौधरोपण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
मेदिनीनगर : वन राखी मूवमेंट की स्वर्ण जयंती तथा केरकी कुटिया में पौधारोपण एवं पौधों के निःशुल्क वितरण के 21 वर्ष पूरे होने के अवसर पर रविवार को

छतरपुर प्रखंड स्थित केरकी कुटिया शिव तपोभूमि में भव्य पौधारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पर्यावरणविद् डॉ. कौशल किशोर जायसवाल ने 17 प्रजातियों के 625 देसी एवं विदेशी पौधों का ग्रामीणों के बीच निःशुल्क वितरण किया तथा कुटिया परिसर में एक पेड़ मां के नाम से लगाया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. कौशल किशोर जायसवाल, छतरपुर पूर्वी के जिला परिषद सदस्य अमित कुमार जायसवाल, डाली बाजार पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल सहित अन्य अतिथियों ने सामूहिक रूप से पौधारोपण कर किया। और वृक्षों पर रक्षाबंधन किया मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भी पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। डॉ. कौशल किशोर जायसवाल ने कहा कि कुटिया के त्यागी जी ने 2005 में बैठक बुलाकर उन्होंने कुटिया की भूमि पर पौधा लगाने का लिखित एग्रीमेंट किया था। उक्त बैठक में शामिल मनोज गुप्ता. कपिल सिंह. शिवनाथ सुरीला नरेश यादव समेत दर्जनों लोग आज भी मौजूद है और आगे भी कार्यक्रम जारी रहेगा। जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि उनके पिता डॉ. कौशल किशोर जायसवाल ने 21 वर्ष पूर्व निजी खर्च से केरकी कुटिया की 27 एकड़ भूमि में चारों ओर ट्रेंच खोदवाकर व्यापक स्तर पर पौधारोपण कराया था। जो आज घने जंगल का स्वरूप ले चुका है। मुखिया पूनम जायसवाल ने महिलाओं से पौधों की देखभाल अपने बच्चों की तरह करने की अपील करते हुए कहा कि जैसे बच्चे बड़े होकर परिवार का सहारा बनते हैं। वैसे ही पेड़ भी समाज और प्रकृति के लिए अमूल्य योगदान देते हैं।

एक झलक

सैमसंग ने गैलेक्सी एआई डिवाइस पर 'बैक टू स्कूल' ऑफर किया लॉन्च

रांची : सैमसंग इंडिया ने अपने गैलेक्सी इकोसिस्टम के लिए 'बैक टू स्कूल' ऑफर की घोषणा की। इससे छात्र गैलेक्सी एआई -पावर्ड लेटेस्ट डिवाइस का इस्तेमाल कर सकेंगे, जिन्हें पूरे एकेडमिक ईयर के दौरान सीखने, क्रिएटिविटी और प्रोडक्टिविटी में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है।स्टार्ट स्कूल. स्टैंड आउट. ग्रो फर्दर सैमसंग एआई ' कैंपेन के तहत, सैमसंग अपने सैमसंग स्टूडेंट +' प्रोग्राम के जरिए स्टूडेंट्स को खास फायदे दे रहा है। इसमें सैमसंग के लेटेस्ट स्मार्टफोन, टैबलेट, लैपटॉप, मॉनिटर और वियरेबल्स पर चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर 10% तक की छूट, आकर्षक बैंक ऑफर, बिना किसी अतिरिक्त लागत के ईएमआई (नो-कॉस्ट ईएमआई) के विकल्प और अपग्रेड के फायदे शामिल हैं। गैलेक्सी एआई के साथ स्मार्ट लर्निंग सैमसंग के नए गैलेक्सी डिवाइस गैलेक्सी एआई से चलते हैं। ये डिवाइस ऐसे स्मार्ट अनुभव देते हैं जिनसे छात्र बेहतर ढंग से बातचीत कर सकते हैं, साथ मिलकर काम कर सकते हैं और जानकारी पा सकते हैं।

उत्तराखंड से 24 मीट्रिक टन फ्रोजन फ्रेंच फ्राइज की पहली खेप भेजी गयी

नयी दिल्ली : उत्तराखंड के काशीपुर से 24 मीट्रिक टन फ्रोजन फ्रेंच फ्राइज की पहली खेप इराक भेजी गई है। इसका निर्यात विरून ग्लोबल ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड ने किया है। कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के काशीपुर से इराक को 24 मीट्रिक टन (एमटी) फ्रोजन फ्रेंच फ्राइज के पहले निर्यात में सहायता प्रदान की है। ये खेप उत्तराखंड से मूल्यवर्धित कृषि निर्यात को बढ़ावा देने और देश के प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एपीडा अध्यक्ष अभिषेक देव ने कहा कि उत्तराखंड जैसे भू-आबद्ध राज्यों से निर्यात की प्रतिस्पर्धात्मकता पर लॉजिस्टिक्स लागत का लगातार प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एपीडा निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार लाने और निर्यातकों के लिए अधिक बाजार पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से परिवहन सहायता प्रावधानों सहित राज्य कृषि निर्यात नीति के निर्माण और कार्यान्वयन पर उत्तराखंड सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक एपीडा ने निर्यातक को सियाल, गल्फूड, इंडसफूड और वर्ल्ड फूड इंडिया सहित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनियों में भाग लेने में सहयोग दिया है, जिससे बाजार तक व्यापक पहुंच और खरीदारों के साथ बेहतर जुड़ाव संभव हुआ है। भारत प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों के वैश्विक आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी स्थिति लगातार सुदृढ कर रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान प्रसंस्कृत सब्जियों का भारत का निर्यात 932.25 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया है, जिसमें 7,26,874.70 मीट्रिक टन उत्पाद शामिल थे। इसमें मूल्यवर्धित आलू उत्पादों का निर्यात 277,108.51मीट्रिक टन था, जिसका मूल्य 289.40 मिलियन यूएस डॉलर था।

लाल निशान में बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

नयी दिल्ली : अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी और घरेलू मोर्चे पर बैंकिंग सेक्टर के शेयरों की हुई जोरदार बिकवाली के कारण भारतीय शेयर बाजार आज कमजोरी का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरूआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली का दबाव बढ़ गया, जिसकी वजह से कमजोरी बढ़ती चली गई। दोपहर एक बजे के थोड़ी देर पहले खरीदारी शुरू हो जाने के कारण बाजार काफी हद तक रिकवर करने में सफल भी हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.57 प्रतिशत और निफ्टी 0.39 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज बाजार की कमजोरी के बावजूद ब्रॉडर मार्केट में हुई खरीदारी के कारण निवेशक पौने दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करने में सफल रहे। बीएसई का सेंसेक्स आज बिना किसी उतार-चढ़ाव के 78,151.45 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के कुछ देर बाद ही बिकवाली का दबाव बन गया, जिससे इस सूचकांक की चाल में बड़ी गिरावट आ गई। दोपहर एक बजे के थोड़ी देर पहले तक बाजार में लगातार दबाव बना रहा, जिसके कारण यह सूचकांक 783.16 अंक लुढ़क कर 77,368.29 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर

दी, जिसकी वजह से सेंसेक्स की चाल भी सुधरने लगी। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर दो बजे के करीब यह सूचकांक निचले स्तर से 400 अंक से अधिक की रिकवरी कर 77,783.26 अंक तक पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 442.93 की कमजोरी के साथ 77,708.52 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने आज 144.25 अंक टूट कर 24,190.05 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव की वजह से इस सूचकांक की कमजोरी बढ़ती चली गई। स्टॉक मार्केट में लगातार हो रही शेयरों की बिक्री के कारण निफ्टी 198.45 अंक फिसल कर 24,135.85 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की स्थिति सुधरने लगी। खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर दो बजे के थोड़ी देर बाद यह सूचकांक निचले स्तर से 130.25 अंक की रिकवरी कर 24,266.10 के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि, इसके बाद एक बार फिर बिकवाली शुरू हो गई, जिससे इस सूचकांक की चाल दोबारा कमजोर होती होने लगी। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 95.80 अंक की गिरावट के साथ 24,238.50 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दिन भर हुई खरीद बिक्री के दौरान बैंकिंग और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली होती रही। इसी तरह आईटी इंडेक्स भी कमजोरी के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, फार्मास्यूटिकल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और मेटल सेक्टर के शेयरों में आज लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह ऑयल एंड गैस, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स,कैपिटल गुड्स और एफएमसीजी इंडेक्स भी मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.60 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद मिड और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 1.80 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 482.67 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 480.83 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.84 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

सैमसंग ने भारत में लॉन्च की म्यूज़िक स्टूडियो सीरीज, घर बैठे मिलेगा प्रीमियम ऑडियो अनुभव

रांची : सैमसंग इंडिया ने भारतीय बाजार में अपनी न म्यूज़िक स्टूडियो सीरीज लॉन्च की है। इस सीरीज में म्यूज़िक स्टूडियो 5 (LS50H) और म्यूज़िक स्टूडियो 7 (LS70H) नाम के दो वाई-फाई स्पीकर्स शामिल हैं। कंपनी के अनुसार, नई सीरीज बेहतर साउंड क्वालिटी, आकर्षक डिजाइन और स्मार्ट कनेक्टिविटी के साथ घर में प्रीमियम ऑडियो अनुभव प्रदान करेगी। सैमसंग के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट विप्लेश डांग ने कहा कि कंपनी लगातार नई ऑडियो तकनीकों के माध्यम से होम एंटरटेनमेंट को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि नई म्यूज़िक स्टूडियो सीरीज भारतीय ग्राहकों को दमदार, साफ और शानदार साउंड अनुभव देगी।

सीरीज का प्रमुख मॉडल म्यूज़िक स्टूडियो 7 (LS70H) 3.1.1-चैनल स्पैशियल ऑडियो, एआई डायनैमिक बास कंट्रोल और ऑडियो लैब पैटर्न कंट्रोल तकनीक से लैस है, जो चारों ओर से आने वाली आवाज का प्रभाव पैदा करता है। वहीं म्यूज़िक स्टूडियो 5 (LS50H) कॉम्पैक्ट डिजाइन, वूफर, डुअल ट्वीटर और बिल्ट-इन वेवगाइड के साथ संतुलित एवं स्पष्ट ध्वनि प्रदान करता है। दोनों स्पीकर्स में वाई-फाई, ब्लूटूथ, म्यूजिक स्ट्रीमिंग और वॉयस कंट्रोल जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। नई सीरीज की खासियत क्यू-सिम्फनी तकनीक है, जिसकी मदद से सैमसंग टीवी और अन्य सैमसंग ऑडियो डिवाइस के साथ बेहतर तालमेल बनता है। स्मार्टथिंग्स ऐप के जरिए यूजर्स साउंड सेटिंग्स नियंत्रित कर सकते हैं, मल्टी-रूम ऑडियो का आनंद ले सकते हैं और एक साथ कई स्पीकर्स पर संगीत चला सकते हैं। क्यू-सिम्फनी के माध्यम से सैमसंग टीवी के साथ पांच तक साउंड डिवाइस जोड़े जा सकते हैं, जिससे अधिक इमर्सिव ऑडियो अनुभव मिलता है। सैमसंग की नई म्यूज़िक स्टूडियो सीरीज Samsung.com, प्रमुख रिटेल स्टोर्स और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। इसकी शुरूआती कीमत 27,900 रुपये रखी गई है।

इंडियन ओवरसीज बैंक को पहली तिमाही में 1,659 करोड़ रुपये का मुनाफा

नयी दिल्ली : सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 की (अप्रैल-जून) पहली तिमाही के वित्तीय नतीजे घोषित कर दिए हैं। बैंक का अप्रैल-जून तिमाही में शुद्ध लाभ यानी मुनाफा 49.3 फीसदी बढ़कर 1,659 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि मुख्य रूप से संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार से बैंक का शुद्ध लाभ पहली तिमाही में बढ़ा है। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में बैंक को 1,111 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। अप्रैल-जून तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 10,938 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2025-26 की समान अवधि में 8,866.47 करोड़ रुपये थी।

पश्चिम एशिया में तनाव से कच्चे तेल की कीमत में उबाल

नयी दिल्ली : पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ रहे तनाव और होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते से कच्चे तेल की आवाजाही एक बार फिर पूरी तरह से ठप पड़ जाने की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत एक बार फिर 90 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर गई है। ब्रेंट क्रूड आज 90 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर पिछले डेढ़ महीने के सबसे ऊंचे स्तर 90.73 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया। इसी तरह वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी आज 85 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड ने आज 2.60 डॉलर प्रति बैरल की उछाल के साथ 90.70 डॉलर प्रति



बैरल के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। कारोबार की शुरूआत होने के कुछ देर बाद कुछ देर के लिए इसकी कीमत 90 डॉलर के स्तर से नीचे लुढ़क कर 89.91 डॉलर प्रति बैरल तक भी पहुंची, लेकिन थोड़ी देर बाद ही ये दोबारा 90 डॉलर के स्तर को पार कर 90.73 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 11:15 बजे अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 2.48 डॉलर प्रति बैरल यानी 2.81 प्रतिशत की तेजी के साथ 90.58 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था। ब्रेंट क्रूड की तरह ही वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड ने 2.14 डॉलर प्रति बैरल की बढ़त के साथ 84.63 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से आज के कारोबार की शुरूआत की। दिन के कारोबार में डब्ल्यूटीआई क्रूड कुछ देर के लिए फिसल कर 83.61 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक गिर गया। थोड़ी देर बाद ही इसकी चाल में तेजी आ गई। इस तेजी की वजह डब्ल्यूटीआई क्रूड थोड़ी देर बाद ही 85 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर 85.39 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि बाद में इसके भाव में मामूली गिरावट भी दर्ज की गई। भारतीय समय के मुताबिक दोपहर 11:15 बजे डब्ल्यूटीआई क्रूड 2.39 प्रतिशत की तेजी के साथ 84.46 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा था। जानकारों का कहना है कि पश्चिम एशिया में बढ़ रहे तनाव की वजह से एक बार फिर कच्चे तेल की सप्लाई पर संकट बढ़ाने की आशंका बन गई है। फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के एक्जेक्यूटिव डायरेक्टर अनिल भंसाली का कहना है कि अमेरिका और ईरान द्वारा जिस तरह से युद्ध को तेज कर रहे हैं, उससे पश्चिम एशिया में शांति की संभावनाएं काफी क्षीण हो गई हैं। इस जंग की वजह से होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते से होने वाली कच्चे तेल की सप्लाई पूरी तरह से ठप पड़ गई है।

ट्राई ने हिमाचल और मध्यप्रदेश में मोबाइल नेटवर्क की जांच, जियो और एयरटेल आगे

नयी दिल्ली : दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (टीआरएआई) ने मई में हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर, बिलासपुर एवं आसपास और जून में मध्यप्रदेश के भोपाल शहर, इंदौर-नीमच हाई-वे और बिलासपुर-अंबिकापुर हाई-वे पर मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता की जांच की। रिपोर्ट में पाया गया कि जियो और एयरटेल ने बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि बीएसएनएल और वीआई का नेटवर्क कई स्थानों पर कमजोर रहा। केंद्रीय संचार मंत्रालय ने बताया कि भोपाल शहर में कवरेज गैप एयरटेल के लिए 293, बीएसएनएल के लिए 1532, जियो के लिए 131 और वीआई के लिए 473 नमूनों में दर्ज हुआ। कॉल ड्रॉप में एयरटेल 3, बीएसएनएल 16, जियो 1 और वीआई 1 कॉल में असफल रहे। डेटा डाउनलोड स्पीड में जियो सबसे आगे रहा जिसकी औसत स्पीड 291.53 एमबीपीएस रही, एयरटेल 44.25 एमबीपीएस, वीआई 63.96 एमबीपीएस और बीएसएनएल 10.68 एमबीपीएस पर रहे। इंदौर से नीमच हाईवे पर कवरेज गैप एयरटेल 442, बीएसएनएल 7023, जियो 822 और वीआई 557 नमूनों में दर्ज हुआ। कॉल ड्रॉप में जियो का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा, उसके एक भी कॉल ड्रॉप नहीं हुए। डेटा डाउनलोड स्पीड में जियो 216.50 एमबीपीएस, एयरटेल 86.90 एमबीपीएस, वीआई 21.44 एमबीपीएस और बीएसएनएल 9.13 एमबीपीएस रही। बिलासपुर से अंबिकापुर हाईवे पर कवरेज गैप एयरटेल 3293, बीएसएनएल 5201, जियो 2114 और वीआई 4548 नमूनों में दर्ज हुआ। कॉल ड्रॉप में एयरटेल 4, बीएसएनएल 14, जियो 2 और वीआई 6 कॉल असफल रहे। डेटा डाउनलोड स्पीड में जियो 150.95 एमबीपीएस, एयरटेल 40.32 एमबीपीएस, वीआई 17.99 एमबीपीएस और बीएसएनएल 10.76 एमबीपीएस रही।

हिल स्टेशन से लेकर बीच तक, सोनी सब के कलाकारों ने बताए अपने पसंदीदा मानसून डेस्टिनेशन

मुंबई : मानसून वह मौसम है, जब ज़िंदगी की रफ्तार धीमी हो जाती है, प्रकृति से जुड़ने का मौका मिलता है और यह एक तरोताजा करने वाली यात्रा की योजना बनाने के सबसे सही समय में से एक होता है। धुंध से ढकी पहाड़ियाँ, हरी-भरी वादियां और शांत समुद्र तट, सब कुछ मिलकर बारिश हर जगह को एक यादगार मंज़िल बना देते हैं। इसी खूबसूरत मौसम का जश्न मनाते हुए, सोनी सब के कलाकार ने अपने पसंदीदा मानसून डेस्टिनेशन और उनसे जुड़ी खास यादें साझा कीं। जितेन लालवानी ने साझा किया, गोवा हमेशा से मेरे पसंदीदा स्थानों में से एक रहा है, खासकर मानसून के दौरान। ज्यादातर लोग इसे गर्मियों की जगह मानते हैं, लेकिन मुझे यह बारिश में बेहद शांत और खूबसूरत लगता है। छवि पांडे ने साझा किया, मैं पूरी तरह से मानसून लवर हूं और पूरे साल इस मौसम का इंतजार करती हूं। जैसे ही मौसम अच्छा होता है, मुझे अपने पेट्स को महाबलेश्वर या किसी खूबसूरत हिल स्टेशन ले जाना पसंद है। जब मैं काम से दूर होकर प्रकृति के करीब रहती हूं और अपने बच्चों के साथ खूबसूरत यादें बनाती हूं।

लोहिया कॉर्प का प्राइस बैंड तय, 23 जुलाई को खुलेगा 1,102 करोड़ का आईपीओ

नयी दिल्ली/मुंबई : टेक्सटाइल सेक्टर के लिए मशीनरी और सहायक उपकरण बनाने वाली कंपनी लोहिया कॉर्प के पब्लिक इश्यू (आईपीओ) के लिए प्राइस बैंड और उसके साइज की घोषणा कर दी गई है। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 404 रुपये से लेकर 425 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 35 शेयर का है। इस इश्यू का साइज 1,102.08 करोड़ रुपये का है। कंपनी ने सोमवार को मुंबई में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि लोहिया कॉर्प का ये इश्यू सब्सक्रिप्शन के लिए 23 जुलाई को खुलेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में लोहिया कॉर्प लिमिटेड के मुख्य वित्तीय अधिकारी अनुपम अग्रवाल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राज कुमार लोहिया और होल-टाइम डायरेक्टर गौरव लोहिया प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कंपनी के मुताबिक निवेशक इसमें 27 जुलाई तक बोली लगा

सकेंगे। क्लोजिंग के बाद 28 जुलाई को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 29 जुलाई को अलॉटेड शेयर डिमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 30 जुलाई को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम एक लॉट यानी 35 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,875 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह रिटेल इनवेस्टर 1,93,375 रुपये के निवेश से अधिकतम 13 लॉट में 455 शेयर के लिए बोली लगा सकते हैं। इस आईपीओ के तहत 1 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 2,59,31,407 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे जाएंगे। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए न्यूनतम 75 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए अधिकतम 10 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए अधिकतम 15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इस इश्यू के लिए इक्वीरस कैपिटल लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है। वहीं एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है।

कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी को 117.84 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़ कर 193.45 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2024-25 में इसे 1,386.47 करोड़ रुपये का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़ कर 1,737.87 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इस अवधि में कंपनी के कर्ज में भी गिरावट आई। वित्त वर्ष 2024-25 के अंत में कंपनी पर 212.16 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो वित्त वर्ष 2025-26 में घट कर 152.78 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। कंपनी के रिजर्व और सरप्लस की बात करें, तो वित्त वर्ष 2024-25 में ये 358.14 करोड़ रुपये स्तर पर था, जो अगले वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़ कर 519.16 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

पेज एक के शेष

रांची पहली बार करेगी 135वें डूरंड कप-2026 की मेजबानी, स्टेडियम में कड़े सुरक्षा इंतजाम...

शराब, तम्बाकू उत्पाद, ड्रोन, पेशेवर कैमरे, लैपटॉप, बड़े पावर बैंक, हेलमेट, मेगाफोन, एयर हॉर्न, बड़े झंडे, लेजर पॉइंटर और एरोसोल स्प्रे जैसी वस्तुएं लाने की अनुमति नहीं होगी।

मॉनसून सत्र के पहले दिन सदन में हुआ जम कर हंगामा, कार्यवाही रही प्रभावित...

की संख्या बढ़ाने संबंधी संशोधन विधेयक सदन में प्रस्तुत किया।

दूसरी ओर, राज्यसभा में मानसून सत्र के पहले दिन नौ नवनिर्वाचित सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। इनमें गुजरात से मुकेशभाई जे. राठवा, कर्नाटक से पवन खेड़ा, मध्य प्रदेश से महेश केवट, मेघालय से जेम्स पांगसांग कोंगकल संगमा, मिजोरम से खियांगते लललतलुआगकिमा, राजस्थान से सतीश पूनिया तथा पश्चिम बंगाल से प्रकाश चिक बराइक, सुष्मिता देव और सुखेंदु शेखर राय शामिल हैं।

सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने पूर्व सदस्यों बलबीर पुंज, स्वपन साधन बोस (टूटू बोस), रंगासायी रामकृष्ण और एच. हनुमंथप्पा के निधन पर शोक व्यक्त किया तथा कतर के पूर्व अमीर को भी श्रद्धांजलि दी।

श्रद्धांजलि के बाद विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर कथित लाठीचार्ज, नीट और अन्य परीक्षाओं के पेपर लीक का मुद्दा उठाते हुए इन विषयों पर तत्काल चर्चा की मांग की। विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण राज्यसभा की कार्यवाही पहले 12 बजे, फिर 12:30 बजे, उसके बाद 12: 50, फिर दो बजे और फिर 2:30 बजे तक स्थगित करनी पड़ी।

दोपहर बाद कार्यवाही शुरू होने पर उपसभापति हरिवंश ने सदस्यों से सदन की गरिमा बनाये रखने की अपील करते हुए कहा कि संसद संवाद और चर्चा का मंच है तथा पूरे दिन कोई विधायी कार्य नहीं हो सका। हालांकि, हंगामा जारी रहने पर उन्होंने सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

तीन बार स्थगित करनी पड़ी सदन की कार्यवाही

नीट पेपर लीक, छात्रों के प्रदर्शन और अन्य मुद्दों को लेकर विपक्षी सांसदों की नारेबाजी के चलते लोकसभा में प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं चल सके। सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होने के बाद तीन बार स्थगित करनी पड़ी। हंगामा जारी रहने पर कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गयी।

दोपहर 12 बजे कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, लेकिन विपक्ष का विरोध जारी रहा। कुछ ही मिनटों बाद सदन को फिर स्थगित करना पड़ा। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे जब कार्यवाही तीसरी बार शुरू हुई, तो कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सांसद फिर नारेबाजी करने लगे।

लोकसभा अध्यक्ष की अपील के बाद भी जारी रहा हंगामा

लोकसभा में पूर्वाह्न कार्यवाही शुरू होते ही दिवंगत सांसदों को श्रद्धांजलि दी गयी। इसके तुरंत बाद कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के सांसदों ने नीट पेपर लीक और अन्य मुद्दों पर चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष से अपनी सीटों पर लौट कर सदन की कार्यवाही चलाने में सहयोग करने की अपील की, लेकिन हंगामा जारी रहा।

असम, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों में बाढ़ की गम्भीर स्थिति है, उस पर चर्चा होनी चाहिए : सैकिया

पीठासीन अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने विपक्ष से कहा कि सुबह से लगातार सदन बाधित किया जा रहा है, जबकि असम, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों में बाढ़ की गम्भीर स्थिति है और उस पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि शून्यकाल सांसदों के लिए जनहित के मुद्दे उठाने का महत्त्वपूर्ण अवसर होता है, लेकिन लगातार व्यवधान के कारण यह सम्भव नहीं हो पा रहा है। उनके अनुरोध के बावजूद हंगामा नहीं थमा और कार्यवाही दोपहर एक बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

राज्यसभा में भी कार्यवाही बार-बार हुई बाधित

उधर, राज्यसभा में भी नये सदस्यों के शपथ ग्रहण के बाद विपक्ष ने नीट पेपर लीक और जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों का मुद्दा उठाया। इसके चलते सदन की कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे तक स्थगित की गयी। बाद में कार्यवाही शुरू होने पर भी हंगामा जारी रहा और सदन कुछ ही मिनट चलने के बाद दोबारा स्थगित करना पड़ा। तीसरी बार भी कार्यवाही शुरू होने के एक मिनट के भीतर ही सदन स्थगित कर दिया गया।

इस तरह से संसद के मॉनसून सत्र के पहले दिन ही विपक्ष ने स्पष्ट संकेत दे दिये कि वह नीट पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था, छात्रों के प्रदर्शन और अन्य जनहित के मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति पर कायम रहेगा, जबकि सरकार महत्त्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराने की तैयारी में है। ऐसे में आगामी दिनों में संसद के दोनों सदनों में तीखी राजनीतिक टकराहट जारी रहने के आसार हैं।

पहले दिन नीट और राम मंदिर चढ़ावा मुद्दा रहा गर्म...

आवाज दबाई जा रही है और उन पर लाठीचार्ज किया गया। उन्होंने इस मामले पर सदन में चर्चा की मांग की।

उधर, लोकसभा में भी विपक्षी सांसदों ने नीट-यूजी पेपर लीक, अयोध्या के श्रीराम मंदिर चढ़ावा चोरी और अन्य मुद्दों पर चर्चा कराने की मांग को लेकर नारेबाजी की। कई सांसद पोस्टर और बैनर लेकर सदन में पहुंचे। लगातार हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही करीब 12 मिनट ही चल सकी, जिसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

उल्लेखनीय है कि संसद का मॉनसून सत्र 13 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान कुल 19 बैठकें प्रस्तावित हैं। सरकार इस सत्र में आयकर संशोधन विधेयक, राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम (संशोधन) विधेयक और उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक सहित सात महत्त्वपूर्ण विधेयकों को पारित कराने की तैयारी में है।

प्रधानमंत्री ने सांसदों से की सार्थक चर्चा की अपील...

पहले प्रधानमंत्री परम्परागत रूप से संसद परिसर में मीडिया को सम्बोधित कर सरकार की प्राथमिकताओं और सत्र के प्रति अपनी अपेक्षाएं साझा करते हैं।

उन्होंने मॉनसून सत्र की तुलना वर्षा ऋतु मॉनसून से की और कहा कि दोनों के सक्रिय होने पर उत्पादकता में वृद्धि आती है। इससे एक तरफ देश का और दूसरी तरफ जीव मात्र का कल्याण होता है। उन्होंने दोनों की सक्रियता की कामना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने अब विकास की नयी गति हासिल कर ली है और संसद अपनी सकारात्मक सोच के साथ मॉनसून सत्र में इसमें और ऊर्जा भर सकता है। उन्होंने कहा कि संसद का चलना, सार्थक चर्चा होना और देश को आगे ले जाने का प्रयास समय की मांग है। राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत विचारों को सदन में स्थान मिलता रहे, यह हम सब की जिम्मेदारी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक महीने में देश ने अनेक सिद्धियां हासिल की हैं, जिसने देशवासियों को गौरवान्वित किया है। ये उपलब्धियां राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और अंतरिक्ष के क्षेत्र में हैं। इनमें राजस्थान में तेल रिफाइनरी का उद्घाटन, तीसरे सेमीकंडक्टर प्लांट की लॉन्चिंग और ग्रीन हाइड्रोजन ट्रेन शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने एक युवा स्टार्टअप स्काई रूट की ओर से निजी रॉकेट अंतरिक्ष में लॉन्च किये जाने की उपलब्धि का जिक्र करते हुए कहा कि इस स्टार्टअप में काम करनेवाले लोगों की औसतन आयु 28 वर्ष है। यह दर्शाता है कि भारत के युवाओं की क्षमता और आकांक्षा अंतरिक्ष जितनी असीम है।

उन्होंने कहा, 'ये उपलब्धियां भारत को आत्मविश्वास से भरती हैं और विश्व में भारत का प्रोफाइल सर्वमान्य बनाती हैं। रिफॉर्म एक्सप्रेस के कारण ही युवा आज इतना बड़ा काम कर पा रहे हैं।'

वन क्षेत्रों का टेक्निकल व डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करें : हेमन्त सोरेन...

अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि पौधरोपण केवल संख्या बढ़ाने तक सीमित न रहे, बल्कि उपयोगिता आधारित और स्थानीय इको सिस्टम के अनुरूप हो। उन्होंने कहा कि ऐसे वृ

एक झलक

एसडीएम अभिनव सिवाच ने सुनीं लोगों की समस्याएं

श्रीओम शर्मा

बहादुरगढ़ : उपमंडल अधिकारी (ना.) अभिनव सिवाच की अध्यक्षता में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनी गईं। शिविर में विभिन्न शिकायतें दर्ज की गईं। समाधान शिविर में पुलिस विभाग, नगर परिषद, जन स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) तथा राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। एसडीएम अभिनव सिवाच ने संबंधित अधिकारियों को सभी शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। प्रशासन लोगों की शिकायतों के निस्तारण के लिए पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है, ताकि नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिल सकें। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

डिलीवरी ब्वॉय को मिला साहित्यिक सम्मान

बीजिंग : चीन में फूड डिलीवरी का काम करने वाले 56 वर्षीय वांग जिबिंग को देश के सबसे प्रतिष्ठित साहित्यिक सम्मानों में से एक लू शुन साहित्य पुरस्कार मिला है। उनकी कविता संग्रह लो फ्लाइट को यह सम्मान दिया गया है। इस किताब की कई कविताएं उन्होंने फूड डिलीवरी के बीच मिले खाली समय में कागज के छोटे-छोटे टुकड़ों पर लिखी थीं। वांग 2019 के आसपास फूड डिलीवरी राइडर बने थे। उनकी कविताएं सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय हुए। उनकी नई किताब लो फ्लाइट डिलीवरी राइडर्स की रोजमर्रा की परेशानियों, संघर्ष और जीवन पर आधारित है। यह किताब उन्होंने 2024 में प्रकाशित की थी। इसके लिए उन्होंने करीब 200 डिलीवरी राइडर्स से बातचीत की और उनके अनुभवों को अपनी कविताओं में दर्ज किया।

दिग्गज सुन्नी मौलवी मोहम्मद अनवर की हत्या

तेहरान : ईरान में एक बड़े सुन्नी मौलवी की हत्या कर दी गई है। मिजार्वेह प्रांत के गवर्नर ने बताया कि अज्ञात हथियारबंद लोगों ने शहर की अली इब्न अबी तालिब मस्जिद में सुन्नी मौलवी मोहम्मद अनवर रीगी की हत्या कर दी है। उन्होंने इसे आतंकी हमला करार दिया है। मिजार्वेह ईरान के दक्षिण पश्चिमी प्रांत का इलाका है। उन्होंने कहा कि कुछ हथियारबंद आतंकियों ने उसकी हत्या की है। सुन्नी धर्मगुरु मौलवी अनवर रीगी की जब हत्या की गई तो ईरान के स्थानीय समय के अनुसार सुबह के 4 बज रहे थे। इसलिए इस घटना को लेकर कई थ्योरीज चल रही है। मौलवी मोहम्मद अनवर रिगी ईरान के बलूचिस्तान प्रांत के मिजार्वेह शहर में सुन्नी समुदाय के एक प्रमुख नेता थे। वे मस्जिद अली इब्न अबी तालिब के इमाम-ए-जुम्मा थे। वे बलूच समुदाय के एक मौलवी थे। ईरान में सुन्नी आबादी वाले क्षेत्रों (खासकर बलूचिस्तान) में वे स्थानीय स्तर पर धार्मिक गतिविधियों से जुड़े रहे।

एंडी बर्नहैम ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का सम्भाला पद

लंदन : ब्रिटेन में सोमवार को एंडी बर्नहैम ने नए प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया। वह पिछले 10 साल में ब्रिटेन के सातवें प्रधानमंत्री बने हैं। उन्होंने देश की राजनीतिक और प्रशासनिक व्यवस्था में बड़े बदलाव का वादा करते हुए कहा है कि उनकी सरकार लोगों की रोजमर्रा की समस्याओं, जैसे महंगाई और खराब सार्वजनिक सेवाओं पर सबसे ज्यादा ध्यान देगी। पूर्व प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने 10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर विदाई भाषण देने के बाद किंग चार्ल्स को अपना इस्तीफा सौंपा। इसके बाद ग्रेटर मैनचेस्टर के पूर्व मेयर एंडी बर्नहैम ने किंग से मुलाकात की और औपचारिक रूप से प्रधानमंत्री पद की जिम्मेदारी संभाली।

अन्नाद्रमुक विधायक सीवी शण्मुगम के नेतृत्व में 1,300 से अधिक पदाधिकारियों का सामूहिक इस्तीफा

एजेंसी

चेन्नई : तमिलनाडु की प्रमुख विपक्षी पार्टी अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (अन्नाद्रमुक) में अंदरूनी मतभेद एक बार फिर खुलकर सामने आ गए हैं। पार्टी के पूर्व मंत्री और मयिलम विधानसभा क्षेत्र से विधायक सी.वी. शण्मुगम के नेतृत्व में 1,300 से अधिक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सोमवार को अपने संगठनात्मक पदों से सामूहिक इस्तीफा दे दिया। सभी ने चेन्नई स्थित अन्नाद्रमुक मुख्यालय पहुंचकर अपने इस्तीफे कार्यालय प्रबंधक महालिंगम को सौंप दिए। सी.वी. शण्मुगम अपने समर्थकों के साथ पार्टी महासचिव एडप्पडी के. पलानीस्वामी से मुलाकात करने के लिए मुख्यालय पहुंचे थे। हालांकि, पलानीस्वामी के वहां मौजूद नहीं होने के कारण उन्होंने अपने इस्तीफे कार्यालय प्रबंधक के माध्यम से जमा कराए।

बताया जा रहा है कि हाल ही में हुए संगठनात्मक फेरबदल में सी.वी. शण्मुगम को जिला सचिव का पद नहीं दिए जाने से उनका गुट नाराज था। पार्टी के भीतर एडप्पडी के. पलानीस्वामी और सी.वी. शण्मुगम के बीच लंबे समय से मतभेद चल रहे हैं। इस दौरान एस.पी. वेलुमणि के नेतृत्व वाले गुट का भी नेतृत्व से टकराव रहा था।

इसी क्रम में एडप्पडी के. पलानीस्वामी ने तमिलगा वेत्रि कड़गम (टीवीके) के समर्थन में काम करने के आरोप में

सी.वी. शण्मुगम समर्थक कई नेताओं और कार्यकर्ताओं को पार्टी से निष्कासित करने का आदेश दिया था। बाद में एस.पी. वेलुमणि के नेतृत्व वाला गुट नेतृत्व के साथ समझौते के बाद दोबारा सक्रिय हो गया और उसे संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। पार्टी नेतृत्व ने एस.पी. वेलुमणि और नथम विश्वनाथन को अन्नाद्रमुक का उप महासचिव नियुक्त किया, जबकि सी.वी. शण्मुगम और उनके समर्थकों को कोई प्रमुख संगठनात्मक जिम्मेदारी नहीं मिली। इससे शण्मुगम गुट की नाराजगी और बढ़ गई, जिसके बाद उन्होंने सामूहिक रूप से अपने पदों से इस्तीफा देने का निर्णय लिया।

इस्तीफा देने से पहले सी.वी. शण्मुगम और उनके समर्थकों ने चेन्नई स्थित पूर्व मुख्यमंत्री एवं अन्नाद्रमुक की पूर्व महासचिव जे. जयललिता के स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद सभी मुख्यालय पहुंचे और अपने इस्तीफे सौंप दिए।

शण्मुगम समर्थकों का दावा है कि तिंदिवनम, मयिलम, विक्रवंडी और सेंजी सहित विभिन्न क्षेत्रों के 18 से अधिक यूनियन सचिवों के अलावा राज्य, जिला, नगर और अन्य संगठनात्मक इकाइयों के बड़ी संख्या में पदाधिकारियों ने भी अपने पदों से इस्तीफा दिया है।

इस दौरान पार्टी मुख्यालय के बाहर शण्मुगम समर्थकों ने एडप्पडी के. पलानीस्वामी के खिलाफ नारेबाजी भी की। ₹अन्नाद्रमुक को बर्बाद मत करो₹ और ₹यह जिद क्यों?₹ जैसे नारों से मरीना क्षेत्र में कुछ समय के लिए तनावपूर्ण माहौल बन गया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह घटनाक्रम आगामी चुनावों से पहले अन्नाद्रमुक की अंदरूनी चुनौतियों को और गहरा सकता है।

भारत-मोल्दोवा के बीच बहु-क्षेत्रीय सहयोग को मिली नयी दिशा

एजेंसी

नयी दिल्ली : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अपनी तीन देशों की राजकीय यात्रा के पहले चरण में सोमवार को मोल्दोवा की राजधानी चिशिनाउ में राष्ट्रपति माया सैंडू के साथ द्विपक्षीय और शिष्टमंडल स्तर की वार्ता की। दोनों नेताओं ने कृषि, स्वास्थ्य, औषधि, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), नवाचार, लॉजिस्टिक्स और आधारभूत ढांचे सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति मुर्मु रविवार को चिशिनाउ पहुंचीं। उनके साथ केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री निमुबेन जयंतीभाई बंभानिया, राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा और लोकसभा सदस्य विजय बघेल भी हैं। चिशिनाउ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मोल्दोवा के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री मिहाई पोपशोई ने उनका स्वागत किया। बाद में राष्ट्रपति मुर्मु मोल्दोवा के राष्ट्रपति भवन पहुंचीं, जहां मोल्दोवा की राष्ट्रपति माया सैंडू ने उनका औपचारिक स्वागत किया। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच एकांत वार्ता और शिष्टमंडल स्तर की बातचीत हुई, जिसमें द्विपक्षीय संबंधों के सभी प्रमुख पहलुओं पर व्यापक और भविष्य उन्मुख चर्चा की गई।

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि किसी भारतीय राष्ट्रपति की पहली राजकीय मोल्दोवा यात्रा दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह भारत और मोल्दोवा के बीच बढ़ती मित्रता तथा आपसी विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भौगोलिक दूरी के बावजूद दोनों देशों के बीच पिछले तीन दशकों से सौहार्दपूर्ण संबंध रहे हैं और शांति, विकास तथा

उप प्रधानमंत्री मिहाई पोपशोई ने किया मुर्मू का स्वागत

नयी दिल्ली : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन देशों की राजकीय यात्रा के पहले चरण में सोमवार को मोल्दोवा की राजधानी चिशिनाउ पहुंच गईं। चिशिनाउ पहुंचने पर यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मोल्दोवा के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री मिहाई पोपशोई ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की पहली मोल्दोवा की यात्रा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राष्ट्रपति मुर्मु के मोल्दोवा पहुंचने की जानकारी दी। राष्ट्रपति के आधिकारिक एक्स अकाउंट से लिखा गया कि राष्ट्रपति मुर्मु के मोल्दोवा, उत्तर मैसेडोनिया और रोमानिया की अपनी राजकीय यात्रा के पहले चरण में मोल्दोवा की राजधानी चिशिनाउ पहुंचने पर मोल्दोवा के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री मिहाई पोपशोई ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रपति मुर्मू सोमवार को मोल्दोवा की राष्ट्रपति माया सैंडू के साथ शिष्टमंडल स्तर की वार्ता करेंगी। इसके अलावा वह मोल्दोवा की संसद के अध्यक्ष इगोर ग्रोसू से मुलाकात करेंगी और मोल्दोवा-भारत संसदीय मैत्री समूह के सदस्यों के साथ बातचीत करेंगी। उनका व्यापार मंच को संबोधित करने तथा मोल्दोवा में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों से मिलने का भी कार्यक्रम है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति मुर्मु 19 से 25 जुलाई तक मोल्दोवा, उत्तर मैसेडोनिया और रोमानिया की राजकीय यात्रा पर हैं। यात्रा के दूसरे चरण में वह 21 जुलाई को उत्तर मैसेडोनिया पहुंचेंगी, जहां राष्ट्रपति गोडार्ना सिलजानोव्स्का-दावकोवा के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगी।

अंतरराष्ट्रीय सहयोग के साझा मूल्यों ने इस साझेदारी को निरंतर मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि आर्थिक सहयोग दोनों देशों की साझेदारी का महत्वपूर्ण आधार है। व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने, आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक सुदृढ़ बनाने, संपर्क बढ़ाने तथा दोनों देशों के कारोबारी समुदायों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने मोल्दोवा के पेशेवरों के लिए भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण सीटों की संख्या दोगुनी करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इसमें एआई और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों से जुड़े विशेष पाठ्यक्रम भी शामिल होंगे। उन्होंने मोल्दोवा के राजनयिकों को भारत के विदेश सेवा संस्थान में एआई और साइबर कूटनीति पर विशेष पाठ्यक्रमों में भाग लेने का भी आमंत्रण दिया।

राम मंदिर ट्रस्ट की बैठक कल

तीन नये ट्रस्टियों के नाम होंगे तय

■ सीईओ की नियुक्ति और सीएजी रिपोर्ट पर भी होगा मंथन

एजेंसी

अयोध्या : श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की अगली बैठक 22 जुलाई को आयोजित होने जा रही है। इस बार यह बैठक मणिराम दास छावनी में दो चरणों में संपन्न होगी। पहली बैठक तीन बजे होगी, इसमें ट्रस्ट में खाली हुए तीन सदस्यों के पद पर नए सदस्यों के नाम पर स्वीकृति दी जाएगी। दूसरी बैठक शाम चार बजे से प्रारंभ होगी। इसमें राम जन्मभूमि परिसर की व्यवस्था, सीईओ के नियुक्ति प्रक्रिया व अन्य कार्यों पर मंथन किया जाएगा। वहीं, ट्रस्ट के सदस्य महंत दिनेंद्र दास के अनुसार रिक्त पड़े तीन पदों पर नए सदस्यों के नाम तय हो चुके हैं।

सूत्रों के मुताबिक मुख्य बैठक से पहले तीन बजे होने वाली बैठक में ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास व अंतरिम महासचिव कृष्ण मोहन समेत अन्य सदस्य ही मौजूद रहेंगे। इसमें सबसे पहले ट्रस्ट में रिक्त पड़े तीन

सदस्य के पदों पर नए सदस्यों के नाम की चर्चा कर उसे अंतिम रूप दिया जाएगा। साथ ही मंदिर में नियुक्त होने वाले मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर योग्य आवेदनकर्ता का चयन भी किया जा सकता है। हालांकि माना जा रहा है कि इसके लिए ट्रस्ट द्वारा गठित चयन समिति अभी इसके लिए तैयार नहीं है। आवेदक ज्यादा होने पर अंतिम तीन नामों को चयनित करने में दिक्कतें आ रही है।

वहीं, चार बजे आयोजित होने वाली मुख्य बैठक में अयोध्या के कुछ प्रमुख साधु-संतों को भी विशेष आमंत्रित सदस्यों के रूप में आमंत्रित किया जा सकता है। इन सबके समक्ष पहली बैठक में तय किए गए एजेंडे को रखा जा सकता है। उसके बाद ही अंतिम निर्णय लिया जा सकता है। इस बैठक में ट्रस्ट द्वारा विभिन्न समितियों के पुनर्गठन पर भी विचार किया जाएगा।

सीएम को धमकी देने वाले विधायक गिरफ्तार

चेन्नई : विलाथिकुलम के डीएमके विधायक जीवी मार्कंडेयन को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उन पर कोविलपट्टी में एक जनसभा के दौरान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के बारे में धमकी भरे और विवादित बयान देने का आरोप है। उन्होंने कहा था कि विजय की हड्डियां तोड़ देंगे। इस भाषण के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। वीडियो के वायरल होने के बाद टीवीके पदाधिकारियों और समर्थकों ने पुलिस स्टेशनों में शिकायतें दर्ज कराईं और कड़ा विरोध जताया। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए विलाथिकुलम के डीएसपी सुंदरपांडियन, जिला क्राइम ब्रांच के डीएसपी कन्नन और पुलिसकर्मियों की एक बड़ी टीम विलाथिकुलम के अंबाला नगर में विधायक मार्कंडेयन के घर पहुंची।

अर्जुन संग रिश्ते की अफवाहों पर साहिबा बाली ने तोड़ी चुप्पी

मुम्बई : अभिनेता अर्जुन कपूर एक बार फिर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए तीसरे वनडे मैच के दौरान उन्हें अभिनेत्री साहिबा बाली के साथ देखा गया। दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उनके रिश्ते को लेकर डेटिंग की अटकलें तेज हो गईं। हालांकि, साहिबा ने इन अफवाहों पर अपने खास अंदाज में प्रतिक्रिया देते हुए सभी चर्चाओं पर विराम लगाने की कोशिश की।

साहिबा बाली ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अर्जुन कपूर के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, 'हर बात पर यकीन मत करो, भाग 2।' उनके इस मजाकिया पोस्ट को डेटिंग की अफवाहों का जवाब माना जा रहा है। अभिनेत्री ने बिना किसी औपचारिक बयान के हल्के-फुल्के अंदाज में इन खबरों को खारिज करने का संकेत दिया। सोशल मीडिया पर फैंस भी उनके इस अंदाज की सराहना कर रहे हैं। साहिबा बाली ने अपने अभिनय करियर की शुरूआत 2018 में फिल्म 'लैला मजनू' से की थी। इसके बाद वह 'बार्ड ऑफ ब्लड', 'तनाव' और 'अमर सिंह चमकीला' जैसी परियोजनाओं में नजर आ चुकी हैं।

हर प्रश्न का हल योगदा परम्परा से जुड़े गुरुओं के पास : स्वामी सदानन्द

कृष्ण बिहारी मिश्र

आप जब किसी मुसीबत या बड़ी उलझन में हों या कोई ऐसे प्रश्न का हल ढूंढना चाह रहे हों, जो आपके जीवन के लिए अत्यन्त आवश्यक है, तो उस प्रश्न का हल ईश्वर पर छोड़िए। ईश्वर से उन प्रश्नों का हल ढूंढिए। आप पायेंगे कि आपके प्रश्नों का हल निकल गया। ठीक उसी प्रकार जैसे परमहंस योगानन्द को जब अमरीका जाना था, तब उनके मन में नाना प्रकार के सवाल उठ रहे थे। उन्होंने उन प्रश्नों का हल जानना चाहा। वह ध्यानमग्न हो गये और तब तक ध्यानमग्न रहे, जब तक उनके प्रश्नों का हल नहीं निकल गया। ये बातें रविवार को रांची स्थित योगदा सत्संग आश्रम में आयोजित रविवारीय सत्संग को सम्बोधित करते हुए स्वामी सदानन्द गिरि ने योगदा भक्तों के बीच में कहीं।

उन्होंने कहा कि जैसे ही परमहंस योगानन्द जी अपने प्रश्नों को लेकर ध्यान की गहराइयों में गये, उन्होंने पाया कि महावतार बाबाजी उनके सामने खड़े हैं और कह रहे हैं कि तुम्हारे सारी प्रश्नों का भान उन्हें है। तुम्हें अपने गुरुओं की बात माननी चाहिए और अमरीका जाने की तैयारी करनी चाहिए। वहां तुम्हारा संरक्षण किया जायेगा। महावतार बाबाजी को अपने पास देख, परमहंस योगानन्द अभिभूत हो गये। जब वह जाने लगे, तब परमहंस योगानन्द जी भी उनके साथ जाने लगे। तब बाबाजी ने उनसे कहा कि उन्हें उनका पीछा करने की जरूरत नहीं। तभी परमहंस योगानन्द जी ने पाया कि उनके पांव वहीं स्थिर हो चुके हैं, आगे नहीं बढ़ रहे। बाद में महावतार बाबाजी ने उन्हें आशीर्वाद दिया और परमहंस योगानन्द जी की अमरीका यात्रा सफल हुई।

स्वामी सदानन्द गिरि ने दया माता जी के बारे में बताया कि जब वह 1963-64 में भारत आयी, तो उन्होंने रानीखेत स्थित महावतार बाबाजी की गुफा का दौरा किया था। लेकिन, उस वक्त विदेशियों को वहां जाने पर प्रतिबंध था। फिर भी उन्होंने मन की गहराइयों से महावतार बाबाजी को याद किया और महावतार बाबाजी ने उन्हें काठगोदाम स्टेशन पर ही दर्शन दे दिये। जब वह गुफा पहुंची थी, तब उन्होंने महावतार बाबाजी से पूछा था कि वह उन्हें किस रूप में याद करें। महावतार बाबाजी ने बताया कि उनका स्वभाव ही प्रेम है और तुरन्त दया माता ने पाया कि उनका हृदय प्रेम की लाखों तरंगों से भर उठा। ऐसा लगा कि उन लाखों प्रेम की तरंगों से उनका हृदय फट जायेगा। स्वामी सदानन्द गिरि ने कहा कि दयामाता के शब्दों में, दयामाता ने उस वक्त ध्यानमग्न

होकर महावतार बाबाजी से पूछा था कि आखिर बोर्ड ऑफ डायरेक्टर ने उन्हें एसआरएफ के प्रमुख के रूप में क्यों चुना। तब महावतार बाबाजी ने उन्हें कहा था कि उन्हें अपने गुरुओं के आदेश पर कभी संशय नहीं करना चाहिए। उस वक्त वह आनन्दमयी शांति से परिपूर्ण थी और जब उनका ध्यान टूटा, तो उन्हें पता चला कि वह यहां पूर्व में भी कई बार आ चुकी हैं। उनके सामने पूर्व जन्म की कई स्मृतियां भान हो उठीं। वह जहां भी गयीं, महावतार बाबाजी ही दिखे।

उन्होंने कहा कि दयामाता ने उस दौरान वहां के ग्रामीणों के बीच प्रवचन भी किया और जब वहां के डाक बंगला में ठहरीं, तो उन्होंने देखा कि उनका कमरा नीले प्रकाश से भर उठा है। बाबाजी ने उनसे कहा था कि यहां किसी को आने की जरूरत नहीं। वह तो सभी के साथ हैं। स्वामी सदानन्द जी ने एक और बात बतायी कि केवलानन्द जी ने बताया था कि एक बार एक शिष्य महावतार बाबाजी को ढूंढते-ढूंढते वहां पहुंच गया, जहां महावतार बाबाजी अपने शिष्यों के साथ बैठे थे। उस शिष्य ने कहा कि मैं आपको जान गया हूं, आप ही महावतार बाबाजी हैं। आप मुझे अपना शिष्य बना लीजिए। महावतार बाबाजी ने कहा कि पहले तुम इस पहाड़ से छलांग लगाओ, तब तुम्हें शिष्य बनाऊंगा। फिर क्या था, उक्त शिष्य ने पहाड़ से छलांग लगा दी। महावतार बाबाजी जी ने अपने शिष्यों से उक्त शिष्य को जिसने पहाड़ से छलांग लगायी थी, उसे ढूंढ कर लाने को कहा। शिष्यों ने उसके मृत शरीर को महावतार बाबाजी के पास ले आये। महावतार बाबाजी ने उसके शरीर को स्पर्श किया और वह शिष्य जी उठा। इसके बाद महावतार बाबाजी ने कहा कि अब तुम हमारे शिष्य बनने लायक हो गये हो। सदानन्द जी ने कहा कि यह घटना बताती है कि कभी भी गुरु के आदेश पर विवाद या शंका नहीं करनी चाहिए। गुरु के आदेश का पालन निर्विवाद रूप से हर हालत में करना चाहिए, जैसा कि उक्त शिष्य ने किया। बिना संशय किये, महावतार बाबाजी के आदेश का पालन किया और पहाड़ से छलांग लगा दी। अगर वह शिष्य थोड़ी भी शंका करता, तो महावतार बाबाजी की उस पर कृपा नहीं बरसती। इसलिए हमें अपने गुरु परमहंस योगानन्द जी के आदेश का अक्षरशः पालन करना चाहिए, क्योंकि एक ईश्वर से आत्मसाक्षात्कार किया। गुरु ही हमें ईश्वर के पास ले जा सकता है। हमें बिना देर किये ईश्वर की खोज में लग जाना चाहिए और अपने गुरु के आदेश का पालन करना चाहिए।

स्वामी जी ने कहा

■ जब संकट आये, तो गुरुओं के द्वार खटखटायें, हल अवश्य निकलेगा

स्वामी सदानन्द जी ने कहा कि हमारे गुरु हृदय में रहते हैं और वह हमारे विचारों को जानते हैं, उन्हें धोखा देना, स्वयं को धोखा देने के बराबर है। उन्होंने कहा कि महावतार बाबाजी जैसे गुरु तो कई शताब्दियों से जनकल्याण के लिए शरीर धारण किये हुए हैं। जो भी महापुरुष का जन्म होता है, वे उनकी सहायता के लिए वहां मौजूद रहते हैं। कभी ईसा और कबीर को भी इन्होंने ही क्रिया योग की दीक्षा दी थी। उन्होंने कहा कि महावतार बाबाजी मृत्युंजय हैं। वह इच्छानुसार शरीर धारण करने में समर्थ हैं। इनके ऊपर उम्र का कोई प्रभाव नहीं हैं। उनके बाल ताम्र के रंग के समान दिखते हैं। लाहिड़ी महाशय के कथनानुसार, महावतार बाबाजी का कोई भी नाम लेता है, तो वह तत्क्षण उनका आशीर्वाद ग्रहण कर लेता है। उन्होंने बताया कि जब लाहिड़ी महाशय पटना के दानापुर स्थित मिलिट्री छावनी के इंजीनियरिंग सेक्शन में एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत थे, तब महावतार बाबाजी ने उन्हें अपनी इच्छा से उनका स्थानान्तरण रानीखेत करवा दिया था। जब लाहिड़ी महाशय रानीखेत में महावतार बाबाजी से मिले, तो महावतार बाबाजी की कृपा से वह यह जाने कि वह जन्म-जन्मान्तर से महावतार बाबाजी के शिष्य रहे हैं। महावतार बाबाजी ने बताया कि लाहिड़ी महाशय के मृत्योपरांत भी उन्हें भूले नहीं। जब वह अपनी मां के गर्भ में रहे, जब उनका जन्म हुआ, जब वह नदियों के बालुओं में छिपे रहते, तो उस वक्त भी महावतार बाबाजी उनका ख्याल रखते थे।

स्वामी सदानन्द जी ने कहा कि जैसे महावतार बाबाजी ने लाहिड़ी महाशय का ख्याल रखा था, ठीक उसी प्रकार हमारे परमहंस योगानन्द जी भी हम सब का ख्याल रखते हैं। जब भी कोई भक्त शांत भाव से उन्हें पुकार रहा होता है, अपनी समस्याओं को उनके पास रख रहा होता है, वह महसूस करता है कि परमहंस योगानन्द जी उसके आस पास ही खड़े हैं। लेकिन, उसके लिए ध्यान में गहराई होना चाहिए। उस भक्त को क्रिया योग का नियमित अभ्यास करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने मन की चंचलता पर रोक लगाना चाहिए, अपनी उत्तेजना पर रोक लगानी चाहिए। अगर आप ध्यान कर रहे हैं, क्रिया योग में मन लगा रहे हैं और उससे कुछ नयी चीजें आपको प्राप्त हो रही हैं, तो आप उसे अपने मन में ही रखें, किसी को शेयर न करें; नहीं तो आपको प्राप्त हुईं वे विशेष चीजें कब गायब हो जायेंगी, आपको पता भी नहीं चलेगा।

स्वामी सदानन्द ने कहा कि ध्यान के समय कुछ जब आपके साथ अलौकिक घटना घटे, तो उस अलौकिक घटना को डबल करने का प्रयास करें, न कि शेयर करने लगें। ध्यान मार्ग में जितना भी आप आगे बढ़ें, उसका प्रचार-प्रसार न करें और न ही उसका घमंड करें। स्वयं को ईश्वर के समक्ष बच्चों की भांति रखें। अगर कुछ नहीं भी प्राप्त हो रहा है, फिर भी मन में यह विश्वास रखें कि एक न एक दिन आपका प्रयास रंग लायेगा। ईश्वर की प्राप्ति अवश्य होगी। यही धारणा और आपका दृढ़ विश्वास आपको ईश्वर के समक्ष ला खड़ा करेगा। हमेशा याद रखिए कि ईश्वर की ओर जानेवाला मार्ग कोई सर्कस नहीं।

(लेखक बिहार-झारखण्ड के वरिष्ठ पत्रकार एवं विद्रोही24 के सम्पादक हैं।)